

सूर्योदय प्रातः 6:20 | सूर्यास्त संध्या 5:46 | पखवाड़ा फाल्गुन कृ. पंचमी, संवत 2081 | तापमान अधिकतम 29° न्यूनतम 14°



# फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

रांची, सोमवार, 17 फरवरी 2025, वर्ष : 16, अंक : 08, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : avnpost.com/freedom-fighter


**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 75,939.21 | -199.76 (-0.26%) |
| निफ्टी | 22,929.25 | -102.15 (-0.44%) |

**सर्राफा बाजार** प्रति 10 ग्राम

| | |
|---|---|
| सोना (24 carat) | 84,680.00 |
| चांदी | 1080.00 |

## जनजातीय विरासत को प्रस्तुत और प्रोत्साहित करने में प्रमुख है आदि महोत्सव का आयोजन : राष्ट्रपति

■ मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में शुरू हुआ आदि महोत्सव 2025

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को कहा कि आदि महोत्सव जनजातीय विरासत को प्रस्तुत करने और उसे प्रोत्साहित करने का एक प्रमुख आयोजन है। ऐसे उत्सव, जनजातीय समाज के उद्यमियों, शिल्पकारों और कलाकारों को बाजार से जुड़ने का बहुत अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। जनजातीय मामलों के मंत्रालय के तहत भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड ( ट्राइफेड ) 16-24 फरवरी तक मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नयी दिल्ली में प्रतिष्ठित आदि महोत्सव 2025 का शुभारम्भ हो गया। राष्ट्रपति मुर्मू आज मुख्य अतिथि के रूप में इस महोत्सव के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं। कार्यक्रम में जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम भी मौजूद रहे। इस महोत्सव में 600 से अधिक आदिवासी कारीगर, 500 प्रदर्शनकारी कलाकार भाग ले रहे हैं। इस मौके पर 25 आदिवासी खाद्य स्टॉल भी लगाये गये हैं। यहां 30 से अधिक राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की विविध परम्पराओं का प्रतिनिधित्व भी है। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि जनजातीय समाज की शिल्प-कलाएं,




खान-पान, वस्त्र और आभूषण, चिकित्सा पद्धतियां, घरेलू उपकरण तथा खेल-कूद हमारे देश की अनमोल धरोहर हैं। वे न केवल पारम्परिक हैं, बल्कि आधुनिक और वैज्ञानिक भी हैं। वे पर्यावरण के साथ एक प्राकृतिक सद्भाव प्रदर्शित करते हैं और एक स्थायी जीवन शैली का अनुकरण करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में आदिवासी समुदायों के व्यापक विकास के लिए कई प्रभावी कदम उठाये गये हैं। किसी भी समाज के विकास में शिक्षा की भूमिका सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण होती है। यह प्रसन्नता की बात है कि देश में 470 से अधिक एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से लगभग सवा लाख आदिवासी बच्चों को स्कूली शिक्षा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन अभियान के तहत विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदाय के लगभग 28 लाख लोगों को लाभ पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं। बड़े पैमाने पर अभियान की सफलता का विस्तार करने के लिए, और यह सुनिश्चित करने के लिए कि जनजाती समुदायों के 05 करोड़ से अधिक लोग सरकारी पहलों से लाभान्वित होते हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## हिन्दू समाज को संगठित कर रहा संघ : भागवत

■ संघ प्रमुख ने पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान में स्वयंसेवकों को किया सम्बोधित

एजेंसी

**कोलकाता :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि संघ का कार्य महात्मा बुद्ध के राष्ट्र निर्माण प्रयासों की तरह ही है। जिस तरह महात्मा बुद्ध ने समाज को एकजुट कर आध्यात्मिक और नैतिक उत्थान की नींव रखी थी, उसी तरह संघ भी पूरे हिन्दू समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। वह रविवार को पश्चिम बंगाल के बर्द्धमान में स्वयंसेवकों के एक समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि संघ पूरे हिन्दू समाज को एकजुट करना चाहता है। यह समाज केवल अपने लिए नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए उत्तरदायी है। भारत की अपनी एक प्रकृति है, जो इसे विशेष बनाती है। जो इस प्रकृति के साथ नहीं रह सकते थे, उन्होंने अपना अलग देश बना लिया। लेकिन जो यहां रहे, वे भारत की इस मूल आत्मा से जुड़े हुए हैं। भारत केवल एक भूगोल नहीं, बल्कि एक स्वभाव है, जो 15 अगस्त 1947 से बहुत पहले से अस्तित्व में है। हम किसी राजा को नहीं, बल्कि उस राजा को याद करते हैं, जिसने अपने पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए 14 साल तक वनवास सहन किया। जब तक यह प्रकृति बनी रहेगी, तब तक भारत रहेगा। हिन्दू समाज और भारत एक ही हैं। उन्होंने कहा कि भारत को किसी बाहरी शक्ति ने नहीं बनाया, बल्कि



### विदेशी ताकतें कर रही हैं भारत को तोड़ने का जिक्र

**मोहन** भागवत ने भारत पर हुए विदेशी आक्रमणों का जिक्र करते हुए कहा कि सिकंदर के समय से ही विदेशी ताकतें भारत को तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। मुट्ठीभर लोग आते हैं, हमसे श्रेष्ठ नहीं होते, लेकिन हम पर शासन कर जाते हैं। इसका कारण आपसी फूट और गद्दारी है। यह इतिहास बार-बार दोहराया गया है और अब इसे रोकना होगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ साल पूरे होनेवाले हैं। संघ का उद्देश्य केवल अपने स्वयंसेवकों को संगठित करना नहीं, बल्कि सम्पूर्ण हिन्दू समाज को एकजुट करना है। हम कोई पुरस्कार या प्रसिद्धि पाने के लिए यह कार्य नहीं कर रहे, बल्कि भारत के उत्थान में अपना योगदान देने के लिए कर रहे हैं। संघ के स्वयंसेवक बिना किसी स्वार्थ के कार्य करते हैं और यह उनके संस्कारों और विचारों का परिणाम है। हमारा काम समाज को संगठित करना और राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है।

यह हजारों सालों से एक सशक्त राष्ट्र के रूप में विद्यमान है। महात्मा गांधी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि गांधी जी ने भी एक साक्षात्कार में कहा था कि अंग्रेजों ने हमें बताया कि भारत उन्होंने बनाया है, लेकिन यह पूरी तरह गलत है। भारत सदियों से अस्तित्व में है, विविधतापूर्ण, लेकिन एकजुट है। सरसंघचालक ने स्पष्ट किया कि संघ के प्रति कई लोगों की गलतफहमी है, लेकिन वास्तव में संघ केवल समाज को संगठित करने का कार्य कर रहा है। हमारी 70 हजार से अधिक शाखाएं हैं। हम इन्हें इसलिए आगे बढ़ा रहे हैं, ताकि समाज और राष्ट्र को लाभ मिले। भागवत ने यह भी स्पष्ट किया कि संघ की शाखाएं लगातार बढ़ रही हैं और वह बंगाल में भी अपना विस्तार जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि बंगाल हमेशा से भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का केन्द्र रहा है और यहां हिन्दू समाज को संगठित करना और भी महत्त्वपूर्ण हो जाता है। उल्लेखनीय है कि भागवत की रैली को बंगाल पुलिस ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था, लेकिन कलकत्ता हाईकोर्ट की मंजूरी के बाद यह आयोजन सम्भव हो पाया।

## भारत को विकसित बनाने में कपड़ा क्षेत्र का भी होगा बड़ा योगदान : मोदी

■ नयी दिल्ली के भारत मंडपम् में आयोजित 'भारत टेक्स-2025' कार्यक्रम को प्रधानमंत्री ने किया सम्बोधित

■ 14 से 17 फरवरी तक चलनेवाले वैश्विक स्तर के भारत टेक्स आयोजन में 120 से अधिक देश ले रहे हैं भाग

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था में सदियों से कपड़ा उद्योग की बड़ी भूमिका रही है। वर्तमान में भारत को विकसित बनाने में भी कपड़ा क्षेत्र का बड़ा योगदान रहनेवाला है। भारत टेक्स जैसे आयोजन इस क्षेत्र में भारत की स्थिति को मजबूत बना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित 'भारत टेक्स-2025' कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। वैश्विक स्तर का यह आयोजन 14 से शुरू हुआ था और 17 फरवरी तक चलेगा। भारत टेक्स में 120 से अधिक देश भाग ले रहे हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया का छठा सबसे बड़ा कपड़ा और परिधान निर्यातक देश है। भारत का निर्यात 03 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। अब हमारा लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक हम इसे 09 लाख करोड़ रुपये तक लेकर जायें। भारत के कपड़ा क्षेत्र की समस्याओं का समाधान और सम्भावनाओं का सृजन हमारा संकल्प है। इसके लिए हम दूरदर्शी और लम्बे कालखंड के नवाचार पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले कुछ वर्षों में भारत की कपड़ा रिसाइक्लिंग बाजार 40 ● शेष पृष्ठ 11 पर



### न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला

## महाप्रबंधक हितेश मेहता 21 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में



एजेंसी

**मुंबई :** न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक में हुए 122 करोड़ घोटाला मामले में पूर्व महाप्रबंधक हितेश मेहता को रविवार को कोर्ट ने 21 फरवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। मेहता को शनिवार शाम को दहिसर स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया गया था। मुंबई पुलिस के आर्थिक अपराध शाखा ने मेहता पर 122 करोड़ की हेराफेरी करने के आरोप लगाया है। न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक के पूर्व महाप्रबंधक और लेखा प्रमुख हितेश मेहता के विरुद्ध मुंबई पुलिस ने शुक्रवार को मामला दर्ज किया था। इसके बाद शनिवार को सुबह पुलिस ने दहिसर स्थित हितेश मेहता के घर पर छापा मारा और तलाशी ली थी। पुलिस ने हितेश मेहता से उनके घर पर ● शेष पृष्ठ 11 पर

### चुराचांदपुर में 07 संदिग्ध केएनए विद्रोही गिरफ्तार

**चुराचांदपुर :** सुरक्षा बलों ने मणिपुर के सांगईकोट थाना क्षेत्र के ओल्ड खाउकुआल गांव के दक्षिणी इलाके में एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 7 संदिग्ध केएनए ( कुकी नेशनल आर्मी ) कैडरों को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सैखोगिन हाओकिप (37), डामलेन्मांग मेटे (25), सैखोमांग हाओकिप (25), थंगलमांग हाओकिप (27), जामखोसेई हाओकिप (32), लुंकोलाल खोंगसाई (34) और मंगखांगथांग किपजेन (35) के रूप में हुई है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## चेंज ऑफ गार्ड समारोह, अगले सप्ताह से बड़ी संख्या में लोग बनेंगे गवाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज सुबह नए प्रारूप में चेंज ऑफ गार्ड समारोह को राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में देखा। यह समारोह अगले शनिवार से बड़ी संख्या में आगंतुकों के लिए खुला रहेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के अनुसार नये प्रारूप में चेंज ऑफ गार्ड समारोह का रविवार को राष्ट्रपति भवन के फोरकोर्ट में आयोजित किया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने समारोह के उद्घाटन शो को देखा, जो हर शनिवार को होगा। चेंज ऑफ गार्ड समारोह को 22 फरवरी से बड़ी संख्या में आगंतुकों के लिए खुला रहेगा। लोग अब राष्ट्रपति भवन की पृष्ठभूमि के ● शेष पृष्ठ 11 पर



### पटाखा कंपनी में भीषण विस्फोट, दो की मौत

**नागपुर :** रविवार दोपहर महाराष्ट्र के नागपुर जिले के काटोल तालुका के कोतवालबड्डी में एक पटाखा कम्पनी में बड़ा विस्फोट हुआ है। यह विस्फोट एक निजी फटका कम्पनी में हुआ। विस्फोट के झटके लगभग 20 किलोमीटर के दायरे में महसूस किये गये। हालांकि, आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। इस भयानक आग में मध्यप्रदेश के दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गयी, जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया गया है कि आग एशियन फायर वर्क्स नामक कम्पनी में लगी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

## राफेल-एम से ज्यादा क्षमता वाला होगा डेक बेस्ड फाइटर, ले जा सकेगा ज्यादा हथियार

एजेंसी

**बेंगलुरु :** भारतीय नौसेना के एयरक्राफ्ट कैरियर से ऑपरेट करने के लिए फ्रांस से राफेल-एम जेट लेगा। साथ ही, देश में भी ट्विन इंजन फाइटर जेट पर काम चल रहा है। डीआरटीओ डबल इंजन डेक बेस्ड फाइटर (टीईडीबीएफ) पर काम कर रहा है। इसके प्रोजेक्ट के डायरेक्टर का कहना है कि टीईडीबीएफ फ्रांस के राफेल-एम से ज्यादा क्षमता वाला होगा। उन्होंने बताया कि जब एयरक्राफ्ट बनाये जाते हैं, तो उससे पहले पूरी डिटेल ली जाती है कि उसमें क्या-क्या चाहिए। 2022 में पहली बार इस पर चर्चा हुई थी, तब नौसेना की जरूरत भी जानी गयी और टीईडीबीएफ का प्लान तैयार किया गया था। ● शेष पृष्ठ 11 पर



## महाकुम्भ में बने रिकॉर्ड, लगातार 33 दिन तक रुद्री पाठ संहिता का हुआ 11,151 बार पाठन

■ महाकुम्भ में 26 लाख से अधिक रुद्री पाठ मंत्रोच्चार कर बनाये गये ऐतिहासिक रिकॉर्ड

■ महाकुम्भ में दिव्य ज्योति वेद मंदिर ने वैदिक मंत्रोच्चार से रचा इतिहास

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर :** प्रयागराज महाकुम्भ मेला में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के प्रकल्प दिव्य ज्योति वेद मंदिर ने एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कर इतिहास रच दिया है। यह रिकॉर्ड शिविर में 504 ब्रह्मज्ञान में दीक्षित वेदपाठियों के नॉन-स्टॉप 33 दिवस-रात्रि तक रुद्री संहिता का पाठन कर बनाया गया। एशिया और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के आधिकारिक निर्णायक प्रमिल द्विवेदी ने दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के अध्यक्ष, स्वामी आदित्यानंद और सचिव, स्वामी नरेन्द्रानन्द को रविवार को रिकॉर्ड का सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस सुअवसर पर आज अपने विचार साझा करते हुए द्विवेदी ने कहा, "संस्थान की यह पहल सराहनीय है। आज दिव्य ज्योति वेद मंदिर



को दो रिकॉर्ड्स से सम्मानित किया गया है। जिस शुद्ध उच्चारण एवं निःस्वार्थ भावना से इन वेदपाठियों ने यह असाधारण एवं ऐतिहासिक रिकॉर्ड को स्थापित किया है। मुझे विश्वास है कि यह भारतीय वैदिक संस्कृति को पोषित एवं पल्लवित करने में अपनी अग्रणीय भूमिका निभायेगा। उन्होंने बताया कि 14 जनवरी, 2025 को प्रातः 3:00 बजे से प्रारम्भ हुए इस रुद्रिपाठ का 16 फरवरी 2025 प्रातः 4:00 बजे समापन हुआ। इस रिकॉर्ड में कुल 566 ब्रह्मज्ञानी वेदपाठियों द्वारा शुक्ल यजुर्वेद से रुद्राष्टाध्यायी संहिता ( रुद्री पाठ ) का 11,151 बार पाठन किया गया, जिसमें कुल 26,42,409 मंत्रों का जाप 794 घण्टों तक हुआ। रिकॉर्ड में सम्मिलित सभी वेदपाठी दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य-शिष्याएं हैं, जो देश-विदेश से संस्थान के महाकुम्भ के सेक्टर 09 के शिविर में पधारे थे। दिव्य ज्योति वेद मंदिर की इंचार्ज, साध्वी दीपा भारती ने कहा, "संस्थान को इस बात पर गर्व है कि वह ऐसी असाधारण पहल करने वाला पहला आध्यात्मिक संगठन है, लेकिन यह उपलब्धि सिर्फ रिकॉर्ड बनाने के बारे में नहीं है, अपितु वैदिक मंत्रोच्चार के माध्यम से प्रत्येक हृदय में शांति और एकता की भावना को जगाना ही हमारा परम लक्ष्य है। दिव्य ज्योति वेद मंदिर द्वारा आयोजित दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ( डीजेजेएस ) सेक्टर-09 में एक परियोजना के शिविर में इस पवित्र तप कर्म रिले के लिए 504 ब्रह्मज्ञानी वैदिक विद्वानों को एक साथ लाया, जिन्होंने 792 घंटों तक लगातार जाप किया। इसमें कुल 25,61,328 वैदिक मंत्र शामिल हैं, जिसमें शुक्ल यजुर्वेदीय रुद्र अष्टाध्यायी पाठ के 11,151 प्रतिपादन शामिल हैं। यह ऐतिहासिक उपलब्धि 14 जनवरी 2025 को सुबह 03 बजे शुरू हुई और 16 फरवरी 2025 को 04 बजे ● शेष पृष्ठ 11 पर

### एक झलक

### छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र की बस टकरायी, 04 की मौत

**बाराबंकी :** जिले में लोनी कटरा थाना क्षेत्र स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह महाराष्ट्र से अयोध्या जा रही एक ट्रैवलर वाहन ने एक खड़ी बस में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में चार 04 लोगों की मौत और 06 से अधिक लोग घायल हो गये। दो की हालत गम्भीर होने पर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल भिजवाया गया।

### इंडोनेशिया पहुंचे नौसेना के जहाज और विमान

**नयी दिल्ली :** भारतीय नौसेना का जहाज आईएनएस शार्दुल और लम्बी दूरी की समुद्री निगरानी पी-8आई विमान इस समय अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू (आईएफआर) में हिस्सा लेने के लिए इंडोनेशिया के बाली पहुंच गये हैं। प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय नौसैनिक कार्यक्रम की समीक्षा इंडोनेशिया के राष्ट्रपति करेंगे और इसमें विभिन्न देशों के नौसेना बल भाग लेंगे। इंडोनेशियाई नौसेना का अंतरराष्ट्रीय फ्लीट रिव्यू 22 फरवरी तक चलेगा। भारतीय नौसेना अंतरराष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा संगोष्ठी और सामरिक फ्लोर गेम्स सहित विभिन्न उच्च-स्तरीय कार्यक्रमों में भी भाग लेगी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### नयी दिल्ली स्टेशन हादसा रेलवे की बड़ी नाकामी, रेल मंत्री दें इस्तीफा : सुप्रिया



**नयी दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे को सीधे तौर पर रेलवे की नाकामी करार देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से इस्तीफा मांगा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस दुखद घटना के पीड़ितों के आंकड़ों को रेलवे प्रशासन छिपा रहा है। कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रविवार को पत्रकार वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि सरकार हादसे के समय राहत और बचाव कार्यों के बजाय लीपा-पोती में लगी थी। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### हत्या मामले में दो युवक गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने अमेरिका से डिपोर्ट होकर शनिवार की रात लौटे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। यह दोनों युवक आपस में चचेरे भाई हैं और इन पर पंजाब में हत्या का केस दर्ज है। बाद में दोनों डंकी रूट से अमेरिका गये थे। पटियाला के एसएसपी डॉक्टर नानक सिंह के अनुसार दोनों युवकों के विरुद्ध पहले से मामला दर्ज था। ● शेष पृष्ठ 11 पर

### अंदर के पन्नों पर


3 संत रविदास ने इंसानियत से देश को आगे बढ़ाया : संजय...

5 तेज रफ्तार ट्रक ने ली महिला व बच्ची की जान...

7 विविध सत्रों में समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक...

9 नीतीश ने की विकास योजनाओं की घोषणा...

10 मयूराक्षी ने अमानत को रोमांचक मुकाबले में हरा...

## एक झलक

### नरकोपी पुलिस ने व्यक्ति का शव किया बरामद

**बेड़ो :** प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र स्थित कोटपाली गांव के पोल संख्या 456/12 व 456/13 के बीच नरकोपी पुलिस ने करीब 50-60 वर्षीय एक बुजुर्ग व्यक्ति का शव बरामद किया। घटना शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे की है। इधर मृतक की पहचान लोहरदगा जिला के कुडू थाना क्षेत्र के हनहट गांव निवासी बहुरा लोहरा के रूप हुई है। वहीं मृतक की पहचान उसके पुत्र सुनील लोहरा ने किया है। इधर घटना की सूचना मिलने पर नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। नरकोपी पुलिस ने मृतक के शव को बरामद कर लिया। साथ ही पुलिस ने रविवार को मृतक का शव पोस्ट मार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। नरकोपी पुलिस अग्रेत्तर कानूनी कार्रवाई में जुटी है। वहीं पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### उप मुखिया के नेतृत्व में महाकुम्भ में स्नान के लिए रवाना

**ओरमांझी :** प्रखंड के क्षेत्र स्थित ओरमांझी पंचयात के उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का जत्था महाकुंभ स्नान के लिए ओरमांझी से प्रयागराज रवाना हुआ। भाजपा नेता सह उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता ने सभी श्रद्धालुओं को पट्टा पहनाकर रवाना किया। श्रद्धालु धर्मध्वज लेकर जयकारों के साथ बस में बैठे ।संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि 144 वर्षों के बाद प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। मौके पर मुख्य रूप से दिलीप गुप्ता, सनी गुप्ता, रीता देवी, प्रदीप गुप्ता, पिंकी देवी अन्य श्रद्धालु शामिल रहे।

### 55 एकड़ भूमि पर लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट

**बुंडू :** बुंडू पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अलग अलग दो टीमें बनाकर छापामारी अभियान चला रही है ।थाना प्रभारी रामकुमार वर्मा केअनुसार रविवार को बारूहातु एवं कोड़दा गांव स्थित जंगल एवं पहाड़ी क्षेत्र में 55 एकड़ भूमि पर लगे अफीम की फसल को ट्रैक्टर चलाकर नष्ट की गई।

### व्यक्ति को कार ने रौंदा, हुई मौत

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के अरगड्डा बेंगामोड़ पर सड़क किनारे पेशाब कर रहे व्यक्ति को एक कार ने रौंद दिया। इस हादसे में हुई व्यक्ति की मौत के बाद ग्रामीणों ने रविवार को रामगढ़ थाने का घेराव किया। मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग रखी, जिस पर पुलिस ने पहल करने का आश्वासन दिया। थाने का घेराव करने पहुंची मृतक जयराम मुंडा की पत्नी फूलों देवी के बयान पर रामगढ़ पुलिस ने प्राथमिकी भी दर्ज की है। फूलों देवी ने पुलिस को बताया कि उसका पति जयराम मुंडा 9 फरवरी को गांव के ही एक व्यक्ति शिवा मुंडा और साढु भाई के साथ लड़की देखने कुजू ओपी क्षेत्र के हेसागढ़ा गया हुआ था। वहां से लौटने के दौरान बेंगामोड़ पर वह अपनी मोटरसाइकिल किनारे कर पेशाब कर रहा था। इसी दौरान गिद्दी की तरफ से रामगढ़ आ रहे स्विफ्ट कार जेएच 01 ईवी 3472 ने उसे धक्का मार दिया।

### गैंग से हैं परेशान, तो पुलिस करेगी आपका समाधान : पवन

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले में पांडे गिरोह, श्रीवास्तव गैंग, अमन साहू गिरोह, अमन श्रीवास्तव गिरोह के अलावा कई अन्य अपराधी भी सक्रिय हैं। कुछ तथाकथित नक्सली संगठन के नाम पर भी लेवी वसूल रहे हैं। पुलिस ऐसे गिरोह पर अंकुश लगाने के लिए अपने स्तर से करवाई तो कर रही है। लेकिन आम नागरिकों के सहयोग के बिना इन्हें जड़ से समाप्त करना असंभव है। पतरातू एसडीपीओ पवन कुमार ने रविवार से एक नई मुहिम आपराधिक गैंग के खिलाफ शुरू की है। उन्होंने कहा है कि कोई भी व्यक्ति गैंग से परेशान है तो पुलिस उसका समाधान करेगी। उन्होंने एक अपील जारी करते हुए कहा कि गैंग के सक्रिय सदस्यों के बारे में कोई भी गुप्त सूचना दे सकता है। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति पुलिस के समक्ष नहीं आना चाहता है तो वह थाने के बाहर लगे शिकायत पेटी में भी पर्ची डाल सकता है।

# शिक्षा वह हथियार है, जो समाज को बदल सकता है : डॉ. इरफान अंसारी

- इंडियन पब्लिक स्कूल में बेहतर शिक्षा के साथ बेहतर तरबियत दी जायेगी : मुजीब अली
- सीबीएसई पाठ्यक्रम से बेहतरीन शिक्षा और दीनयात की सुविधा उपलब्ध : वली रहमानी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रांची :** एवरग्रीन एजुकेशन और मेडिकेयर फाउंडेशन के द्वारा संचालित साथ ही साथ वली रहमानी के नेतृत्व में इंडियन पब्लिक स्कूल, चंदवे चौक, रांची एक ऐसा स्कूल जहां आधुनिक शिक्षा के साथ दीनयात की भी पढ़ाई होती है। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वली रहमानी, डायरेक्टर, उम्मीद ग्लोबल स्कूल कोलकाता सह इंडियन पब्लिक स्कूल के सरपरस्त वली रहमानी ने कहा कि उम्मीद ग्लोबल स्कूल, कोलकाता जहां देश भर के बच्चे नहीं पढ़ सकते हैं उसी को ध्यान में रखते हुए झारखंड की राजधानी रांची में इंडियन पब्लिक स्कूल खोला गया है जहां इस्लामी एथिक्स और सिद्धांत पर मॉडर्न शिक्षा दी जाएगी।। हम अब यहां से ऐसे बच्चे निकलेंगे जो हमारे देश के लीडर बने,बच्चों में मानवता हो एक ऐसा नस्ल बनाएंगे जो देश और मुल्क को बेहतर कर सके। इंडियन पब्लिक स्कूल में कम खर्च पर झारखंड के बड़े-बड़े स्कूलों से बेहतर तालीम दी जाएगी। यहां के बच्चों को साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथ और रिलिजियस, मल्टी डाइमेंशनल स्टडी के साथ कराई जाएगी । यहां के हर बच्चे हर इंसान को इंसान की तरह देखे। इंडियन पब्लिक स्कूल के द्वारा अच्छे तालीम को आम करना ही हमारा मकसद है। यह स्कूल सीबीएसई पाठ्यक्रम पर है जो रांची के आसपास के इलाकों में बच्चों को ध्यान में रखते हुए यह स्कूल खोला गया है जहां 26 जनवरी से नामांकन हो रहा है। इस मौके पर बोलते हुए इंडियन पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष मुजीब अली ने कहा कि हमारे स्कूल में सभी आधुनिक बुनियादी ढांचा उपलब्ध है, हमारा लक्ष्य है शैक्षणिक उत्कृष्टता। उन्होंने कहा कि यहां के सारे फैकल्टी बेहद अनुभवी है। साथ ही साथ एसी स्मार्ट क्लासरूम की सुविधा, सीसीटीवी के साथ पूरी तरह सुरक्षित , लड़कों और और लड़कियों के लिए अलग-अलग आवासीय कैंपस, स्विमिंग पूल, घुडसवारी , इनडोर खेल, खेल का मैदान सभी तरह की सुविधा उपलब्ध है। यहां क्लास नर्सरी से क्लास 8 तक की नामांकन हो रहा है। मौके पर इंडियन पब्लिक स्कूल चंदवे के चेयरमेन मुजीब अली, नौशाद आलम,डीआईजी क्रमिक झारखंड, डॉ मोहम्मद सईद, पूर्व विशेषज्ञ कमेटी सदस्य, एनसीआरटी, दिल्ली, आदिल अजीज सिद्दिकी और दानिश अली, इमरान मौजूद थे।

## रेल ओवरब्रिज निर्माण स्थल पर फायरिंग कांड का फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**पतरातू :** पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत निमार्णाधीन पतरातू रेल ओवरब्रिज की साइट पर फायरिंग कांड में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के संबंध में एसडीपीओ पतरातू ने रविवार को अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि गोली कांड में फरार चल रहे असरफ असारी ( 39 वर्ष ) पिता स्व. ईशाक मियां निवासी रोचाप थाना-पतरातु, जिला रामगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीते वर्ष 10 दिसंबर को पतरातु रेलवे फाटक के पास ओवरब्रिज निर्माण में लगी कंपनी एमजीसीपीएल की साईट पर अमन श्रीवास्तव गिरोह के द्वारा फायरिंग कराई गई थी। इसके साथ ही कंपनी के मैनेजर को लेवी के लिए गिरोह के सदस्य लगातार फोन पर धमकी दे रहे थे। विगत पांच जनवरी को गिरोह के सदस्यों ने मैनेजर से लेवी लेने के संबंध में मिटिंग करने हेतू पतरातु थाना क्षेत्र अंतर्गत तालाटांड स्थित ऐलेक्सा रिसोर्ट बुलाया था। जिसकी जानकारी पुलिस ने अभियान चलाकर दीपक कुमार, शहादत और एहसान अंसारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। वहीं निरूद्ध बालक गुलफान अंसारी को न्यायालय के आदेशानुसार संप्रेक्षण गृह हजारीबाग के सुपुर्द किया गया है।

## एसीडीआई की बैठक में ईस्ट इंडिया जोनल सेक्रेटरी हरिनाथ साहू हुए शामिल

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रामगढ़ :** भ्रष्टाचार जांच विभाग रामगढ़ जिला का बैठक टायर मोड सरवन बैंक्वेट हॉल में रखा गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश सहायक सचिव मनोज कुमार वर्मा एवं संचालन अमित कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सेंट्रल जॉइंट चेयरमैन कुमार शिवम, ईस्ट इंडिया जोनल सेक्रेटरी हरिनाथ साहू, प्रदेश जॉइंट असिस्टेंट डायरेक्टर अजय कुमार गौतम, सूरज जयसवाल,डिस्टिक ऑफीसर गणेश जयसवाल, रंजीत विश्वकर्मा, रोहित कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा, कुलजीत सिंह उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए सेंट्रल सहायक चेयरमैन कुमार शिवम द्वारा संगठन के उद्देश्यों एवं संगठन विस्तार पर विस्तार से अपना विचार व्यक्त किए। जोनल सेक्रेटरी हरिनाथ साहू ने कहा बहुत जल्द संगठन का विस्तार पूरे प्रदेश के सभी जिलों में कर लिया जाएगा। श्री साहू ने पदाधिकारियों को निर्देश देते



हुए कहा जिन चार जिलों में संगठन बन चुका है जिसमें रांची, सिमडेगा, खूंटी और रामगढ़ जिलों में जिला मुख्यालय खोलने एवं जिला स्तर में प्रशिक्षण की व्यवस्था केंद्रीय चेयरमैन श्री जगदंबा प्रसाद जी की गौरवमई उपस्थिति में अगले माह तक कराई जाएगी। प्रदेश सहायक अध्यक्ष अजय कुमार गौतम ने कहा सभी पदाधिकारीगण स्थानीय प्रशासन के साथ आपसी तालमेल बैठाकर अपने क्षेत्र में कहीं भी भ्रष्टाचार जैसी गतिविधि की सूचना मिलती है तो जनहित में भुक्तभोगी द्वारा लिखित रूप से पूरे साछ्य के साथ प्रदेश टीम को सूचना देते हुए संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारियों के साथ वार्ता और प्रशासन से मिलकर भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हेतु आवश्यक कदम उठाना है। उक्त बैठक में भ्रष्टाचार निरोधक जांच विभाग के पदाधकारियों के साथ रामगढ़ जिले के कई विभागों से प्रशासनिक अधिकारी और सामाजिक संगठन के अगुवा लोग शामिल हुए।

### हादसा नहीं नरसंहार, कौन है जिम्मेदार : अमाल खान

**ओरमांझी :** कांग्रेस पार्टी के जिला सचिव अमाल खान ने कहा कि रेल मंत्री ने इस्तीफा देने की बजाय बेशर्मी से कहा कि सब कुछ ठीक है।



श्रद्धालुओं के इस नरसंहार का जिम्मेदार कौन है। रेलवे की निष्क्रियता के कारण अब तक 18 लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे हैं। उन्होंने कहा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में हुईं 18 मौतों को कांग्रेस ने नरसंहार बताया है। कांग्रेस सचिव अमाल खान ने कहा कि रेलवे प्रशासन की निष्क्रियता की वजह से यह घटना हुई है। अमाल खान ने पूछा कि इन मरने वालों की क्या गलती थी। यह हादसा नहीं नरसंहार है।

## पार्थ हॉस्पिटल में डिजिटल एक्स-रे मशीन का डॉ. एम कुमार ने किया उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**ओरमांझी :** रिंग रोड स्थित चुट्टू पेट्रोल पंप के पास पार्थ सुपर स्पेशलिट हॉस्पिटल में रविवार को अत्याधुनिक डिजिटल एक्स-रे मशीन का डॉ एम कुमार ने फीता काटकर उद्घाटन किया। डॉ एम कुमार ने कहा की यह डिजिटल एक्स-रे मशीन हॉस्पिटल और पुरे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि डिजिटल एक्सरे के स्थापित होने से अब अस्पताल में आने वाले मरीजों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिए पार्थ सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में डिजिटल एक्सरे की सुविधा शुरू की जा रहीं है। उन्होंने बताया कि अब निजी एक्स-रे में मरीजों को अधिक पैसा नहीं देना पड़ेगा। इस दौरान हॉस्पिटल



के डायरेक्टर बॉबी कुमार व नीरज कुमार सिंह ने बताया की एक्सरे मशीन आने से आसपास के मरीजों को काफी सुविधा मिलेगी इस तरह का डिजिटल मशीन यहां आसपास नहीं था। मौके मुख्य रूप से इम्तियाज आलम, अनवारुल अंसारी, जहांगीर अंसारी, उवाजिद्दल अंसारी, सकिल अंसारी, हॅपी सिंह, पुण्यर्क पाठक, कुंदन पाठक, आरती कुमारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### अरगड्डा में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता मिलन समारोह का हुआ आयोजन

## अनेक ने ली कांग्रेस पार्टी की सदस्यता



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रामगढ़ :** रामगढ़ जिला कांग्रेस के तत्वावधान में रविवार को अरगड्डा सामुदायिक भवन में कांग्रेस पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर अतिथि झारखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, रामगढ़ विधायक ममता देवी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सबोधकांत सहाय, पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू, गौ सेवा आयोग के चेयरमैन राजीव रंजन, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर आदि मौजूद थे। समारोह में आजसू रामगढ़ जिला के उपाध्यक्ष रहे रंधीर गुप्ता अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश समेत अन्य अतिथियों ने रंधीर गुप्ता समेत सैकड़ों समर्थकों का स्वागत माला पहनाकर किया। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि रंधीर गुप्ता के फिर से पार्टी में लौटने से रामगढ़ जिला में काँग्रेस काफी मजबुत होगी। उनके नेतृत्व में नए-नए युवक पार्टी से जुड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार बेहतर काम कर रही है। समारोह में सुबोध कांत सहाय, प्रदीप बालमुचू, शहजादा अनवर, बजरंग महतो, सीपी संतन, राजीव रंजन, राकेश किरण महतो आदि ने भी संबोधित किया।

### सड़क हादसे में पीड़ित परिजनों से मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री माधवलाल सिंह

**गोला :** झारखंड के पूर्व परिवहन मंत्री माधव लाल सिंह ने 6 जनवरी को गोला में हुए सड़क हादसे में मारे गए गुडविल पब्लिक स्कूल, तिरला के बच्चों के परिजनों से मुलाकात की। बीती रात उन्होंने पतरातू गाँव में करण महतो और नेमधारी महतो से मिलकर सांत्वना दी और सहायता सामग्री भी प्रदान की। पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह ने हादसे के लिए स्कूल प्रबंधन को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा ठंड के कारण स्कूलों की छुट्टी घोषित किए जाने के बावजूद गुडविल पब्लिक स्कूल खुला था, जो सरकारी आदेश का खुल्लमखुल्ला उल्लंघन है। उन्होंने स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय साक्षरता व वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रामगढ़ :** जिले के कैथा स्थित केजीबीभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सलेंस में भारतीय रिजर्व बैंक के द्वारा वित्तीय साक्षरता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि देश के केंद्रीय बैंक के रूप में देश की वित्तीय और मौद्रिक व्यवस्था को विनियमित करने के साथ साथ वित्तीय शिक्षण, वित्तीय समावेशन व वित्तीय जनजागरण के प्रसार जैसी बुनियादी जिम्मेदारियों के लिए भी प्रतिबद्ध है। भारतीय रिजर्व बैंक, रांची कार्यालय ने बैंक के 90वें वर्ष के उपलक्ष्य में पूरे वर्ष



भर के लिए कई नवोन्मेषी कार्यक्रमों और अभिनव पहलों की परिकल्पना की है। इसके अंतर्गत राँची कार्यालय ने राज्य के 90 विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में वित्तीय शिक्षण व समावेशन संबंधित जागरूकता कार्यक्रम करने का निश्चय किया है, जिसमें विशेष योग्यता वाले बच्चों के स्कूल भी शामिल रहेंगे। इस अभियान की शुभारंभ दिनांक 20 अगस्त 2024 को जमशेदपुर जिला से हुआ। इसी क्रम में, भारतीय रिजर्व बैंक, रोची कार्यालय ने दिनांक 15 फरवरी 2025 को रामगढ़ स्थित कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, पतरातू स्थित ज्ञान ज्योति स्कूल तथा कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया।

## घुटुवा में बेदिया युवा मंच ने भव्य युवा महोत्सव का किया आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**रामगढ़ :** बेदिया युवा मंच के चौथे वर्षगांठ के अवसर पर घुटुवा पूजा मैदान में युवा महोत्सव 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में



बतौर मुख्य अतिथि डीआरडीओ वैज्ञानिक गिरधारी कुमार मांझी विशिष्ट अतिथि झामुमो केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, समाजसेवी नेपाल यादव, गीता देवी सहित कई मौजूद रहे। वहीं सम्मानित अतिथि में सचेतक देवकीनंदन बेदिया, सुरेंद्र बेदिया, नप अध्यक्ष युगेश बेदिया, गोबिंद बेदिया, बेदिया समाज के अध्यक्ष शंकर बेदिया, विक्की बेदिया सहित कई लोग मौजूद थे। युवा महोत्सव के तहत दुर्गा पूजा मैदान में विज्ञान प्रदर्शनी के कई स्टॉल सजाए गए। जिसमें विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक विज्ञान आधारित मॉडल प्रस्तुत किया। बच्चों द्वारा बनाया गया इसरो का मंगलयान इको फ्रेंडली विलेज, सोलर सिस्टम के मॉडल आकर्षण का केंद्र है। बड़ी संख्या में लोगो ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों से मॉडलों के संबंध में जानकारियां दी।

## किसान मुद्दों पर धारदार आन्दोलन की जरूरत : कृष्ण प्रसाद

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**बुंडू :** सोनाहातू स्थित बारिसालडीह में किसान सभा का जिला स्तरीय जेनरल बॉडी की बैठक रविवार को सम्पन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कॉ कृष्ण प्रसाद ने कहा कि किसान मुद्दों पर धारदार आन्दोलन की जरूरत है। उन्होंने कृषि संकट पर विस्तृत रूप में चर्चा करते हुए कहा कि देश के अन्नदाता किसानों का 13 माह चली किसान आन्दोलन का भारत सहित दुनिया भर के किसानों में असर डाला है,परंतु दुर्भाग्यवश मोदी सरकार के किसान आन्दोलन के साथ लिखित समझौता अब तक लागू नहीं हुआ, एमएसपी सहित किसान मुद्दों पर देश भर में आन्दोलन जारी है। किसान सभा झारखंड के हर गांवों में किसान सभा का सदस्यता अभियान चलाएगा। किसान सभा के स्थापना दिवस 11 अप्रेल को हर गांवों में किसान सभा झंडोत्तोलन करेगी। झारखंड में हाथियों द्वारा 500 से ज्यादा किसानों की मौत हुई। हाथियों द्वारा जान माल के नुकसान पर स्थानीय सांसद, विधायक मुकदर्शक बने हुए हैं,गाव के किसान अब उनके खिलाफ सवाल खड़ा करेंगे।अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव कॉ अवधेश कुमार ने कहा हमें घर घर जाकर किसान सभा सदस्यता अभियान चला कर झारखंड में बड़ा किसान आन्दोलन खड़ा करना होगा। किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा अन्नदाता किसानों के साथ और अन्याय नहीं सहेंगे, मोदी सरकार का नयी कृषि बाजार नीति देश के अनाज गोदामों को कारपोरेट के हाथों सौंपने को आमदा है। बैठक को राज्य संयुक्त सचिव असिम सरकार ,जिला किसान सभा सचिव दिवाकर मुंडा, जिला कौंसिल सदस्य रतन महतो,घुरन पातर, उमेश महतो, प्रेमचंद पातर,पांडू मुंडा, शोभाराम महतो, जयपाल सिंह मुंडा, मंगल सिंह मुंडा, विश्वेश्वर अहिर,लोधरो मुंडा, विशम्बर महतो, दिनेश महतो, रीता स्वांसी, हरिश्चंद्र प्रमाणिक सहित जिला भर से किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## लापुंग के ककरिया से महाकुम्भ स्नान के लिए 55 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**लापुंग :** लापुंग प्रखंड के ककरिया से प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धा का डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रविवार को रवाना हुआ। इस दल में 55 श्रद्धालुओं का दल शामिल है। लक्ष्मी नारायण साहु व प्रदीप साहु के नेतृत्व में श्रद्धालुओं का यह जत्था सबसे पहले प्रयागराज के महाकुंभ संगम में स्नान करेंगे । इसके बाद विंध्याचल व अयोध्या के लिए रवाना होंगे । ज्ञात हो कि प्रयागराज में लगे कुंभ मेले में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं का जत्था लगातार पहुंच रही है। और जाने को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। इधर रवाना से पुर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तिलक लगाया गया। वहीं श्रद्धालुओं के जत्था को समाजसेवी अनिल साहु,



सुमित कुमार, प्रभात कुमार, नंदलाल साहु ने जय श्री राम के नारे लगाते हुए झंडा दिखाकर रवाना किया। कुम्भ जाने वालों में सुरेश देवघरीया, विजय साहु, नवरंग गोप, कांती देवी, सुरज कुमार, राहुल कुमार, सुभाष साहु, रामरतन साहु समेत कई लोग शामिल हैं।

## संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक उत्सव का हुआ भव्य आयोजन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**
**गोला (रामगढ़) :** संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा अपने वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन गोला ब्लॉक रोड स्थित द्वारिका पैलेस में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह, प्रोफेसर, रामगढ़ वुमेंस कॉलेज, उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय प्रभाकर, सचिव, डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, सुकरीगढ़ा (लारी) तथा अन्य सम्मानित अतिथि के रूप में विकास करण एवं जितेंद्र भगतिया शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों के द्वारा झूलों का आनंद लेने के साथ हुआ, तत्पश्चात सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का शुभारंभ किया गया। छात्रों ने एक के बाद एक शानदार नृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण





उल्लासमय हो गया। इसके अलावा, बच्चों द्वारा विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियाँ भी की गईं, जो सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गईं। मुख्य अतिथि डॉ. संजय सिंह ने बच्चों की प्रतिभा देखकर उनकी भरपूर सराहना की और संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के उत्कृष्ट प्रबंधन प्रक्रिया की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि, बच्चों को केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार भी देना आवश्यक है। स्कूल के निदेशक रितेश केसरी ने भी इस भव्य आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की और घोषणा की कि अब स्कूल कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों के लिए भी पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कक्षा 1 से 5 के लिए विशेष सुविधाएँ जोड़ी जा रही हैं, ताकि बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा एवं आधुनिक संसाधन मिल सकें। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए। शिक्षकों को भी उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रतिभागी छात्रों को प्रमाण पत्र, विजेताओं को मेडल और विशेष प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार दिए गए। इसके अलावा, केसरी ग्रुप के प्रमुख दीपक कुमार एवं नंदनी ग्रुप के प्रमुख सुनील कुमार के द्वारा भी बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में सोनम कुमारी, सुमन कुमारी, सिया गुप्ता, पायल पोद्दार, दिया दत्त, खुशी कुमारी, आकांक्षा कुमारी, शीतल यादव, सिमरन कुमारी, मुस्कान परवीन, नेहा रानी, दीपिका कुमारी, प्रिया मुखर्जी, शीतल कुमारी सहित कई छात्रों ने भाग लिया और अपनी अद्भुत प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन निशा केसरी द्वारा किया गया।

### मजदूरों की समस्याओं व मांगों को लेकर जेएलकेएम रामगढ़ इकाई की हुई बैठक

**रामगढ़ :** रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा इकाई रामगढ़ के मांडू प्रखंड अंतर्गत फूलसराय वार्ड नंबर 10 के उप स्वास्थ्य केंद्र के प्रांगण में बिहार फाऊंडरी एंड कास्टिंग प्राइवेट लिमिटेड में कार्यरत मजदूरों की समस्याओं एवं मांगों को लेकर एक आवश्यक बैठक रखी गई। इस बैठक की अध्यक्षता पवन महतो तथा संचालन सत्येंद्र कुमार ने किया। इस बैठक में मजदूरों ने कहा कि कारखाना में कार्यरत मजदूरों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। न्याय के लिए शिकायत करने पर उनका शोषण किया जाता है। मजदूरों का काम की अवधि समाप्त होने के बाद ग्रेच्युटी एवं छुट्टी का पैसा भुगतान किया जाए। समान काम करने वाले मजदूरों का वेतन मजदूरी समान रूप से भुगतान किया जाए। कार्य की अवधि 8 घंटे से अतिरिक्त होने पर या 8 घंटे के बाद दूसरा काम करवाने पर ओवरटाइम के तहत दोगुना मजदूरी की राशि का भुगतान किया जाए। रविवार के दिन का भी मजदूरी का भुगतान किया जाए। कारखाना में मजदूरो को गुड, साबुन बंद कर दिया गया है, उसे तत्काल गुड, साबुन उपलब्ध कराया जाए।

## एक झलक

### श्री शिव बारात आयोजन केन्द्रीय महासमिति से दिया इस्तीफा

रांची : रविवार को श्री शिव बारात आयोजन केंद्रीय महासमिति पहाड़ी मंदिर (मुख्य द्वार) के निकाले जाने वाले शिव बारात से मैं संजय कुमार सिंह (लल्लू सिंह) निजी कारणों के कारण श्री शिव बारात आयोजन समिति प्रभारी के पद से इस्तीफा दे रहा हूं, आनेवाला वक्त में सब कुछ ठीक रहने की स्थिति में मैं पुन: बढ़-चढ़ कर हिस्सा लूंगा। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

### सिविल कोर्ट रांची में विशेष लोक अदालत 22 को

रांची : विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत का आयोजन रांची के सिविल कोर्ट में 22 फरवरी को किया जाएगा। झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर विवाह एवं चेक अनादरण को लेकर विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। 17 फरवरी से 21 फरवरी तक विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित की जायेंगी। वहीं पारिवारिक न्यायालयों एवं एनआई एक्ट न्यायालय से वादकारियों को अधिक से अधिक नोटिस भेजा जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा सके। विशेष लोक अदालत की सफलता को लेकर 5 फरवरी को भी एडिशनल फैमिली कोर्ट के जज, राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में डालसा सचिव ने रांची के सभी थाना प्रभारियों के साथ डालसा हॉल में बैठक की थी और उन्हें कई निर्देश भी दिया था। उन्होंने सभी से अधिक से अधिक नोटिस का तामिला लोगों को कराने कहा है ताकि आगामी विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण किया जा सके।

### धूप-छांव से तापमान में होगा उतार-चढ़ाव

रांची : राजधानी रांची सहित राज्य में 19 फरवरी तक धूप-छांव से तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। वहीं रविवार को सुबह में रांची और आसपास के इलाकों में आसमान साफ रहा, जबकि बाद में आंशिक रूप से बादल छाया रहा। मौसम विभाग ने 20 फरवरी से राज्य के कई जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश होने की संभावना व्यक्त की है। बारिश होने से तापमान में कमी होने की संभावना है। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.8 डिग्री, जमशेदपुर में 32.2और 13 डिग्री, डालटेनगंज में 32.9 और 12.0 डिग्री, बोकारो 32.1 और 11.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### मार्क्सवाद में सभी का विकास सम्भव : केसरी

रांची : भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य कार्यालय रांची में रविवार को पार्टी प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रशिक्षण देने पहुंचे पार्टी के विजेंद्र केसरी ने कहा कि मार्क्सवाद के सिद्धांत बिल्कुल सही है। उन्होंने कहा कि मार्क्सवाद में सभी का विकास संभव है। केसरी ने मार्क्सवाद के मूलभूत सिद्धांत भौतिक द्वंदवाद को रखते हुए कहा कि मार्क्स ने आदर्शवादी दार्शनिकों को खारिज करते हुए भौतिकवादी वैज्ञानिक चेतना को दुनिया के सामने लाया। उन्होंने कहा कि पदार्थ का रूप परिवर्तन होता है, कोयला जलाने पर ऊर्जा में कोयला का मूल तत्व रह जाता है। केसरी ने कहा कि दुनिया में परिवर्तन से राजा रानी हैं, किसी सत्ता से नहीं। समाज में परिवर्तन उत्पादन के साधनों के परिवर्तन से होता है। केसरी ने प्रशिक्षण लेने पहुंचे युवा कार्यकर्ताओं से कहा कि मार्क्सवाद ही असली दर्शन है।

### कर्मियों के बच्चों की स्कूल फीस माफ कराये प्रबंधन : संघ

रांची : एचईसी मजदूर संघ की बैठक रविवार को रांची के धुर्वा स्थित क्वार्टर नंबर सीडी 241/3 में सुनील कुमार पांडे की अध्यक्षता में हुई। बैठक में उपस्थित एचईसी के कर्मचारी और संघ के सदस्यों ने एचईसी की समस्याओं को लेकर गहन विचार विमर्श किया। बैठक में संघ के महामंत्री रमा शंकर प्रसाद ने कहा कि एचईसी समय पर वेतन नहीं दे रहा है। इससे कर्मियों की स्थिति काफी दयनीय हो गयी है।

# संत रविदास ने इंसानियत से देश को आगे बढ़ाया : संजय सेठ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : भारत महर्षि और संतों का देश रहा है और यह हमारा सौभाग्य है कि संत शिरोमणि रविदास की प्रेरणा को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के साथ भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए अग्रसर हैं। संत शिरोमणि रविदास महाराज ने जात पात, छुआछूत, ऊंच नीच को भुलाकर इंसानियत के साथ समाज और देश को आगे बढ़ाया। उक्त बातें केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने संत रविदास की 648 वीं जयंती के मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि महर्षि वाल्मीकि, संत रविदास की प्रेरणा से समाज के अंतिम व्यक्ति जिन्हें भाजपा प्रथम व्यक्ति मानती है उन तक विकास कार्य पहुंच रहा है। वहीं अंग्रेज और मुगल और कुछ राजनीतिक दलों ने समाज को बांट कर देश को विखंडित करने का काम किया। लेकिन भाजपा हमेशा से सभी को एकजुट कर देश को विकास की गति पर आगे बढ़ने का काम कर रही है। भाजपा के कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राय ने कहा कि भाजपा परिवार अनुसूचित जाति समाज के बीच संगठन को मजबूत करने के लिए मोर्चा के इस कार्यक्रम को आयोजित किया है। यह कार्यक्रम समाजिक जीवन को प्रभावित करने का काम करेगा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि यह देश सनातन संस्कृति का है। इस वर्ष महाकुंभ में पूरी दुनिया को चकित कर दिया है। हमारी संस्कृति हमारा धर्म हमें कभी भी जात-पात और ऊंच नीच में विश्वास नहीं करता। कांके के पूर्व विधायक जीतू चरण राम, देवघर के पूर्व विधायक नारायण दास, भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन दास ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रदेश भाजपा के मुखपत्र अंत्योदय संकल्प का पुनर्विमोचन किया गया। इस मौके पर विमल बैठा समेत दर्जनों कार्यकर्ता पुनः पार्टी में शामिल हुए। इस अवसर पर शिवधारी राम,रंजन पासवान,प्रभात भुईया, कमलेश राम,विमल बैठा,जोगेंद लाल, खुदा राम,सूरज दास,राजीव राज लाल समेत अन्य मौजूद थे।

## केन्द्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया विकास कार्यो का शिलान्यास



ओरमांझी/रांची : प्रखंड में विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने तीन महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं के तहत सड़क निर्माण से लेकर खेल मैदान में आधारभूत संरचनाओं का विकास किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को सुगम यातायात, खेल-कूद को बढ़ावा और सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार मिलेगा।

**शिलान्यास किये गये विकास कार्य**

सदमा पंचायत में बाघमरवा स्कूल से चरकू महतो के घर तक पीसीसी पथ निर्माण। ग्राम कामता कुचू में पीसीसी पथ निर्माण। चकला सरना टोली खेल मैदान में चबूतरा शेड निर्माण। सड़क निर्माण कार्यों से वर्षों से हो रही परेशानी दूर होगी और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। खासकर बरसात के दिनों में होने वाली दिक्कतों से राहत मिलेगी। चकला सरना टोली खेल मैदान में चबूतरा शेड निर्माण से स्थानीय खिलाड़ियों और युवाओं को बैठने एवं आराम करने की सुविधा मिलेगी, जिससे क्षेत्र में खेल-कूद को बढ़ावा मिलेगा। मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में गांवों और ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## श्री महावीर मंदिर बुटी तृतीय वार्षिकोत्सव 21 से, तैयारी जोरों पर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : श्रवण कुमार (बबलू) के अध्यक्षता में काफी हर्षोल्लास के साथ पूरा बूटी गांव में तैयारी शुरू हो रही है । इस वर्ष कलश यात्रा जो कि 21 फरवरी को होने जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में राम भक्तों कि जुटने की संभावना है। प्राण प्रतिष्ठा संचालन समिति कि ओर से दावा किया जा रहा है कि इस वर्ष बूटी ग्रामवासीयो के द्वारा इतिहासिक कलश यात्रा निकाला जाएगा जिसमे बूटी ग्राम के साथ साथ खिजूर टोला, बड़ागांई, महुरम टोली, बी .आई .टी, मेसरा, केदल तक के राम भक्त शामिल होने जा रहे हैं।

**वर्षगांठ के कार्यक्रम इस प्रकार हैं...**

21 फरवरी दिन शुक्रवार को सुबह 8 बजे कलश यात्रा। 01 बजे बेदी पूजन के बाद मंडप प्रवेश। संध्या आरती के बाद खीर भोग। 22 फरवरी दिन शनिवार मंडप परिक्रमा, मंडप पूजन एवं संध्या आरती के बाद खिचड़ी वितरण के साथ अखंड कीर्तन संध्या 6 बजे से सुबह 6 बजे तक। 23 फरवरी दिन रविवार को मंडप परिक्रमा, देव पूजन, रुद्रभिषेक, हवन, महाआरती, ब्राह्मण विदाई के बाद भव्य भंडारा। भण्डारा के बाद शाम 7 बजे से जगराता भक्ति सागर का भी आयोजन किया गया है।

## जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

# जेल अदालत के जरिये चार बंदी हुए मुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में वरीय न्यायिक पदाधिकारी कुशेश्वर सिंकु के साथ मयंक मलयाज, मनोज कुमार इंदवार, शंभु महतो, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी प्रशांत वर्मा, कारापाल, काराकर्मी बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार, रांची और एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डिप्टी चीफ राजेश कुमार सिन्हा, सहायक बिरेंद्र प्रताप, न्यायालयकर्मी और कई बंदी उपस्थित थे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों के निष्पादन के लिए केंद्रीय कारा में 10 बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए दिया गया था। इसमें से चार बंदियों को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा मुक्त किया गया, जिनमें सिटु कुशवाहा, विक्की कुमार, पन्ना किस्कू और राकेश अहीर का नाम शामिल है। जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर में बंदियों को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी दी गई। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने बंदियों की समस्याओं को सुना और उनसे आवेदन लेकर उक्त समस्याओं के जल्द समाधान के लिए मौजूद एलएडीसी एवं सदस्यों को निर्देश दिया।

## नगर निकाय चुनाव में अपना प्रत्याशी देगा चंद्रवंशी समाज : ईश्वर सागर चंद्रवंशी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने रांची में महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में होने वाले नगर निगम चुनाव में चंद्रवंशी समाज हर जिलों में अपना प्रत्याशी उतारेगी उन्होंने कहा कि चुनाव में अपना भाग्य आजमाने वाले प्रत्याशियों को महासभा तन मन धन से सहायता करेगी चंद्रवंशी समाज का एक 11 सदस्य टीम अगले सप्ताह से पूरे जिले का दौरा कर संगठन को प्रखंड स्तर पर मजबूत करने का काम करेगी हर जिलों में चुनाव होगा और चुनाव के द्वारा अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी का चयन होगा। महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बजरंग वर्मा ने कहा कि चंद्रवंशी समाज झारखंड में अपना राजनीतिक भविष्य खुद तय करेगा हर राजनीतिक दलों ने चंद्रवंशी समाज की अपेक्षा करने की



कोशिश की है इस बार समाज सभी दलों को अपनी ताकत से एहसास करायेगा। चंद्रवंशी महासभा के झारखंड प्रदेश संयोजक नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज में गुटबाजी को खत्म करना है इसके लिए एक नए बैनर का निर्माण किया जाएगा इस बैनर के साथ गुटबाजी छोड़कर सबों को साथ साथ लेकर समाज को मजबूत किया जायेगा।

# तीन दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव आरम्भ



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : श्री श्याम परिवार रांची द्वारा आयोजित तीन दिवसीय श्री श्याम निशान अमृत महोत्सव 2025 आज दिनांक 16. 02.2025 प्रातः 4:00 बजे श्री गणेश जी महाराज एवं सारे देवी देवताओं सहित प्रभु श्री श्याम के अध्यक्ष श्री सरवन जी जालान (सपरिवार) के द्वारा पूजन आरंभ किया गया प्रभु श्री श्याम की अखंड ज्योत प्रज्वलित की गई भारत के विभिन्न कोनो से अनेकों तरह के रंग-बिरंगे फूलों से प्रभु श्री श्याम की मनमोहक श्रृंगार किया गया श्री श्याम परिवार रांची द्वारा विधिवत भजनों के साथ श्री महेश जी सैन, श्री मंटू जी जालान, श्री अनु शर्मा, श्री पवन शर्मा, जयदीप राज आदि सभी ने श्री श्याम परिवार की तरफ से प्रभु गुणगान किया महाभोग, 56 भोग, खीर - चूरमा, तथा विभिन्न विभिन्न प्रकार के फलों एवं मेवों का भोग प्रभु को अर्पण किया। प्रातः 8:00 बजे स स्वर श्री श्याम अखंड ज्यति पाठ का आरंभ श्री संदीप जी सुल्तानिया (कोलकाता) के द्वारा परंपरागत नृत्य नाटिका के साथ किया गया करीब 500 भक्तों ने श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ में भाग लिया तथा 4:00 बजे से स्थानीय श्री हनुमान मंडल, रांची ने प्रभु श्री श्याम को अपने भजनों की भेंट प्रस्तुत किया, प्रभु की सवामणि का प्रसाद तकरीबन 2000 भक्तों ने प्राप्त किया श्री रानी सती मंडल, रांची ने प्रसाद खिलाने की जिम्मेवारी को बड़े ही सहजता पूर्वक निभाया। किसके साथ ही शाम 6:00 बजे से सर्वप्रथम फतेहाबाद से आई श्रीमती परविंदर पलक ने अपने भावपूर्ण भजनों से भक्तों को खूब आत्म विभोर किया जिसमें श्याम भगवान की श्रृंगार तथा भजनों के माध्यम से भगवान का आवाहन किया जिसमें उनके द्वारा गया गया भजन - मेरा सांवरिया आएगा .... और खाटू को श्याम रंगीला रे...... आदि भजनों की प्रस्तुति दी तत्पश्चात भारत के सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक सरदार श्री हरविंदर पाल (रोमी) जो कि खलीलाबाद के है उन्होंने अपनी प्रस्तुति प्रभु श्री श्याम और भक्तों के समक्ष रखी हम गरीबों का सहारा..... कीर्तन की है रात बाबा आज थान्न आनो है...... मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे राम आएंगे..... खाटू को श्याम रंगीला रे खाटू को एसो तो रंगीला ......जैसे भजनों से प्रभु की महिमा का गुणगान करके भक्तों को खूब झुमाया।

## श्री श्याम संघ की निशान शोभायात्रा 10 मार्च को, फाल्गुन पोस्टर का हुआ विमोचन

# फाल्गुन सुदी एकादशी को निशान चढ़ाने का बड़ा महत्त्व

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : श्री श्याम संघ, रांची के तत्वावधान में आगामी 10 मार्च दिन सोमवार को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर में फाल्गुन उत्सव मनाया जायेगा। एकादशी के मौके पर श्याम भक्त निशान पूजन कर अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। संस्था के सदस्यों ने गणेश जी के मंत्रोंचार के साथ फाल्गुन पोस्टर का विमोचन किया। अध्यक्ष कमलेश संचेती ने बताया की 10 मार्च फाल्गुन सुदी एकादशी के अवसर पर प्रातः 7 बजे स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर से 301 पावन निशान के साथ भव्य



शोभायात्रा निकाली जाएगी। निशान शोभायात्रा अपर बाजार के विभिन्न मार्ग होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। एकादशी के दिन निशान अर्पित करने का अलग महत्व है। महोत्सव संयोजक आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्याम प्रेमी निशान कार्ड के लिए 8340503661, 9835162257, 9955453736, 9835918837 पर सम्पर्क कर सकते है। रात्रि 7 बजे से श्री राधा वल्लभ मंदिर में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी, अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा। कोलकाता की भजन गायिका प्रिया पोद्दार द्वारा भजनों की गंगा प्रवाहित की जाएगी। दरबार को भव्य रूप से सजाने का कार्य माली द्वारा किया जाएगा। रंग भरी एकादशी के अवसर पर सभी भक्त बाबा श्याम के साथ गुलाल, अबीर एवं फूलों की होली खेलेंगे।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पहुंचे कैप्टन करमजीत सिंह के घर



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : रविवार को हजारीबाग में शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के आवास पहुंचकर उसके तस्वीर में फूलमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दिए एवं परिजनों से मुलाकात किए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी, श्रद्धांजलि देने वाले में सुबोधकांत सहाय जी, डॉ. प्रदीप बलमुचू जी, ज्योति सिंह माथारू जी बलजीत सिंह बेदी जी, जयशकर पाठक सतीश पौल मुजनी, रियाज अहमद, शांतनु मिश्रा, परमिंदर सिंह, शैलेन्द्र यादव, अवधेश सिंह इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## श्री राधा-कृष्ण सेवा धाम मंदिर में हुआ 194वां अन्नपूर्णा महाप्रसाद का आयोजन

# भजन-कीर्तन में खूब झूमे श्रद्धालु



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 194 वाँ श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। महाप्रसाद में 151 किलोग्राम की केसरिया मेवा युक्त खीर का भोग भगवान श्री राज श्याम जी को विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। तथा पूरे विधि विधान से पूजा- अर्चना एवं आरती की गई। आज का महाप्रसाद स्व.नरेंद्र जैन तथा स्व. कुसुम जैन की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र ऋषभ जैन व पुत्रवधू जिमी जैन के सौजन्य से किया गया। मंदिर परिसर में उपस्थित 3 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद भोग का वितरण किया? गया। तत्पश्चात भजन- कीर्तन का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने अपने मनमोहक सुमधुर भजनों की अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा पूरा वातावरण को कृष्णमय एवं भक्तिमय बना दिया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर मे आज 194 वें अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन था।आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।

## विश्व विख्यात कथावाचक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह के रांची आगमन को लेकर हुई आम सभा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : सिख कौम के महान विद्वान एवं विश्व विख्यात कथावाचक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह जी(लुधियाना वाले) का फरवरी माह में झारखंड आगमन हो रहा है और इसकी तैयारियों को लेकर आज 16 फरवरी, रविवार को गुरुद्वारा साहिब के बेसमेंट में सुबह 10:30 बजे आम सभा बुलाई गई। सभा के अध्यक्ष द्वारका दास मुंजाल की अध्यक्षता में हुई आमसभा में उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम के आयोजन को लेकर अपने-अपने विचार रखे। प्रबंधक कमेटी द्वारा सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि 21 फरवरी, शुक्रवार को सत्संग सभा के सदस्य उन्हें एयरपोर्ट से रिसीव कर मेट्रो गली स्थित डॉ अजय



छाबड़ा के क्लीनिक के पास शाम 6:15 बजे पहुंचेंगे और वहां से गुरु नानक सत्संग सभा की कीर्तन मंडली द्वारा शबद कीर्तन कर उन्हें गुरुद्वारा साहब तक ले जाया जाएगा। गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के बाद ज्ञानी जी समाज के अनूप गिरधर के घर विश्राम करेंगे। इस उपलक्ष में गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा द्वारा 21 फरवरी, शुक्रवार को ही रात 8:00 बजे से सजाए जा रहे विशेष दीवान में सिख कौम की महान शख्शियत एवं विश्व विख्यात कथावाचक ज्ञानी पिंदरपाल सिंह जी (लुधियाना वाले) रात 9:30 बजे से 11:00 तक कथा वाचन कर झारखंड की साध संगत को निहाल करेंगे।

# रामराज्य की पुनर्स्थापना में सभी की भागीदारी हो : स्वामी दिव्यानंद



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

रांची : मातृभूमि (राष्ट्रवादी संस्था) की वार्षिक आम सभा रांची हरमू पटेल पार्क के अंदर 16 फरवरी को आयोजित की गयी। वार्षिक आम सभा के बाद संस्था के अध्यक्ष प्रेम वर्मा की अध्यक्षता मे राष्ट्रवाद पर परिचर्चा हुई। सभा के मुख्य अतिथि स्वामी दिव्यानंद जी महाराज ने सनातन के संरक्षण एवं संवर्द्धन हेतु कार्यकताओं के बीच सभी महत्त्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से अपनी बातें रखीं। मुख्य वक्ता पूजा चौहान ने कहा बड़ी-बड़ी कम्पनियां हलाल प्रमाणित खाद्य पदार्थ बना रही हैं, जिससे गैर मुसलमानों को सावधान रहने की आवश्यकता है। क्योंकि, हलाल खाद्य पदार्थ में नन वेज का अंश हो सकता है। अध्यक्ष प्रेम वर्मा ने कहा कि हिन्दूवाद का मतलब राष्ट्रवाद है, क्योंकि भारत में 85 % हिन्दू निवास करते हैं। इसलिए हिन्दूवाद और राष्ट्रवाद का गहरा सम्बन्ध है। अतः भारत स्वतः हिन्दू राष्ट्र है। सभा के आखिरी चरण में मातृभूमि संस्था का विस्तार करते हुए कुछ नये पदाधिकारियों को मनोनीत किया गया। नवमनोनीत पदाधिकारियों में सर्वश्री विनोद वर्मा, सुबोध मिश्रा एवं प्रेम झा को संरक्षक एवं शिव किशोर शर्मा को मीडिया सलाहकार बनाया गया। साथ ही, आनन्द वर्मा को सदस्य के रूप मे मनोनीत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन शिव किशोर शर्मा ने किया। आज की परिचर्चा में मुख्य रूप से संरक्षक बिपिन कुमार, सचिव बहुरन लोहारा, अनिल सिन्हा, पी.के.प्रधान, रोहित कुमार, संतोष कुमार,शंकर तिवारी, कुमार अंकुर, राकेश सहाय, प्रेम शंकर झा, शंभु वर्मा, विकाश कुमार, रोहित लोहारा, पीयूष झा, जितेंद्र कुमार,षरूबी देवी, आर.पी. साहू, ऋषि चावला, चंद्रशेखर गुप्ता, विनय कुमार आदि शामिल थे। हिन्दुत्व के लिए संघर्ष करने का संकल्प लेकर कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सीनियर फेडरेशन कप झारखण्ड राज्य स्तरीय कुश्ती चयन ट्रायल 22 को रांची में

रांची : सीनियर फेडरेशन कप राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता-2025 में भाग लेने के लिए झारखण्ड राज्य सीनियर फेडरेशन कप पुरुष ग्रीको रोमन स्टाइल एवं (महिला फ्रीस्टाइल में 50kg) का एक दिवसीय कुश्ती चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 22/02/2025 प्रातः 10:00 बजे से गणपत राय इनडोर स्टेडियम खेलगांव राँची में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 20 साल (2005) एवं इससे ऊपर के सभी पहलवान भाग ले सकते हैं एवं 19एवं 18 साल (2006/2007 जन्मतिथि) के प्रतिभागी मेडिकल सर्टिफिकेट/पैरेंटल सर्टिफिकेट के साथ भाग ले सकेंगे। खिलाड़ियों को चयन ट्रायल में भाग लेने के लिए अपने साथ पंचायत या नगर परिषद द्वारा निर्गत जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड,आवासीय प्रमाण पत्र की मूल एवं छाया प्रति और अपना पासपोर्ट साइज फोटो साथ में लाना अनिवार्य होगा। खिलाड़ियों के भार वर्ग निम्न है।

**पुरुष ग्रीको रोमन**

1-55kg, 2-60kg, 3-63kg, 4-67kg, 5-72kg, 6-77kg, 7-82kg, 8-87kg, 9-97kg, 10-130kg

**महिला भार वर्ग**

1-50 kg उक्त चयन ट्रायल के आधार पर चयनित खिलाड़ी सीनियर राष्ट्रीय फेडरेशन कप कुश्ती प्रतियोगिता 2025 जो की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में आयोजित है उसमें झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एक झलक

### सहायक विद्युत अभियंता ने दी जानकारी और उपभोक्ताओं से की अपील

**कटकमसांडी :** कटकमसांडी प्रखंड के अंतर्गत 81 उपभोक्ता ऐसे हैं जिनके बिल 100000 से ऊपर बकाया है ऐसे में सहायक विद्युत अभियंता कृष्णदेव प्रजापति ने कहा है कि अपना बकाया बिल शीघ्र ही जमा करें अन्यथा विद्युत विच्छेद की कार्रवाई की जायेगी इसके साथ ही सहायक विद्युत अभियंता ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का परिसर में मीटर नहीं है अविलंब कार्यालय से संपर्क कर अपना मीटर लगवा लें और मीटर घर के बाहर ही लगवायें। बिना मीटर के बिजली इस्तेमाल करने वाले आप सावधान हो जाये क्योंकि विभाग का चलेगा डंडा, कहा सहायक विद्युत अभियंता ने उन्होंने स्पष्ट कहा कि ऐसे उपभोक्ताओं को चिन्हित कर कार्रवाई की जायेगी क्योंकि विभाग ने राजस्व वसूली के लिए कमर कस लिया है अब लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

### राजू श्रीवास्तव ने उपायुक्त को रबर स्पीड ब्रेकर लगाने को लेकर लिखा पत्र

**विष्णुगढ़ :** भाजपा नेता सह समाजसेवी राजू श्रीवास्तव ने उपायुक्त महोदय को रबर स्पीड ब्रेकर लगाने को लेकर लिखा पत्र। पत्र के माध्यम से कहा है कि विष्णुगढ़-गोमिया पथ एवं हजारीबाग- बगोदर पथ में भेलवारा टर्निंग के पास, सातमाइल मोड़ में, नये जमुनिया पुल के पास, चौथा ग्रामीण बैंक के पास, हरिहर धाम मंदिर के पास, अस्पताल चौक विष्णुगढ़ गेट के पास, बजरंगबली मंदिर के पास, अखाड़ा चौक बस स्टॉप के पास, करोंज मोड़ विष्णुगढ़ बजरंगबली मंदिर के पास, तेलिक वैश्य धर्मशाला विष्णुगढ़ के पास, जामनीजारा बजरंगबली मंदिर के पास, सदारो टर्निंग के पास, गरहमुर्गी बनासो के पास रबर स्पीड ब्रेकर लगाया जाए, इस सभी मार्गो में घनी आबादी क्षेत्र होने के कारण आए दिन प्रमुख चौक-चौराहों पर दुर्घटनाएं होती रहती है, जिससे कई लोगों की मौत हो जाती है। स्पीड ब्रेकर नहीं रहने से गाड़ियों की रफ्तार अधिक होती है, जिससे सड़क दुर्घटनाएं ज्यादा हो रही है। इसकी पहल जल्द से जल्द की जानी चाहिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### हजारीबाग ब्रह्म समाज में मनाया गया माघ उत्सव



**हजारीबाग :** हजारीबाग की भूमि में पुनर्जागरण के आंदोलन को लाने में यहां 1867 में स्थापित ब्रह्म समाज हजारीबाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मेन रोड हजारीबाग में अवस्थित इसी ब्रह्म समाज के मंदिर में रविवार को माघ उत्सव मनाया गया। इस दिन आयोजित उपासना में एक तरफ जहां पाठ और प्रार्थना का आयोजन किया गया वहीं बीच-बीच में ब्रह्मसंगीत प्रस्तुत किए गए। आज के दिन पाठ और संगीत के माध्यम से ईश्वर को स्मरण करने का और उन्हें धन्यवाद देने का कार्य किया गया। साथ ही गीत के माध्यम से यह प्रार्थना की गई की सब का जीवन सुखमय हो, समाज में भाईचारा बनी रहे, चारों तरफ खुशी का माहौल हो।

ज्ञात हो की माघ उत्सव का आयोजन सर्वप्रथम ब्रह्म समाज के संस्थापक राजा राममोहन राय ने 1830 में किया था। माघ महीने में ब्रह्म समाज की स्थापना की गई थी और इसी स्थापना दिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष माघ उत्सव का आयोजन किया जाता है। हजारीबाग ब्रह्म समाज में 1867 से प्रत्येक वर्ष माघ महीने में इस उत्सव का आयोजन किया जाता है। रविवार के दिन आयोजित उपासना में श्रीमती संध्या धनपति एवं कोलकाता से आए श्री सुप्रतिम चक्रवर्ती ने पाठ का दायित्व संभाला। इसके माध्यम से ईश्वर को स्मरण करते हुए ब्रह्म समाज एवं ब्रह्म संगीत के इतिहास पर प्रकाश डाला। उपासना के पूर्वार्ध में गीत प्रस्तुत करने का दायित्व हजारीबाग के श्रीमती तापसी दास, रीता भद्र, रूप पाल, रूबी धणपति, मंदिरा गुप्ता एवं श्रीमती सुलगना ने संभाला। डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने ब्रह्म संगीत शैली में तबला पर संगत किया। कार्यक्रम के दूसरे भाग में गीत प्रस्तुत करने का दायित्व कोलकाता से आये सुप्रतिम चक्रवर्ती, एलोरा चक्रवर्ती एवं जयश्री डे ने संभाला।

## झारखंड गृह रक्षा वाहिनी (गुमला जिला) के नव नामांकित गृह रक्षकों का पारण परेड कार्यक्रम

# वर्दी रक्षा व विश्वास का प्रतीक : उपायुक्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड गृह रक्षा वाहिनी के नव नामांकित गृह रक्षकों के प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 16 फरवरी को आयोजित पारण परेड में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त नैंसी सहाय शामिल हुईं। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा परेड का निरीक्षण किया गया,मौके पर रोहित आनंद समादेष्टा हजारीबाग मौजूद रहे। तत्पश्चात उपायुक्त के द्वारा उन सभी 206 प्रशिक्षु गृह रक्षकों को पद और गोपनीयता शपथ दिलाई गई। उपायुक्त के द्वारा मुख्य परेड कमाण्डर पवन कुमार साहु, द्वितीय परेड कमाण्डर सोमनाथ भगत एवं अन्य सभी कम्पनी के कमाण्डर को पुरस्कृत किया गया। क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में महानिदेशक-सह-महासमादेष्टा का कार्यालय के द्वारा 16 दिसंबर 2024 से 16 फरवरी 2025 तक कुल 63 दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया,जिसमें कुल 206 प्रशिक्षु गृह रक्षक (सभी गुमला जिला के) सम्मिलित हुए। उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी नव नामांकित गृह रक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए संबोधित किया। उन्होंने कहा वर्दी धारण करने का अर्थ है अनुशासित रहना। वर्दी रक्षा का प्रतीक है विश्वास का प्रतीक है। किसी भी वर्दीधारी को ऐसा कोई भी कार्य नहीं करना चाहिए जिससे वर्दी के सम्मान पर ठेस पहुंचे। उन्होंने गृह रक्षा वाहिनी के सभी सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कम समय में व्यवस्थित प्रशिक्षण देने पर तारीफ की तथा सभी प्रशिक्षु लगन एवं तन्मयता से प्रशिक्षण पूर्ण किए वें भी बधाई की पात्र है। सभी को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

### प्रशिक्षुओं को दक्ष बनाने के लिए कई अन्य प्रकार के दिये गये प्रशिक्षण

क्षेत्रीय प्रशिक्षण केन्द्र, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, हजारीबाग में बुनियादी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु गृह रक्षकों को श्री अनिल पलटा डी०जी० के निर्देशन में अनेको प्रकार के प्रशिक्षण दिया गया। जैसे- टर्नआउट, व्यक्तिगत कवायद, आधुनिक हथियार (5.56 एम० एम० इन्सास), भीड़ नियंत्रण, गार्ड / संतरी का कर्त्तव्य, नागरिक सुरक्षा, प्राथमिक उपचार, अग्निशमन, बी०आई०पी० ड्यूटी, यातायात नियंत्रण, अनुशासन, श्रम एवं आपदा प्रबंधन इत्यादि। प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षु गृह रक्षकों को .303 रायफल एवं 5.56 एम० एम० इन्सास से 10-10 राउण्ड लक्ष्याभ्यास / लक्ष्याभेदन फायरिंग रेंज पदमा हजारीबाग में कराया गया।

## भव्यजल यात्रा के साथ 51 कुंडीय राष्ट्र गायत्री महायज्ञ शुरू



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चौपारण :** गायत्री माता का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सह 51 कुंडीय राष्ट्र गायत्री महायज्ञ को लेकर रविवार को भव्य जल यात्रा निकली। जल यात्रा का शुभारंभ मुखिया जानकी यादव, मुखीया गंदौरी दांगी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि अरबिंद सिन्हा, भाजपा नेता राजदेव यादव, विकास यादव, रामस्वरूप पासवान सहित कई ने व्रतियों के माथे पर कलश रख कर किया। जल यात्रा गायत्री मंदिर परिसर कसियाडीह से शुरू होकर महराजगंज होते हुए ग्राम हथिया नदी से पूरे वैदिक मंत्रोच्चार व शंख उद्घोस के साथ 1100 व्रतियों ने कलश में जल भरा। इससे पहले यज्ञ व्यवस्थापक सच्चिदानंद सिंह ने मंत्रोच्चार के साथ बरही विधायक मनोज कुमार यादव व मुख्य यजमान महेंद्र साव सहित अन्य के कर कमलों द्वारा कलश संकल्प व गंगा मैया का पूजन करवायें। मौके पर विधायक मनोज कुमार यादव ने यज्ञ व्यवस्थापक सहित अन्य को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन्म और मृत्यु भगवान के हाथ में है, लेकिन जीवन को कैसे जिया जाये इसकी शिक्षा हमें महायज्ञ से ही मिलती है। यज्ञ का समापन 19 फरवरी को गायत्री माता की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा व यज्ञ कि पूणार्हुति के साथ होगी। इस बीच प्रतिदिन ध्यान साधना, प्रज्ञा योग, देवपूजन, गायत्री चालीसा, विभिन्न संस्कार, शाम में शांतिकुंज हरिद्वार से आये बालक राम रत्नमूल की टोली के द्वारा प्रज्ञा पुराण कथा एवं विराट दीपयज्ञ होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला समन्वयक केशवानन्द, महिला पुर्णिमा देवी, उपजोन समन्वयक लखन लाल प्रजापति, डॉ. ललिता राणा (झारखंड प्रकोष्ठ), बिके शर्मा, गजाधर साव, शिव शंकर प्रसाद, एसएन पाण्डेय, अर्जुन साहू (ट्रस्ट) महेंद्र साव, बुधन साव, मनोज कुमार, रूपेश सिंह, नन्दू साव, विजय गुप्ता, अशोक दांगी, सीताराम राणा सहित गायत्री परिवार के सैकड़ो लोग लगे हैं।

## शहीद पूरे देश के लिए सर्वोपरि : कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश शहीद कैप्टन करमजीत सिंह बक्शी के आवास पर पहुंचकर उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया और उनके माता-पिता से मिलकर अपनी संवेदनाएं प्रकट की और कहा कि शहीद पूरे देश के लिए सर्वोपरि है। आज सेना के जवान बॉर्डर पर है, तभी हम लोग अपने घरों में चैन की नींद सो पाते हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा की यह माता-पिता धन्य है जिन्होंने ऐसे शूरवीर को जन्म दिया जिन्होंने अपने देश के खातिर बलिदान दे दी और वीरगति को प्राप्त किया। इनके इस कृत्य के लिए पूरा देश इनका आभारी रहेगा और जिसे शब्दों से बयां कर पाना काफी मुश्किल है। हजारीबाग सिख समाज के लोगों ने प्रदेश अध्यक्ष से आग्रह किया कि पैगोडा चौक का नामकरण कप्तान शाहिद करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर किया जाये जिस पर पहल करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने तत्काल विभाग के सचिव और सरकार के संबंधित पदाधिकारी से बात की और इस पर संज्ञान लेते हुए उनसे आग्रह किया कि चौक का नामकरण जो है करमजीत सिंह बक्शी के नाम पर हर हालत में झारखंड सरकार करने का काम करेगी। इनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय पूर्व सांसद प्रदीप बालमुचू रामगढ़ विधायक ममता देवी, हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ज्योती मथारू प्रदेश से आए सतीश पाल मुंजनी, रियाजउद्दिन अंसारी, शांतनु मिश्रा, परमजीत सिंह, बलजीत सिंह बेदी ओबीसी के सुरजीत नागवाला, अशोक देव, अवधेश कुमार सिंह, विरेन्द्र कुमार सिंह, शशि मोहन सिंह जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, संजय गुप्ता, अनिल उपाध्याय, संजय तिवारी, डॉ.प्रकाश कुमार, रेणू कुमारी, मनीषा टोप्पो, ओमप्रकाश गोप, भैया असीम कुमार, परवेज अहमद, गुड्डु सिंह, कृष्णा किशोर प्रसाद, साजिद अली खान, रीतलाल मंडल, शारदा रंजन दुबे, धीरज सिंह, रंजीत यादव, दीपक गुप्ता, रविन्द्र प्रताप सिंह, राजीव कुमार मेहता, कजरु साव, गोवर्धन गंझू के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे।

## शिव मंदिर में धूमधाम से होगी शिवरात्रि पूजा : शफीक खान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दारु :** दारु थाना परिसर स्तिथ शिव मंदिर मे हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी शिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। पूजा के सफल आयोजन के लिए थाना प्रभारी शफीक खान की अध्यक्षता मे एक बैठक मंदिर परिसर मे की गयी। इस बैठक मे थाना प्रभारी ने शिवरात्रि पूजा को इस बार बेहतर आयोजन के लिए क्षेत्र के सभी ग्रामीणों से सहयोग करने और बढ़चढ़ कर शामिल होने की अपील किया। पूजा के सफल आयोजन के लिए एक समिति गठित की गयी। इस समिति मे मुख्य संरक्षक थाना प्रभारी शफीक खान, अध्यक्ष मुखिया सुनील कुमार, सचिव बसंत नारायण, कोषाध्यक्ष राजन सिन्हा, उपकोषाध्यक्ष छोटन कुमार को बनाया गया। इस बैठक मे सुरेश राम, किशुन प्रसाद, बिजय कुमार, रौशन सिन्हा, बीरेंद्र यादव, किशुन प्रसाद, संजना कुमारी, लक्ष्मण यादव, रामशरण राम आदि मौजूद थे।

## एनटीपीसी कोल माइनिंग ने 40 मोतियाबिंद मरीजों का कराया ऑपरेशन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव :** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोल माइनिंग परियोजना द्वारा 40 मोतियाबिंद मरीज का ऑपरेशन कराया गया। परियोजना द्वारा पोषक क्षेत्र के गांव में शिविर लगाकर मोतियाबिंद मरीजों की पहचान की गई। पोषक क्षेत्र के बड़कागांव प्रखंड के सिकरी, केरेडारी प्रखंड के बरियातू, कंडाबेर, बानादाग पसई के गांव में शिविर आयोजित कर 40 वृद्ध मरीज की पहचान की गई। उक्त मरीजों का मोतियाबिंद ऑपरेशन जयप्रकाश नारायण नेत्र चिकित्सालय चौपारण में नेत्र विशेषज्ञ के द्वारा एनटीपीसी ने कराया जिससे लोगों की खोई हुई ज्योति लौटकर आ जाए एवं नितिन की क्रिया आसानी से कर सके। इस संबंध में वरिष्ठ प्रबंधक कमला राम रजक ने कहा कि अन्य पंचायत एवं गांव में भी लगातार शिविर लगाकर मरीजों की पहचान जारी है साथ ही साथ क्षेत्र में भी एनटीपीसी ने कार्य करने का निर्णय लिया है जैसे दिव्यांग जनों के प्रति भी हम लोग की सकारात्मक सोच है और जल्दी इसको हम लोग पहल करेंगे। हमारी पूरी टीम कार्य के लिए लगी है जिससे परियोजना प्रवाहित जनता किसी भी समस्या से छुटकारा न मिल सके। उन्होंने आगे कहा कि मरीज को घर से वहां के माध्यम से ऑपरेशन कराने के लिए ले जाया जाता है और फिर वापस ऑपरेशन करा कर कुशल मंगल उनके घर तक भी पहुंचाने का काम किया जाता है। ऑपरेशन किए गए मरीजों को एनटीपीसी द्वारा पौष्टिक आहार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। इस ऑपरेशन के बाद वृद्ध लोगों में काफी खुशी एवं एनटीपीसी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## अम्बा प्रसाद ने कस्तूरबा आवासीय छात्रों के साथ 30वां जन्मदिवस मनाया



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव :** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पश्चिम बंगाल प्रभारी सह पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने अपना 30वां जन्मदिन बड़कागांव कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्राओं के बीच केक काटकर मनाई। इससे पूर्व अंबर प्रसाद ने बड़कागांव महुदी पहाड़ बुढ़वा महादेव शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। छात्राओं को संबोधित करते हुए अंबा प्रसाद ने कहा कि बच्चियों पढ़ लिखकर समाज के लिए प्रेरणादायक बनें। हर किसी में कुछ ना कुछ कला छुपी होती है। अपनी कला को निखारते हुए समाज को नई दिशा देने का काम करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि किसी भी क्षेत्र में आज बेटियां पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि जब मैं विद्यालय के छात्राओं के बीच पहुंचती हूं तो मैं भी अपने छात्र जीवन को याद कर आनंदमई हो जाती हूं। इस अवसर पर छात्राओं की मांग पर छात्राओं के साथ पूर्व विधायक ने नृत्य की। साथ ही साथ कलम, कॉपी, ट्रॉफी केक का वितरण भी की। मौके पर वार्डेन किरण कुमारी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, सुरेश महतो, पदुम साव, गौतम कुशवाहा, रोहित सिंह, श्याम भार्गव, गौतम वर्मा, दशरथ प्रसाद, आनंद कुमार, श्रीकांत निराला सहित छात्र-छात्राएं शामिल थे।

## रोहने कोल ब्लॉक में एनएमडीसी कम्पनी को रैयत जमीन नहीं देंगे



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड के ग्राम इंदिरा के चिरुवा में एनएमडीसी कंपनी के रोहने कोल ब्लॉक से प्रभावित रैयतों की बैठक जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि दीपक करमाली एवं सोमर गंझू के संचालन में किया गया। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि कंपनी के किसी भी व्यक्ति को गांव में घुसने, साथ ही बगैर आम सभा के कोई कार्य नहीं करने दिया जाएगा।बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने यह निर्णय लिया कि बिना कमेटी बनाएं कंपनी का कोई कार्य नहीं किया जाए। जब तक कंपनी प्रभावित रैयतों को पुरी तरह संतुष्ट नहीं करती है तब तक कोई भी कार्य नहीं करने तथा एक इंच भी कंपनी को जमीन नहीं देने का निर्णय लिया। रोकने को ब्लॉक एनएमडीसी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बैठक में नापोखुर्द पंचायत के नापोकला, इंदिरा, पसेरिया, चीरवा,पोटंगा, मलडी के सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित होकर विरोध प्रदर्शन किया। बैठक में जगदीश साहू, जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, जनार्दन साव, संतोष साव, कौशल साव, जीवन हंसदा, महेश साव सहित अन्य ग्रामीण भूरैयत शामिल थे।

### विष्णुगढ़ भू-राजस्व लगान वसूली में प्रखंड हजारीबाग जिला में बना नम्बर वन

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ भू राजस्व लगान वसूली में विष्णुगढ़ प्रखंड हजारीबाग जिला में बना नंबर वन। यह जानकारी विष्णुगढ़ अंचलाधिकारी नित्यानंद दास ने दी। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए सभी विष्णुगढ़ प्रखंडवासियों को को आभार व्यक्त करते हुए सहृदय से धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि जनहित में लगाए गए भू राजस्व लगान वसूली शिविर की पहल से हमे काफी फायदा मिला है। वित्तीय वर्ष जुलाई में हम काफी पीछे थे, इससे पूर्व में भी विष्णुगढ़ प्रखंड लगान वसूली में एक या दो पर प्रखंड रहता था। आज हजारीबाग सदर हमसे पीछे हैं, यह हमारी एक बड़ी उपलब्धि है।

## दो दिवसीय 'जननी स्वास्थ्य मेला' का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगल सोसाइटी द्वारा संचालित रविन्द्र पथ बिजली ऑफिस के विपरीत स्थित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में दो दिवसीय 'जननी स्वास्थ्य मेला' का आयोजन किया जा रहा है। 17 फरवरी यानि सोमवार से लेकर 18 फरवरी यानि मंगलवार तक मिशन होस्पिटल परिसर में महिलाओं के लिए विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसमें महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त होगा। शिविर के माध्यम से हेयर ट्रांसप्लांट एवं अन्य जांच में भारी छूट महिलाओं को प्रदान किया जायेगा। अनुभवी चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मी शिविर में अपनी सेवाएं देंगे। स्वास्थ्य कर्मी सक्रियता एवं तत्परता से निशुल्क शिविर में जुटे रहेंगे। महिलाओं को शिविर की जानकारी प्राप्त करने के लिए 9430165926, 9297993810 हेल्प लाइन नंबर जारी किया गया है। मौके पर संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं को घर की व्यस्ततम कार्य को लेकर कई बार ऐसा देखा जाता है कि नियमित समय पर स्वास्थ्य की देखभाल नहीं करने से गंभीर एवं जटिल बिमारी पकड़ लेता है। जिससे महिलाओं को आर्थिक खर्च एवं कई परेशानियों को सामना करना पडता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सही समय पर स्वास्थ्य की देखभाल एवं उपचार हेतु 17 फरवरी सोमवार से दो दिवसीय निःशुल्क शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि बिमारी की पूर्वत जांच एवं उपचार कर स्वास्थ्य देखभाल में सहुलियत एवं राहत मिले। इसके साथ ही शिविर में महिलाओं को निःशुल्क उपचार एवं जांच करवा कर उत्तम स्वास्थ्य का लाभ मिलेगा।

# कुशवाहा समाज का मिलन समारोह आयोजित, समाज को एकजुट करने पर विमर्श



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बोकारो :** रविवार को कुशवाहा समाज चास बोकारो का वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन सिटी पार्क वनभोज स्थल में किया गया। समारोह का उद्घाटन कांग्रेस पिछड़ा प्रकोष्ठ के कार्यकारी अध्यक्ष राकेश कुमार महतो, झारखंड कुशवाहा महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो, अमय कुशवाहा, कुशवाहा पंचायत परिषद के महासचिव अजय कुशवाहा, जिला अध्यक्ष सुनील कुमार महतो, बसपा नेता राजेश महतो, मनोज कुमार, विस्थापित नेता रघुनाथ महतो, के एन सिंह, आर पी सिंहा, कुंवर कुशवाहा, सुनील गांधी, अनिता सिंह, अशोक कुमार, मदन मोहन महतो, नंद किशोर प्रसाद, के मेहता आदि लोगों ने बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर राकेश महतो ने कहा कि समाज की बेटी स्नेहा कुशवाहा के हत्यारे को उत्तर प्रदेश सरकार बचा रही है अगर जल्द दोषी को गिरफ्तार नहीं करती तो हमारा समाज और उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकारें पिछड़े समाज को न्याय और अधिकार देने में अगर विफल होती है तो संगठन ऐसी सरकारों को आईना दिखाने का काम करेगी। इस अवसर पर कई खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जादूगर कमलेश अनुभव ने जादू का खेल दिखाकर हर वर्ग के लोगों का मनोरंजन किया। मटका फोड़ और कुर्सी रेस में काफी महिला पुरुषों ने भाग लिय। सभा के अंत में स्नेहा कुशवाहा के निर्मम हत्या का प्रतिकार करते हुए दो मिनट का मौन श्रद्धांजलि दी गई। समारोह में एपी वर्मा, अरविंद कुमार मेहता, विरेन्द्र कुमार, गोपाल प्रसाद, भरत महतो, विपीन प्रसाद, शंभू प्रसाद , शिव पुजन कुमार, परमानन्द कुशवाहा, रंजीत कुमार, रेखा देवी, आरती सिंह, शोभा देवी ओम प्रकाश, उमेश आदि मौजूद थे।

## समाज में एक साथ मिल कर देशहित व स्थानीय हित के लिए कार्य करने की आवश्यकता : अविनाश

**बोकारो :** जन संघर्ष मोर्चा, झारखंड सांस्कृतिक मंच एवं नगर विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में विक्रम महतो के अध्यक्षता व अभय कुमार मुन्ना के संचालन में वनभोज सह मिलन कार्यक्रम का आयोजन सिटी पार्क बोकारो में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन एवं अतिथिगण का अंगवस्त्र से स्वागत कर किया गया। मौके पर चास नगर निगम के पूर्व उप महापौर सह जनसंख्या समाधान फाऊंडेशन के बोकारो जिला संयोजक अविनाश कुमार ने कहा कि वर्तमान स्थिति में समाज के विभिन्न धरो को एक साथ मिलकर देशहीत एवं स्थानीय हित के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। आज हमारे बीच अनेक संगठन विभिन्न क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं और उन सबको एक साथ मिलकर अपने-अपने उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संयुक्त प्रयास अति सराहनीय कार्य है। जनसंख्या समाधान फाउंडेशन के राष्ट्रीय सह संयोजक कौशल राय ने कहा कि पूर्व में जनसंख्या समाज के विकास में बाधक समझी जाती थी किंतु उसका सुदृढ़ ढंग से योजना बनाकर कार्य करने पर वह एक जनशक्ति और जन अभियान का माध्यम बन सकता है। जन संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो ने कहा कि स्वर्गीय राजेंद्र महतो की सोच को धरातल पर उतारने का काम किया जा रहा है। गरीब गुरुबा, झारखंडी संस्कृति का आत्मसात करना हम सभी के लिए परम आवश्यक है।

## एक झलक

### सीआईएसएफ ने कोयला चोरों के मंसूबे पर फेरा पानी, अवैध कोयला जब्त

**कतरास (धनबाद):** सीआईएसएफ ने शनिवार को एरिया 3 में अवैध कोयला कारोबार का भंडाफोड़ किया। सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सीआईएसएफ) ने एरिया 3 स्थित ईस्ट कतरास जीटीएस आउटसोर्सिंग कंपनी के समीप हायर्ड पैच के पास चल रहे अवैध कोयला कारोबार का भंडाफोड़ किया है। सीआईएसएफ की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की, जिसमें बड़ी मात्रा में अवैध कोयला बरामद हुआ है। सूत्रों के अनुसार, यह कारोबार काफी समय से चल रहा था और स्थानीय लोगों की मिलीभगत से इसे चलाया जा रहा था। सीआईएसएफ की इस कार्रवाई से कोयला माफियाओं में हड़कंप मच गया है। फिलहाल, सीआईएसएफ ने कोयले को जप्त कर बीसीसीएल को सौंप दिया।

### पत्रकार एकादश ने कोल माइंस वर्क्स यूनियन को दोस्ताना मैच में 01 रन से किया पराजित

**तेतुलमारी (धनबाद):** सिजुआ स्टेडियम में पूर्व सांसद कॉमरेड एके राय की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा के बाद सिजुआ स्टेडियम में दोस्ताना क्रिकेट मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुये पत्रकार एकादश की टीम ने 60 रन बनाये। जबाब में दूरी टीम निर्धारित 10 ओवर में 59 रन ही बना सकी। टॉस जीतने के बाद पत्रकार एकादश की टीम ने खेलते हुये पत्रकारदय जितेन्द्र कुमार जीतु ने धमाकेदार 1 छक्के व 4 चौके की मदद से नाबाद 28 रन व समर शक्ति सिंह ने 1 छक्के के साथ 16 रन नाबाद ,जबकि प्रदीप मोदक व विजय भुईँया ने 8 / 8 रन बनाकर व सुशील चौरसिया शून्य पर आउट हुये कुल 60 रन के जबाब में कोल माइंस वर्क्स यूनियन सह आयोजन समिति के ओर से बल्लेबाजी करते हुये राज कुमार चौहान ने 2 छक्के व 2 चौके की मदद से 20 रन, त्रिपुरारी ने 1 धक्के 2 चौके के साथ 20 रन, पप्पू पंडित 8, भोला सिंह 2, ब्रजेश सिंह 5, लखेन्द्र पासवान 4 व ब्रह्मदेव साव शून्य पर रहे। खेल के बाद अतिथियों ने दोनों टीम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व श्रद्धांजलि समारोह में पोलित बयूरो के हलधर महतो, आरएसएस के पंकज सिंह, पवन महतो, क्षेत्रीय अध्यक्ष अशोक यादव, तत्कालीन पार्षद छोटु सिंह, मूखिया संतोष महतो, राजद नेता भोलू यादव, Aicctu केंद्रीय उपाध्यक्ष कृष्णा सिंह, सीएमडब्लूयू के महामंत्री भोला सिंह, कामता नोनिया, बृजेश सिंह, परदेशी चौहान, सुधीर सुमन, मधु सूदन वर्मा, अशोक कुमार, लखेन्द्र पासवान, मुखराम रवानी, सरोज सिंह, राज कुमार चौहान, विकास सिंह, ब्रह्मदेव साव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### कोडरमा पुलिस ने किया पशु तस्करी का बड़ा खुलासा

**कोडरमा :** कोडरमा पुलिस अधीक्षक, को सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रक में अवैध रूप से मवेशियों को बिहार की ओर से कोडरमा होते हुए परिवहन कर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के द्वारा टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कोडरमा थाना गेट के पास वाहन चेकिंग की जाने लगी। वाहन जाँच के क्रम में एक बारह चक्का ट्रक संख्या- BR01GC 7572 को रोककर जांच किया जाने लगा तो उक्त वाहन में ठुस-ठूंस कर भरे कुल 42 भैंस के बच्चे (पाड़ा) बरामद किए गए। साथ ही पशुओं की अवैध तस्करी को लेकर कुल पाँच (05) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में कोडरमा थाना कांड संख्या- 23/25 दिनांक 16.02.2025, धारा 317(2) बी०एन०एस० और 11(1) (f) (i) के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई। गिरफ्तार अभियुक्त ट्र ट्रक चालक मो० हसीर, उम्र 48 वर्ष, पिता मो०- हफीज, सा० खरौना, थाना नौवतपुर, जिला-पटना बिहार। ट्रक खलासी आजाद नट, उम्र 40 वर्ष, पिता स्व० नेजाम, सा० फरीदावाद (बालुपूर) थान व जिला-अरवल। व्यापारी अनुज कुमार, उम्र 33 वर्ष, पिता देवशरण यादव, सा०- परवलपुर थाना हिलसा, जिला- नालंदा व्यापारी हरि यादव, उम्र 60 वर्ष, पिता स्व० राजेन्द्र यादव, सा०- परवलपुर, थाना हिलसा, जिला नालंदा (बिहार)।

# तेज रफ्तार ट्रक ने ली महिला व बच्ची की जान



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद/सिन्दरी :** धनबाद शहर में तेज रफ़्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रही है। एक तरफ जहां आए दिन एनएच पर दुर्घटनाएं हो रही हैं तो वही शहर में भी रफ्तार का कहर जारी है। ताजा मामला रविवार की सुबह रांगाटांड श्रमिक चौक की है जहां रविवार की सुबह चौक पर ह्रदय विदारक घटना घटी। तेज रफ्तार ट्रक ने एक महिला व उसकी बच्ची को कुचल दिया। घटना में महिला की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक बच्ची गंभीर रुप से घायल हो गई। गंभीर रुप से घायल बच्ची को धनबाद एसएनएमएमसीएच अस्पताल एंड मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान बच्ची की भी मौत हो गई। वही दूसरी बच्ची इस घटना में बाल-बाल बच गई। मृतिका की पहचान सिंदरी कांडरा निवासी 48 वर्षीय हेमा देवी व पुत्री का नाम सुहानी के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि उक्त महिला अपने दो बच्चियों के साथ रोड पार कर रही थी, इसी बीच एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। जिससे हेमा देवी की मौत हो गई।

मृतक हेमा देवी की गोतनी ने बताया कि हेमा अपनी बहन के यहां तिलैया जा रही थी। तिलैया से बहन के साथ महाकुंभ नहाने प्रयागराज जाना था। वह धनबाद श्रमिक चौक पार कर इंटरसिटी पकडने के लिए हेमा स्टेशन जा रही थी तभी यह घटना घटी। हेमा देवी की दूसरी बेटी 14 वर्षीय जूही ने बताया कि वह एक भाई और दो बहन थी। भाई रघुवीर सिंह मुम्बई मे काम करता है। उसे घटना की सूचना दे दी गई है और वह वापस आ रहा है।

परिवार के पुरुष सदस्य धनबाद में हैं। मां बेटी के शव का पोस्टमार्टम के बाद दोनो को कांडरा लाया जायेगा और दाह-संस्कार किया जायेगा।

## कुआं में मिला वृद्ध का शव

**झरिया (धनबाद) :** झरिया बोरापट्टी स्थित कीर्तन भवन के पास स्थित कुआं में रविवार को एक वृद्ध का शव दिखा। जिसकी पहचान मनवाद निवासी 60वर्षीय लखन सेन के रूप में हुई। चर्चा के अनुसार एक दिन पूर्व भी उसने उक्त कुआ में छलांग लगाई होगी। सूचना पाकर झरिया थाना के आरक्षी निरीक्षक शशि रंजन घटनास्थल पर पहुंचे। मामले की छानबीन कर शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया।

## धनबाद प्रेस क्लब मीडिया कप 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** रविवार को धनबाद प्रेस क्लब मीडिया कप 2025 का क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज हुआ। पहले दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच डीपीसी ब्लैक बनाम डीपीसी ब्लू के बीच खेला गया। वहीं दूसरा मैच डीथ्री बनाम 99 ग्रुप के बीच हुआ। इन दोनों मैच में डीपीसी ब्लू और डीथ्री की टीम अपने मैच जीतने में कामयाब रही। तकनीकी कारणों से डीपीसी ब्लैक बनाम डीपीसी ब्लू के बीच 10 ओवर का मैच खेला गया। इसमें डीपीसी ब्लैक ने कुल 80 रन बनाए। वहीं महज छह ओवर में डीपीसी ब्लू ने 81 रन बनाकर यह मैच जीत लिया। दूसरे मैच में डी थ्री की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट खोकर 207 रन बनाए। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए 99 ग्रुप की टीम आठ विकेट खोकर 183 रन ही बना सकी। डी थ्री के खिलाड़ी विक्रम सिंह को मैन आफ द मैच दिया गया। इससे पूर्व मैच का उद्घाटन जिला परिषद धनबाद की चेयरमैन शारदा सिंह और धनबाद रेल मंडल के वरीय कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इसके बाद अजीत कुमार ने अपने खेल का भी प्रदर्शन किया। इस दौरान शारदा सिंह ने इस आयोजन के लिए धनबाद प्रेस क्लब को बधाई दी और कहा कि काम से थोड़ा वक्त निकालकर पत्रकारों को खेलते हुए देखना उन्हें काफी अच्छा लगा। उन्होंने इस दौरान काफी वक्त भी दिया। इस दौरान डी थ्री के शांतनू, 99 ग्रुप के श्याम पांडेय के अलावा धनबाद प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजीव झा समेत सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

## बोकारो रेंज के डीआईजी ने किया वालीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**सिन्दरी (धनबाद) :** यूथ क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर का प्रथम संतोष कुमार गुप्ता मेमोरियल वालीबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन बोकारो रेंज के डीआईजी सुरेंद्र झा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर दिवंगत संतोष कुमार गुप्ता की पत्नी उजाला गुप्ता भी अपने दोनो बच्चे वैभव और वैभवी के साथ मौजूद थी। डीआईजी सुरेंद्र झा ने उद्घाटन समारोह में घोषणा किया कि उजाला गुप्ता को अनुकंपा के आधार पर नौकरी और मुआवजा का शीघ्र भुगतान किया जायेगा। संतोष गुप्ता झारखंड पुलिस में कार्यरत था और 3 दिसंबर 2020 को बिमारी से उनकी मौत हो गई थी। पिछले पांच साल से उजाला गुप्ता अनुकंपा के आधार पर नियोजन के लिए दर दर भटक रही थी। डीआईजी की नियोजन और मुआवजा की घोषणा का श्रेय आयोजकों को जाता है। इस अवसर पर राजपूत विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने उजाला गुप्ता को 20 हजार रुपए की आर्थिक सहायता को दिया और पुत्री वैभवी के अध्ययन के लिए प्रति माह एक हजार रुपए देने की घोषणा की। डीआईजी सुरेंद्र झा ने अरुण कुमार सिंह की सहृदयता के लिए उनकी प्रसंशा की। वालीबॉल टूर्नामेंट चल रहा है। झारखंड पुलिस सहित कुल 6 टीमों ने भाग लिया है।

## टाटा स्टील फाउंडेशन ने मॉडर्न पेंटाथलॉन लेजर रन स्पर्द्धा में द्वितीय रही तनु को दी बधाई



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जोड़ापोखर (धनबाद) :** डिगवाडीह यूथ डेवलपमेंट सेंटर की होनहार एथलीट तनु कुमारी ने उत्तराखंड में आयोजित मॉडर्न पेंटाथलॉन लेजर रन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने न सिर्फ उनके परिवार और गांव का नाम रोशन किया, बल्कि कई युवा लड़कियों को खेल को एक उज्जवल करियर के रूप में अपनाने की प्रेरणा भी दी है। तनु कुमारी को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया और बधाई दी गई। इस अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें संजय राजोरिया, जेनरल मैनेजर, टाटा स्टील झरिया डिवीजन, श्वेता मिश्रा, हेड एडमिनिस्ट्रेशन, टाटा स्टील झरिया डिवीजन, और राजेश कुमार, यूनिट लीड, जामाडोबा, टाटा स्टील फाउंडेशन शामिल थे। राष्ट्रीय खेल, जिसे देश की सबसे उच्च स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में से एक माना जाता है, ओलंपिक जैसी प्रतिष्ठा के साथ आयोजित किए गए। इस वर्ष, मॉडर्न पेंटाथलॉन को एक नए इवेंट के रूप में शामिल किया गया, जिसमें तनु कुमारी के शानदार प्रदर्शन ने न केवल उन्हें ख्याति दिलाई, बल्कि झारखंड राज्य को भी गौरवान्वित किया। टाटा स्टील फाउंडेशन द्वारा संचालित यूथ डेवलपमेंट सेंटर ग्रासरूट एथलीटों और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह केंद्र उन्हें अपना कौशल निखारने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए एक मंच प्रदान करता है। टाटा स्टील फाउंडेशन के ग्रासरूट्स स्पोर्ट्स प्रोग्राम के तहत खेल प्रतिभाओं को निखारने और संवारने का कार्य किया जा रहा है। जिससे दूरदराज के युवाओं तक खेलों की पहुंच बढ़ाई जा सके। खेल को मुख्यधारा में लाने के प्रयासों के तहत, फाउंडेशन ने झरिया डिवीजन में अब तक 8 खेल प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं, जहां 8 से 17 वर्ष के बच्चों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं में भाग लेने के अवसर मिल रहे हैं। वर्तमान में, इन केंद्रों में करीब 340 युवा खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं, जो अपने सपनों को साकार करने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

## धनबाद जिला शिक्षक महासंघ के महासचिव हुए सेवानिवृत्त



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** शिक्षक नंदकिशोर सिंह यादव का स्वागत रविवार को उनके आवास पर सभी शिक्षकों और ओबीसी एसी एसटी एवं माइनॉरिटी के जिला महासचिव गोपाल यादव ने स्वागत किया। श्री यादव ने अपने जीवन काल के 19 साल जिला स्कूल प्राथमिक विद्यालय में योगदान दिए बच्चों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ ज्ञान का दीप जलायें। अंत समय में मध्य विद्यालय दुर्गा मंदिर धनबाद से सेवानिवृत हुए। गोपाल यादव ने कहा उनका जीवन खुशियों से भरा रहे जो उनका मनोकामना हो वह पूर्ण हो और हम लोगों को मार्गदर्शन देते रहे। हम लोगों का शुभकामनाएं उनके साथ है। इस अवसर पर गोपाल यादव, उमेश कुमार यादव, श्रीकांत यादव, राजेश कुमार यादव, पंकज यादव, अशोक वर्मा, डॉ. बी.एन. सिंह यादव, मनन यादव, सुदीस्ट कुमार, सतीश कुमार यादव, जयप्रकाश यादव, सुरेश कुमार चौधरी, सुनील यादव, रमाशंकर सिंह कुशवाहा, राजीव कुमार, राम सेजर यादव, संध्या कुमारी, रामकृष्ण यादव, रामसागर यादव, पीयूष कुमार यादव उपस्थित थे।

### हिन्दू-मुस्लिम एकता बनाये रखने के लिए वन भोज कार्यक्रम का आयोजन



**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखंड क्षेत्र के कर्मा धाम स्थित बराकर नदी के पास वकील सेठ के सौजन्य से एवं मो. खलील अंसारी के नेतृत्व में हिंदू, मुस्लिम एकता बनाए रखने के लिए वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो संयोजक प्रमुख वीरेंद्र पांडेय मौजूद थे। जबकि कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि प्रखंड प्रमुख विजय सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि शंकर सिंह, मुखिया तेलोडीह पंचायत टीपन पासी, मुखिया प्रतिनिधि सिमरिया पंचायत राजेश पासवान, समाजसेवी जनाब शाकिर के अलावे काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित हुए। बैठक में सम्मानित अतिथियों तथा जनप्रतिनिधियों का माल्यार्पण के साथ स्वागत किया गया।

## चंद्र प्रकाश चौधरी ने लगाया जनता दरबार



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**धनबाद :** बाघमारा खानूडीह बसंती चौक पर रविवार को ग्रामीण अधिकार मंच के बैनर तले जन समस्याओ को लेकर सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने जनता दरवार का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्थानीय लोग पहुंच कर अपनी समस्याओ से सांसद को अवगत कराया। साथ ही सांसद से लोगो ने शिकायत किया कि बीसीसीएल मनाने तरीके से अवैध कोयला चोरी करवा रही है। मुख्य रूप से विस्थापित लोगो को उनका अधिकार नही दिया जा रहा है।पानी, बिजली की समस्या का मुख्य कारण बीसीसीएल की मनमानी है। स्थानीय लोगो की समस्याओ को सुनने के बाद सांसद ने लोगो को आश्वासन दिया कि जल्द उनकी समस्याओ का निदान किसी भी स्तर से कराई जाएगी। वहीं सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने बीसीसीएल प्रबंधन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोयला चोरी बंद नही कराई गई तो इसका अंजाम भुगतने के लिए आगे तैयार रहें। उन्होंने बीसीसीएल प्रबंधन को चेताया कि स्थानीय विस्थापित लोगो की मांगों को अगर बीसीसीएल नही मानती है तो इसका अंजाम बुरा होगा। उन्होंने कहा कि यहां के विस्थापितों को भारत सरकार के द्वारा बनाए गए नियमों के आधार पर लोगो को मुआवजा तथा नौकरी देनी होगी। विस्थापितों की समस्याओ तथा कोयला चोरी पर अगर बीसीसीएल सक्रीय नही हुई तो आगे चरणबद्ध तरीके से आन्दोलन होगा। ब्लॉक वन,टू एरिया से लेकर पूरे बाघमारा बीसीसीएल में पूरी तरह से चक्का जाम कर दिया जाएगा। उनके उत्पादन को पूरी तरह से ठप कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा मामले को लेकर केन्द्रीय कोयला मंत्री से भी शिकायत की जाएगी। वहीं सांसद ने स्थानीय लोगो को संयम के साथ अपनी मांगो को लेकर सक्रीय रहने के निर्देश भी दिए।

## एटीएम मशीन से छेड़छाड़, धारकों का नहीं निकला पैसा, फंसा एटीएम में

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**पाथरडीह (धनबाद) :** पाथरडीह थाना क्षेत्र के चासनाला मोड़ स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के समीप स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम मशीन पर रविवार की सुबह साईबर अपराधियों ने एटीएम मशीन में छेड़छाड़ कर पैसे निकासी वाले स्थान पर एक प्लेट लगा दिया। जिससे पैसा की निकासी न हो सके। और बाद में एटीएम ग्राहक के चले जाने के बाद प्लेट हटाकर अपराधी पैसे की निकासी कर लेते है। घटना के सम्बंध में बताते हैं कि रविवार की सुबह में पाथरडीह कोल वाशरी निवासी सुनील कुमार चासनाला एटीएम पहुच कर पैसे निकालने की सारी प्रक्रिया पूरी की 3000 रुपये निकालने के लिए अपना पासवर्ड डाला तथा पैसे कटने का मैसेज भी उन्हें आया, परन्तु पैसा बाहर नहीं आया।

सुदामाडीह मेन कॉलोनी निवासी सतीश कुमार ने भी 3000 रुपये निकासी के लिए पासवर्ड डालकर सारी प्रकिया पूरी की परन्तु पैसे की निकासी नही हुआ। जिसके बाद वह लोग काफी देर इंतजार किया तथा घटना की सूचना पाथरडीह पुलिस को दी। मौके पर पाथरडीह पुलिस पहुँच कर छानबीन करने के बाद एटीएम को बंद कर दिया है। और दोनों भुक्तभोगीयो को सोमवार को बैंक खुलने पर पैसे मिलने का आश्वासन दिया गया। कुछ स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह से ही एक काले रंग की मोटरसाइकिल पर दो युवक काफी देर से एटीएम के आस पास घुम रहे थे।

### केन्द्र व यूपी सरकार के घोर कुप्रबंधन के कारण हो रही है लोगों की मौत : माकपा

**कोडरमा :** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में 12 महिलाएं और तीन बच्चे सहित 18 लोगों की दुखद मौत पर शोक व्यक्त किया है. पार्टी के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना किया है. उन्होंने कहा कि केंद्र और यूपी सरकार की घोर कुप्रबंधन के कारण आम लोगों की मौत हो रही है. पिछले 28 जनवरी को भी प्रयागराज में कुव्यवस्था के कारण सरकारी आंकड़ों के अनुसार 30 लोगों की भगदड़ में मौत हो गई थी. हलांकि प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार मौतों की संख्या हजारों में है. सैकड़ों लोग अब तक लापता हैं. भारी भीड़ में दम घुटने के कारण भी दर्जनों लोगों की मौते हुई है. कुंभ में जाने वाले सैकड़ों लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में भी हुई है, ट्रेनों में चढ़ने उतरने के दौरान भी कई लोगों की जानें गई है. इस तरह की दुर्घटना हर दिन हो रही है।

## वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर मजदूरों ने आउटसोर्सिंग परियोजना का कार्य किया ठप



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**अलकडीहा (धनबाद) :** वेतन बढ़ोतरी की मांग को लेकर विगत 20 दिनों से आंदोलन कर रहे बस्ताकोला क्षेत्र के गोल सिक्स साइडिंग के मजदूरों का धैर्य जवाब दे गया। रविवार को वे लोग आक्रोशित होकर कुजामा आउटसोर्सिंग परियोजना में झंडा लेकर आउटसोर्सिंग का काम बंद करा दिया। ओबी डंपिंग वाले रास्ता में भाकपा माले का झंडा लगा दिया जिसके कारण ओबी डंपिंग का काम पूरी तरह से ठप हो गया। तीसरा पुलिस पहुंच आंदोलनकारियो को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे लोग अपनी मांग परअड़े थे। समाचार लिखे जाने तक परियोजना का काम ठप था। बताते हैं कि गोल सिक्स साइडिंग में डेढ़ सौ ठेका मजदूर कार्यरत है। यहां के मजदूरों का कहना है कि ठेकेदार हम लोगों के साथ भेदभाव कर रहा है। क्योंकि बगल के ही 6 नंबर एवं 9 नंबर साइडिंग के मजदूरों को 13 हजार रुपए वेतन दिया जा रहा है जबकि यहां के मजदूरों को मात्र 11000 रुपए वेतन दिया जा रहा है। इसलिए हम लोग को भी 13000 रुपए वेतन मिलना चाहिए। जिसको लेकर आंदोलन किया जा रहा है। और जब तक हम लोगों की मांग पूरी नहीं होगी तब तक आउटसोर्सिंग का काम बंद रहेगा।

मजदूरों द्वारा आंदोलन किए जाने से केवल आउटसोर्सिंग ही नहीं साइडिंग का भी काम प्रभावित है। रैक लोडिंग नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण बीसीसीएल को लाखों का नुकसान हो रहा है। इधर तिसरा थाना प्रभारी सुमन कुमार ने कुजामा प्रबंधन से वार्ता कराने की कोशिश की लेकिन वार्ता नहीं हो पाई। क्योंकि मजदूर 13000 रुपए पर अड़े थे। जबकि प्रबंधन का कहना था कि यह तो ठेकेदार और मजदूर का मामला है इसमें हम लोग क्या कर सकते हैं। आन्दोलन करने वालो में बिंदा पासवान, राजेंद्र पासवान, सपन पासवान, कामता पासवान, नरेश निषाद, शंकर भुइयां, राम प्रसाद मलिक, चंदा चौहान, राजेश आदी शामिल थे।

# श्याम मंदिर झरिया धाम में शिव परिवार व माता शीतला प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के तहत हुआ अधिवास



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**झरिया (धनबाद) :** श्री श्याम मंदिर झरिया धाम में शिव परिवार एवं माता शीतला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दूसरे दिन रविवार को शिव परिवार एवं माता शीतला का फलाधिवास, पुष्पाधिवास, घृताधिवास, 81 कलश द्वारा महास्नान, संध्या 4:00 बजे से नगर भ्रमण 51 निशान एवं शईया अधिवास किया गया। पुजारी कैलाश पांडे, गोपाल पांडे, अशोक पांडे, जितेंद्र पांडे और संतोष पांडे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चरण के साथ सभी विधान संपन्न कराया गया। मुख्य यजमान के रूप में रघुवीर गोयल, सरिता अग्रवाल, शिव कुमार अग्रवाल व संतोष अग्रवाल एवं मंदिर कमेटी के धर्म प्रकाश खेतन, रमेश लोयलका, अभिषेक अग्रवाल, विवेक सिंगल (आवरण), संदीप कथूरिया, दिनेश अग्रवाल राजेश तुलस्यान, नवीन पोद्दार मौजूद थे।

## नव निर्माण मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह, प्रथम दिवस को क्षेत्र में निकली कलश यात्रा



**कतरास (धनबाद) :** जोगता पुराना श्याम बाजार, 6 नं0, सिजुआ में नव निर्माण शिव पार्वती सह हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे धूम धाम से 251 कलश की जलयात्रा निकाली गयी। जलयात्रा, यज्ञ मंडप, प्रवेश, वेदी पूजन, हवन, आरती एवं भजन कृतन, नगर भ्रमण, हवन, आरती एवं भजन कृतन प्राण प्रतिष्ठा तथा पूणार्हुति पर पूजा कमेटी के सदस्यों ने अपील किया कि आप सभी धर्मप्रेमियों से, भक्तगण से आग्रहपूर्ण निमंत्रण स्वीकार कर इस पूजन को तन-मन-धन अर्पण कर सफल बनाकर अपने अपने परिवार, समाज एवं देश तथा विश्व का उद्धार कर यश के भागी बने और हमे कृतार्थ कर भविष्य को उज्ज्वल बनाये।

## सम्पादकीय.....

# आईएनडीआईए पर कितना असर ?

**दिल्ली** विधानसभा चुनावों में भाजपा ने जीत का परचम लहरा दिया है। अंदेशा भी यही था। आम आदमी पार्टी सत्ता से बाहर हो गयी है, वहीं कांग्रेस पार्टी के हाथ एक बार फिर शून्य ही लगा है। अरविन्द केजरीवाल की पार्टी ने इस बार 43.57 फीसदी वोट और 22 सीटें हासिल कीं। कांग्रेस पार्टी का भी वोट प्रतिशत अपेक्षाकृत बढ़ा है। लेकिन, इस वृद्धि को संतोषजनक तो कहीं से भी नहीं कहा जा सकता। हां, शून्य का हैट्रिक लगाने के बाद कांग्रेस को आआपा की पराजय सुनिश्चित करने का संतोष अवश्य मिला है। स्थिति यह हो गयी है कि आम आदमी पार्टी के समक्ष अब पार्टी के बिखराव का खतरा मंडराने लगा है। बहरहाल, दिल्ली विधानसभा चुनावों के परिणामों ने भाजपा के लिए खुशियों के कमल खिला दिये हैं। जो बात इन चुनाव परिणामों को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आन्दोलन से निकली आम आदमी पार्टी का हश्र। उसकी इस पराजय का विपक्षी इंडिया गठबंधन पर भी गम्भीर प्रभाव पड़ेगा। वैसे, लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए चुनाव हार कर सत्ता से बाहर होना कोई चकित करनेवाली बात नहीं है। लगातार दो चुनावों में दिल्ली से विपक्ष का लगभग सफाया कर देनेवाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गयी हो, लेकिन 43.57 फीसदी वोट उसे इस बार भी मिले हैं। उसके 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं। तात्पर्य यह कि मजबूत विपक्ष की भूमिका में वह अब भी बनी रहेगी। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन परिणामों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गयी है। वैसे, हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि आन्दोलन से निकली इस पार्टी की ताकत यह थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को सम्बल दिये थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविन्द केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बन कर उभरे थे। लेकिन, हाल के दिनों का कड़वा सच यही है कि न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी, बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ गया। वैसे, पार्टी के केन्द्र में सदैव केजरीवाल ही रहे और आज भी हैं। लेकिन, अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गयी है, बल्कि वह स्वयं भी चुनाव हार गये हैं। उन पर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। इन स्थितियों के कारण पार्टी के बिखराव का खतरा भी मंडराने लगा है। देखनेवाली बात होगी कि पार्टी इस खतरे का शमन कैसे करती है। गौरतलब है कि दिल्ली के इन चुनावों में आआपा और कांग्रेस एक-दूसरे के खिलाफ आमने-सामने दिखी थीं। विपक्षी गठबंधन के कई प्रमुख घटक दल भी आआपा का स्पष्टतः पक्ष लेते दिखे थे। कहना गलत नहीं होगा कि आईएनडीआईए में कांग्रेस को किनारे लगाने के लिए हर दांव चला गया। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि आईएनडीआईए गठबंधन पर दिल्ली विधानसभा चुनावों के परिणाम का कितना और किस रूप में प्रभाव पड़ता है।

## ● किसने क्या कहा



जनजातीय विरासत को प्रस्तुत और प्रोत्साहित करने में प्रमुख है आदि महोत्सव का आयोजन

**द्रौपदी मुर्मू**
**राष्ट्रपति**

भारत को विकसित बनाने में कपड़ा क्षेत्र का भी होगा बड़ा योगदान

**नरेन्द्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**



# ट्रम्प के साथ नयी पारी की शुरुआत

विशेष | **डॉ. दिलीप अग्निहोत्री**

**बैठक** में भारत में इलेक्ट्रिक व्हीकल उत्पादन, सौर ऊर्जा, स्पेस टेक्नोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में संभावित सहयोग पर चर्चा हुई। मस्क ने भारत के नवाचार उन्मुख दृष्टिकोण और न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन की नीति की सराहना की। पिछले वर्ष ही नासा व इसरो अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए एक संयुक्त मिशन पर सहमत हुए हैं। मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ने जनरल एटॉमिक्स एमक्यू रीपर सशस्त्र ड्रोन की खरीद पर एक मेगा सौदे की घोषणा की। एमक्यू रीपर ड्रोन भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। इसकी तैनाती हिंद महासागर, चीनी सीमा के साथ अन्य अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। अमेरिका और भारत के बीच जेट इंजन के सह-उत्पादन पर भी समझौता हुआ है।

**अमेरिका** से साथ मजबूत रिश्तों की शुरुआत नरेन्द्र मोदी के पहले कार्यकाल में हो चुकी थी। उस समय बराक ओबामा अमेरिका के राष्ट्रपति थे। उन्होंने कतिपय भारतीय सांसदों की मोदी को वीजा न देने की अपील वाली चिट्ठी रद्दी की टोकरी में फेंक दी थी। उन्होंने स्वयं नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित किया। मोदी के लिए अमेरिका में रेड कार्पेट बिछाई गई। बराक भी भारत आए और इस तरह सामरिक व व्यापारिक साझेदारी आगे बढ़ी। बराक के जिन चुनिंदा विश्व नेताओं से अति घनिष्ठ संबंध थे, उनमें नरेन्द्र मोदी शीर्ष पर रहे हैं। बराक की यह परम्परा उनके उत्तराधिकारी डोनाल्ड ट्रम्प ने भी आगे बढ़ाई। उनके कार्यकाल में भी दोनों देशों के रिश्ते मजबूत हुए।नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत की भूमिका का विस्तार हुआ। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत का महत्व बढ़ा है। इसको भी बाइडेन समझते हैं। नरेन्द्र मोदी और डोनाल्ड ट्रम्प के पिछले कार्यकाल के दौरान दोनों की बेहतर आपसी समझ थी। उस दौर में दोनों देश के बीच साझेदारी का विस्तार हुआ था। जो बाइडेन के दृष्टिकोण को लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी। कहा गया कि वह अनेक मुद्दों पर भारत का विरोध कर चुके है। लेकिन यह उस समय की बात है जब वह राष्ट्रपति नहीं बने थे। राष्ट्रपति बनने के बाद उनका निजी रुख ही महत्वपूर्ण नहीं रह जाता। बल्कि अमेरिकी अवाम का रुख देखना भी राष्ट्रपति के लिए अपरिहार्य हो जाता है। अमेरिका के लोग भी आतंकवाद के विरोधी हैं। इस पर नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट रुख वहां चर्चा में रहता है। आमजन इससे प्रभावित है। इसके अलावा भारत व अमेरिका की आर्थिक व्यापारिक सामरिक साझेदारी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास बढ़ा है। सहयोग का नया अध्याय शुरू हुआ है। नेतृत्व के आधार पर विदेश नीति का प्रभाव निर्धारित होता है। देश वही रहता है, लेकिन नेतृत्व बदलते ही अंतरराष्ट्रीय जगत में उसकी भूमिका में बदलाव आ जाता है। नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय विदेश नीति का प्रभाव बढ़ा है। नरेन्द्र मोदी अमेरिका से 'बहुत कुछ लेकर' आज स्वदेश लौट रहे हैं। उन्होंने अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समेत अनेक दिग्गजों से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी फ्रांस से अमेरिका पहुंचे। ट्रंप ने जनवरी में दूसरे कार्यकाल के लिए राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद भारत के साथ पहली द्विपक्षीय वार्ता की मेजबानी की। व्यापार एवं प्रौद्योगिकी, रक्षा एवं सुरक्षा, ऊर्जा और दोनों देशों के नागरिकों के मध्य संबंधों सहित विभिन्न विषयों पर उच्चस्तरीय द्विपक्षीय वार्ता। अरबों डॉलर की सैन्य आपूर्ति करेगा अमेरिका। भारत को एफ पैंतीस लड़ाकू विमान मिलने का मार्ग प्रशस्त।दोनों देशों के बीच ऊर्जा समझौता। भारत में अमेरिका तेल और गैस का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनेगा। भारत और अमेरिका कट्टरपंथी इस्लामी आतंक के खतरे का मिलकर मुकाबला करेंगे।

अमेरिका मुंबई हमले में शामिल तहव्वुर राणा को भारत को सौंपेगा। प्रत्यर्पण को मंजूरी दोनों देश महत्वाकांक्षी भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे पर मिलकर काम करेंगे। जल्द ही बड़े व्यापार सौदों की घोषणा संभव। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय मूल के उद्यमी विवेक रामास्वामी से मुलाकात की। दोनों के बीच भारत-अमेरिका संबंधों, नवाचार, जैव प्रौद्योगिकी और अन्य मुद्दों पर बातचीत। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज से मुलाकात। इस दौरान विदेशमंत्री एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे। ब्लेयर हाउस में अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात। भारत-अमेरिका मैत्री पर चर्चा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्लेयर हाउस में स्पेस एक्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एलन मस्क से भेंट। अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों पर बातचीत। ट्रंप ने पिछले महीने मस्क को नवगठित सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख नियुक्त किया है। मस्क अमेरिकी ऑटोमोटिव और स्वच्छ ऊर्जा कंपनी टेस्ला के भी सीईओ हैं। नरेन्द्र मोदी अपने अमेरिका दौरे के तहत कई उच्चस्तरीय बैठकों में शामिल हुए। गुरुवार को उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज और टेस्ला व स्पेसएक्स के प्रमुख एलन मस्क से मुलाकात की। इन बैठकों में रक्षा, प्रौद्योगिकी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर और अंतरिक्ष सहयोग सहित कई अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। माइकल वाल्ट्ज के साथ रक्षा और सुरक्षा पर चर्चाप्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें विदेश मंत्री एस. जयशंकर और भारतीय एनएसए अजीत डोभाल भी शामिल रहे। इस बातचीत में भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने रक्षा औद्योगिक सहयोग, असैन्य परमाणु ऊर्जा, आतंकवाद विरोधी रणनीतियों और छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। इसके अलावा, रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत और अमेरिका के बीच साझेदारी को मजबूत करने के लिए विभिन्न संभावनाओं पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी ने माइकल वाल्ट्ज को भारत-अमेरिका संबंधों का प्रबल समर्थक बताते हुए कहा कि रक्षा, प्रौद्योगिकी और सुरक्षा हमारे द्विपक्षीय संबंधों के प्रमुख स्तंभ हैं।

# आयकर कानून के सरल होने से विवाद घटेंगे

गौरतलब | **ललित गर्ग**

**खासकर**, पिछले करीब डेढ़ दशक में यह ट्रेंड बहुत तेजी से बढ़ा। नौबत ऐसी आ गयी कि 2023-24 तक टैक्स संबंधी मुकदमों में विवादित रकम बढ़ कर 15.4 लाख करोड़ रुपये हो गयी, जिसका करीब 87 प्रतिशत हिस्सा डायरेक्ट टैक्स से जुड़ा है। सम्भावनाएं हैं एवं सराहनीय भी है कि नये कानून के लागू होने से विवाद भी कम होंगे एवं जनता भी राहत की सांस लेगी। निश्चित ही यह कदम स्वागतयोग्य है।

**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में गुरुवार को 64 साल पुराने आयकर कानून-1961 के सरलीकरण और इसमें चले आ रहे बेवजह के प्रविधानों को समाप्त करने के उद्देश्य से नया इनकम टैक्स बिल-2025 पेश कर दिया। 622 पन्नों के इस विधेयक में 536 धाराएं शामिल हैं। जबकि आयकर कानून-1961 में 1647 पन्ने और 819 धाराएं रही है। इस विधेयक में कई पुराने और जटिल प्रावधानों को हटाकर करदाताओं के लिए इसे आसान और पारदर्शी बनाया गया है। नए कानून का उद्देश्य कर प्रक्रिया को स्पष्ट, सहज, सरल और कानूनी उलझनों से मुक्त बनाना है जिससे लंबे समय तक चलने वाले विवादों की संख्या कम हो। इसे लागू करने की संभावित तारीख 1 अप्रैल 2026 तय की गई है। निश्चित ही नये आयकर कानून से टैक्स व्यवस्था में पारदर्शिता और सरलता के नए दौर की शुरूआत होगी, यह आयकर कानून का नया सूरज है, जो जटिलताओं एवं पेचिदगियों की जगह सरलता एवं सहजता की रोशनी बनेगा। मौजूदा आयकर कानून की तुलना में नया आयकर कानून शब्दों और धाराओं की संख्या के हिसाब से काफी छोटा है, पुराने इनकम टैक्स एक्ट में 5.12 लाख शब्द थे, जबकि नए बिल में सिर्फ 2.6 लाख शब्द हैं। एक्ट के अलग-अलग चैप्टर भी 47 से घटाकर 23 कर दिए गए हैं, नए कानून में 1,200 प्रावधान और 900 स्पष्टीकरण हटा दिए गए हैं। इन बदलावों का मकसद यह है कि लोग आसानी से आयकर के नियम समझ सकें और टैक्स भरने की प्रक्रिया पहले से आसान हो जाए। यह बिल आयकर प्रावधानों को सरल और आसान बनाने के बड़े मकसद से जुड़ा है, जिसका फायदा आने वाले वर्षों में दिख सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रारंभ से ही कम-से-कम कानूनों एवं सरल-व्यवस्था के हिमायती रहे हैं। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर देश में आर्थिक क्रांति का शंखनाद अनेक मोर्चें पर हो रहा है। न केवल भारत की अर्थव्यवस्था बदली है बल्कि हमारे आसपास की पूरी दुनिया बदल चुकी है। 1961 में बने आयकर कानून में बदलती जरूरत के मुताबिक नए-नए संशोधन होते रहे, जिससे इसकी जटिलता बढ़ती चली गई। यह जटिलता न केवल करदाताओं को उलझन में डालती थी बल्कि कानूनी प्रावधानों की कई तरह से व्याख्या अनेक उलझने एवं विवाद खड़ा करती रही है। इन जटिल होती परिस्थितियों का परिणाम यह हुआ कि अपने देश में टैक्स को लेकर विवाद लगातार बढते.गये। इन लगातार बढ़ते विवादों के कारण ही इसे दुनिया की टैक्स विवादों की राजधानी कहा जाने लगा।

## आज का इतिहास

- जर्मनी ने 1370 में रुडाउ की लड़ाई में लिथुआनिया को हराया।
- सिंहगढ़ कि ले को 1670 में छत्रपति शिवाजी महाराज ने मुगलों से जीता।
- औरंगजेब ने 1698 में जिंजी के कि ले पर कब्जा कर लिया।
- फ्रांस के खिलाफ प्रसिया ने 1813 में जंग का एलान किया।
- स्वेज नहर से 1867 को पहला जहाज गुजरा।
- सैन फ्रांसिस्को शहर में 1878 में पहली बार टेलीफोन एक्सचेंज खोला गया।
- सन 1882 में सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पहला टेस्ट मैच खेला गया।
- महात्मा गांधी जी ने 1915 में पहली बार शांतिनिकेतन का दौरा किया।
- जिसमे दीनानाथ मंगेशकर ने तेजस्विनी की भूमिका अदा की तथा वीर वामनराव जोशी द्वारा लिखित रणदुंदुभी नाटक का 1927 में मुंबई में प्रयोग हुआ।
- वायसराय निवास में लॉर्ड इरविन ने 1931 में गांधी जी का स्वागत किया।
- अमेरिका की साप्ताहिक पत्रिका 'न्यूजवीक' प्रकाशित 1933 में हुई।
- 1934 में पर्वतारोहण के दौरान बेल्जियम नरेश अल्बर्ट प्रथम की मौत हुई।
- सोवियत संघ में 'वायस ऑफ अमेरिका' का प्रसारण 1947 में शुरू किया गया।
- जर्मनी के हैम्बर्ग में 1962 में हुए तूफान से लगभग 300 लोगों की मौत।
- ब्रिटिश संसद ने 1972 में यूरोपीय समुदाय में शामिल होने का प्रस्ताव पारित किया।
- मकाऊ ने 1976 में संविधान को अंगीकार किया।
- चीन की सेना ने 1979 में वियतनाम पर हमला किया।
- नीदरलैंड ने 1983 में संविधान को अंगीकार किया।
- फूलनदेवी हत्याकांड का मुख्य अभियुक्त शमशेर सिंह राणा 2004 को तिहाड़ जेल से फरार।
- बांग्लादेश की लेखिका तसलीमा नसरीन ने 2005 में भारतीय नागरिकता की मांग की।

## अंकजाल - 7822

*खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है।*



**अंकजाल 7821 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुविचार

सफलता हमेशा के लिए नहीं होती, विफलता कभी घातक नहीं होती, यह तो लगे रहने की प्रवृत्ति है, जो मायने रखती है।

**विंस्टन चर्चिल**

हमारे जीवन का उस दिन अंत होना शुरू हो जाता है, जिस दिन हम उन विषयों के बारे में चुप रहना शुरू कर देते हैं, जो मायने रखते हैं।

**मार्टिन लूथर किंग**

## उत्तम शरण है धर्म

**धर्म** के बारे में भिन्न-भिन्न अवधारणाएं हैं। कुछ जीवन के लिए धर्म की अनिवार्यता को स्वीकार करते हैं। कुछ लोगों का अभिमत है कि धर्म ढकोसला है। वह आदमी को पंगु बनाता है और रूढ़ धारणाओं के घेरे में बंदी बना लेता है। शायद इन्हीं अवधारणाओं के आधार पर किसी ने धर्म को अमृत बताया और किसी ने अफीम की गोली। ये दो विरोधी तत्व हैं। इन दोनों ही तथ्यों में सत्यांश हो सकता है, यह अनेकांतवादी चिंतन का फलित है। धर्म की अनिवार्यता स्वीकार करने वालों के लिए धर्म है अंधकार से प्रकाश की यात्रा। आलोक आदमी के भीतर है। उसे पाने के लिए इधर-उधर भटकने की जरूरत नहीं है। आलोक तक वही पहुंच सकता है, जो अंतमरुखी होता है। अंतमरुखता धर्म है और बहिर्मुखता अधर्म है। अंतमरुखता प्रकाश है और बहिर्मुखता अंधकार है। अंतर्मुखता धर्म है और बहिर्मुखता अधर्म है। अंतर्मुखता आचार है और बहिमरुखता अतिचार है। जो व्यक्ति जितना भीतर झांकता है, उतना ही धर्म के निकट होता है। धर्म को मानने वाले वे प्रबुद्ध लोग हैं जिन्होंने पूजा और उपासना को ही धर्म मान लिया। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा आदि धर्म-स्थानों में जाने वाले व्यक्तियों के हर आचरण को धर्म समझ लिया। धार्मिक क्रियाकांडों तक जिनकी पहुंच सीमित हो गई और धार्मिकों की दोहरी जीवनपद्धति को देखकर जो उलझ गए।

# भारत का लोकतंत्र : केवल व्यवस्था नहीं, आत्मसम्मान की पराकाष्ठा

**प्रो. आरके जैन**

**जब** कोई विचार सत्ता के भय से मुक्त होकर जनमानस की आवाज बन जाता है और जब अधिकारों की परछाइयों में नहीं, बल्कि खुले आकाश तले स्वतंत्रता सांस लेती है, तब लोकतंत्र जन्म लेता है। यह मात्र एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि समाज की आत्मा और प्रत्येक नागरिक की बुलंद पुकार है। यह केवल राजनीतिक ढांचा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, समानता और जनभागीदारी की वह अमूल्य विरासत है, जो पीढ़ियों तक अपनी उज्ज्वल आभा बिखेरती रहती है। यह विचारों की वह प्रवाहमान नदी है, जो राष्ट्र की धमनियों में ऊर्जा का संचार करती है और समय की हर चुनौती को पार कर आगे बढ़ती है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में जब कुछ विशेषज्ञों ने लोकतंत्र के भविष्य पर संदेह जताया, तब भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने तर्कों और अडिग विश्वास से उन शंकाओं को ऐसा धारदार उत्तर दिया कि संपूर्ण वैश्विक मंच उनकी दृढ़ता को नमन करने पर विवश हो गया।

उन्होंने लोकतंत्र को संकटग्रस्त बताने वालों की भ्रांति को तर्कों की कठोर चट्टान से चकनाचूर किया और भारत की लोकतांत्रिक शक्ति को एक जीवंत उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने आत्मविश्वास से कहा, 'मैं अभी-अभी अपने राज्य के चुनाव में भाग लेकर आया हूँ। पिछले वर्ष हमारे देश में राष्ट्रीय चुनाव हुए, जहाँ दो-तिहाई मतदाताओं ने अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया।' इतना कहते हुए उन्होंने अपनी उंगली पर लगी मतदान की अमिट स्याही भी गर्वपूर्वक दिखाई। यह केवल एक प्रतीक नहीं था, बल्कि यह संदेश था कि लोकतंत्र भारत में केवल जीवित नहीं, बल्कि सशक्त और समृद्ध है।

जयशंकर ने पश्चिमी देशों की उस संकीर्ण मानसिकता को चुनौती दी, जो लोकतंत्र को अपनी बपौती समझते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र कोई पश्चिम से आयातित विचारधारा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा में युगों से प्रवाहित एक जीवंत परंपरा है। सहमति, संवाद और जनभागीदारी की जड़ें भारत में उन पश्चिमी देशों से कहीं अधिक गहरी और प्राचीन हैं, जो स्वयं को लोकतंत्र के संरक्षक मानते हैं। उन्होंने कहा, ₹यदि लोकतंत्र को वैश्विक स्तर पर फलने-फूलने देना है, तो पश्चिम को अपनी श्रेष्ठतावादी सोच त्यागनी होगी और भारत जैसे सशक्त लोकतांत्रिक मॉडलों को उचित मान्यता देनी होगी।₹ यह केवल एक वक्तव्य नहीं था, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था कि लोकतंत्र पर आधिपत्य जताने वालों को वास्तविकता स्वीकारनी होगी।

जब अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लॉटकिन ने व्यंग्यपूर्ण स्वर में कहा, 'लोकतंत्र भोजन की व्यवस्था नहीं करता,' तो जयशंकर ने एक त्वरित, लेकिन प्रभावशाली उत्तर दिया– 'सीनेटर, आपने कहा कि लोकतंत्र भोजन की व्यवस्था नहीं करता। लेकिन मेरे देश में, यह करता है। हम 80 करोड़ लोगों को भोजन और पोषण सहायता देते हैं, और यह संभव हुआ है क्योंकि हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं।' उनका यह जवाब महज एक तर्क नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सामाजिक जिम्मेदारी और उसकी वास्तविक शक्ति का प्रमाण था। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन का औजार नहीं है, बल्कि नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला एक उत्तरदायी और सशक्त तंत्र है।

## राशिफल

**मेष:** शनैः शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। प्रेमभाव बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**तुला:** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। सुख-आनंद कारक समय है।

**वृष:** स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे।

**वृश्चिक:** मनोविनोद बढ़ेंगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

**मिथुन:** कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**धनु:** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ प्राप्त हो सकता है।

**कर्क:** आध्यात्मिक रुचि बनेगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आयेंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**मकर:** किसी से कहा सुनी न हो, यही ध्यान रहे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी।

**सिंह:** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**कुंभ:** कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कन्या:** आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियंत्रण रखें। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी।

**मीन:** मायूस न हो समय चक्र हैं। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

# महान साधक थे रामकृष्ण परमहंस

गौरतलब | **रमेश सर्राफ धमोरा**

**ज्योतिषियों** की भविष्यवाणी सुन इनकी माता चन्द्रा देवी तथा पिता खुदिराम अत्यन्त प्रसन्न हुए। इनको बचपन में गदाधर नाम से पुकारा जाता था। पांच वर्ष की उम्र में ही वो अद्भुत प्रतिभा और स्मरणशक्ति का परिचय देने लगे। अपने पूर्वजों के नाम व देवी-देवताओं की स्तुतियां, रामायण, महाभारत की कथायें इन्हे कंठस्थ याद हो गयी थी। 1843 में इनके पिता का देहांत हो गया तो परिवार का पूरा भार इनके बड़े भाई रामकुमार पर आ पड़ा था।

**रामकृष्ण** परमहंस भारत के एक महान संत, आध्यात्मिक गुरु एवं विचारक थे। इन्होंने सभी धर्मों की एकता पर जोर दिया। उन्हें बचपन से ही विश्वास था कि ईश्वर के दर्शन हो सकते हैं। अतः ईश्वर की प्राप्ति के लिए उन्होंने कठोर साधना और भक्ति का जीवन बिताया। स्वामी रामकृष्ण मानवता के पुजारी थे। साधना के फलस्वरूप वह इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि संसार के सभी धर्म सच्चे हैं और उनमें कोई भिन्नता नहीं। वे ईश्वर तक पहुँचने के भिन्न-भिन्न साधन मात्र हैं। 19 वीं शताब्दी में श्री रामकृष्ण परमहंस एक रहस्यमयी और महान योगी पुरुष थे। जिन्होंने काफी सरल शब्दों में अध्यात्मिक बातो को सामान्य लोगो के सामने रखा। जिस समय हिन्दू धर्म बड़े संकट में फंसा हुआ था उस समय श्री रामकृष्ण परमहंस ने हिन्दू धर्म में एक नयी उम्मीद जगाई।

रामकृष्ण के जीवन में अनेक गुरु आये पर अन्तिम गुरुओं का उनके जीवन पर बहुत प्रभाव पड़ा। एक थी भैरवी जिन्होने उन्हे अपने कापालिक तंत्र की साधना करायी और दूसरे थे श्री तोतापुरी उनके अन्तिम गुरु। गंगा के तट पर दक्षिणेश्वर के प्रसिद्व मंदिर में रहकर रामकृष्ण मां काली की पूजा किया करते थे। गंगा नदी के दूसरे किनारे रहने वाली भैरवी को अनुभुति हुई कि एक महान संस्कारी व्यक्ति रामकृष्ण को उसकी दीक्षा की आवश्यकता हैं। गंगा पार कर वो रामकृष्ण के पास आयी तथा उन्हे कापालिक दीक्षा लेने को कहा। रामकृष्ण ने भैरवी द्वारा बतायी पद्धति से लगातार साधना कर मात्र तीन दिनों में ही सम्पूर्ण क्रिया में निपुण हो गये।

रामकृष्ण के अन्तिम गुरु तोतापुरी थे जो सिद्ध तांत्रिक तथा हठ योगी थे। उन्होने रामकृष्ण को दीक्षा दी। रामकृष्ण को दीक्षा दी गई परमशिव के निराकार रुप के साथ पूर्ण संयोग की। पर आजीवन तो उन्होने मां काली की आराधना की थी। वे जब भी ध्यान करते तो मां काली उनके ध्यान में आ जाती और वे भावविभोर हो जाते। जिससे निराकार का ध्यान उनसे नहीं हो पाता था।

तोतापुरी ध्यान सिद्ध योगी थे। उनको अनुभव हुआ कि रामकृष्ण के ध्यान में मां काली प्रतिष्ठित हैं। उन्होने शक्ति सम्पात के द्वारा रामकृष्ण को निराकार ध्यान में प्रतिष्ठित करने के लिये बगल में पड़े एक शीशे के टुकड़े को उठाया और उसका रामकृष्ण के आज्ञाचक्र पर आघात किया जिससे रामकृष्ण को अनुभव हुआ कि उनके ध्यान की मां काली चूर्ण-विचूर्ण हो गई हैं और वे निराकार परमशिव में पूरी तरह समाहित हो चुके हैं। वे समाधिस्थ हो गये। ये उनकी पहली समाधी थी जो तीन दिन चली। तोतापुरी ने रामकृष्ण की समाधी टूटने पर कहा। मैं पिछले 40 वर्षो से समाधि पर बैठा हूं पर इतनी लम्बी समाधी मुझे कभी नही लगी। श्री रामकृष्ण परमहंस का जन्म पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में कामारपुकुर नामक गांव में 18 फरवरी 1836 को एक निर्धन निष्ठावान ब्राहमण परिवार में हुआ था। इनके जन्म पर ही ज्योतिषियों ने रामकृष्ण के महान भविष्य की घोषणा कर दी थी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक : नागेंद्र नारायण सिंह, सम्पादक (झारखंड) : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 9431191443 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## एक झलक

### सरहुल पर्व की तैयारी को लेकर सरना समिति ने की बैठक

**लातेहार** : जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय भवन के समीप वासावडा में रविवार को सरना समिति द्वारा सरहुल पर्व की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पहलू उरांव ने की। इस अवसर पर आगामी 1 अप्रैल को सरहुल पर्व को भव्य तरीके से मनाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। पर्व की तैयारियों के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सौंपी गईं। अध्यक्ष पहलू उरांव ने बताया कि इस वर्ष सरहुल पर्व को विशेष रूप से आकर्षक बनाने के लिए भव्य पूजा-अर्चना, झंडा-बैनर सजावट और प्रचार-प्रसार जैसे कार्य किए जाएंगे।पूर्व कोषाध्यक्ष रन्थू उरांव ने कहा कि 1 अप्रैल को आदिवासी समाज वासावडा में सरहुल पर्व को धूमधाम से मनाएगा। उन्होंने बताया कि तैयारियों को लेकर सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के साथ गहन चर्चा की गई और कार्य विभाजन सुनिश्चित किया गया।बैठक में समिति के सचिव विरसा मुंडा, जिप सदस्य विनोद उरांव, नावागढ़ मुखिया प्रवेश उरांव, मोती उरांव, तुलेश्वर उरांव, सर्वजीत उरांव, रामचरण उरांव, सुदर्शन उरांव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### 10 प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप सब्जी मंडी से परेशान हैं प्रखंडवासी

**भवनाथपुर** : प्रखंड के टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के समीप सब्जी मंडी लगने से आए दिन सड़क पर जाम की स्थिति रहती है।खासकर साप्ताहिक बाजार रविवार और बुधवार को ज्यादा जाम रहता है, जिससे प्रखंड वासी परेशान है। इससे सड़क सिकुड़ कर सकरी रह जाती है। यहां से निकलने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी डीएवी विद्यालय एवं शिशु सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय कि बसे जाम फस जाती है। पैदल चल कर विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं भी परेशान हो जाते हैं। राहगीर इन सड़कों से निकलने के दौरान घायल भी हो जाते है। इस समस्या को देखते हुए कई बार प्रशासन ने पुराने सब्जी मंडी में लगाए जाने के लिए आदेश दिया था।

### पतौड़ा झील में बर्ड वॉक का आयोजन

**साहिबगंज** : वन बचाओ समिति ने रविवार को उधवा के पक्षी आश्रयणी में बर्ड वॉक का आयोजन किया। इसमें पीएमश्री नवोदय विद्यालय, राजमहल मॉडल कॉलेज और उधवा हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने भाग लिया। बर्ड वॉक का नेतृत्व पक्षी विशेषज्ञ संजय खाखा, अविनाश कुमार और दशरथ ठाकुर ने किया। उन्होंने छात्रों को विभिन्न पक्षी के प्रजातियों की पहचान, उनके आवास, प्रवास और संरक्षण के महत्व के बारे में जानकारी दी। विशेषज्ञों ने पक्षियों की पहचान, प्रवास और पारिस्थितिकी में उनकी भूमिका पर जानकारी दी। अधिकारियों ने छात्रों को जैव विविधता के संरक्षण की आवश्यकता और पक्षियों की पारिस्थितिकी में भूमिका के बारे में बताया। कार्यक्रम में वन परिसर पदाधिकारी राणा रंजीत चौधरी, उप वन परिसर पदाधिकारी इंद्रजीत कुमार, नमामि गंगे के डीपीओ अमित मिश्रा सहित वन विभाग के अधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

### बरवाडीह में पुलिस का सख्त वाहन चेकिंग अभियान

**बरवाडीह/लातेहार** : पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशानुसार बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा और अपराध नियंत्रण को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को थाना गेट के समीप विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया, जिसमें बिना हेल्मेट और आवश्यक कागजात के वाहन चला रहे चालकों को रोका गया।पुलिस ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सख्त हिदायत दी। बिना हेल्मेट वाहन चला रहे चालकों को हेल्मेट अनिवार्य रूप से पहनने की सलाह दी गई, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली चोटों से बचा जा सके। इस दौरान कई वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच की गई और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की गई।

## साहित्य महोत्सव का दूसरा दिन

# विविध सत्रों में समृद्ध साहित्यिक और सांस्कृतिक चर्चा

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद एवं कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में जिला प्रशासन गुमला द्वारा आयोजित द्वितीय गुमला साहित्य महोत्सव के दूसरे दिन का कार्यक्रम आज प्रातः 10 बजे से अपराह्न 6 बजे तक संपन्न हुआ। इस अवसर पर साहित्य, शिक्षा, भाषा, आदिवासी संस्कृति एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रख्यात लेखकों, कवियों, शिक्षाविदों, युवाओं एवं बुद्धिजीवियों ने भाग लिया।

**प्रथम सत्र : किताबें करती हैं बात**

**इस** सत्र में लेखक एवं प्रकाशक अक्षय बहिबाला, शताब्दी मिश्रा, अनुकृति उपाध्याय, चंद्रहास चौधरी एवं विक्रम कुमार ने पुस्तक संस्कृति और इसके प्रचार-प्रसार पर विचार-विमर्श किया। शताब्दी मिश्रा एवं अक्षय बहिबाल ने वॉकिंग बुक फेयर₹ की अवधारणा प्रस्तुत की और बताया कि किस प्रकार वे ओडिशा समेत 20 राज्यों में पुस्तक जागरूकता अभियान चला चुके हैं। अक्षय बहिबाला ने कहा कि पुस्तकें केवल शहरी नहीं, बल्कि ग्रामीण समाज के लिए भी सहज उपलब्ध होनी चाहिए। चंद्रहास चौधरी ने घर में पुस्तकालय स्थापित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। अनुकृति उपाध्याय ने भाषा और साहित्य के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि हम असीमित हैं, यदि कोई सीमा है तो वह केवल जानकारी के अभाव के कारण है। विक्रम कुमार ने पुस्तकों को सबसे सुलभ एवं किफायती शौक बताया।



**द्वितीय सत्र : तेलोंग सिक्की स्क्रिप्ट पर चर्चा**

**इस** सत्र में डॉ. नारायण उरांव ने तेलोंग सिक्की लिपि की ऐतिहासिकता एवं वैज्ञानिक पद्धति से इसके विकास पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने इस लिपि को यूनिकोड मान्यता दिलाने के लिए केंद्र सरकार से मंच के माध्यम से आग्रह किया।

**तृतीय सत्र : आदिवासी साहित्य एवं कविता**

**इस** सत्र में चर्चित कवि एवं पत्रकार जशांता केरकेट्टा ने आदिवासी समाज, पहचान, विस्थापन एवं लिंग आधारित हिंसा पर केंद्रित अपनी कविताएं प्रस्तुत कीं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज को अपनी पहचान बनाए रखने और वैश्विक विमर्श में केंद्र में आने की आवश्यकता है। अनुज लुगुन ने इंडियन लिटरेचरः द हार्टबीट ऑफ इंडियन लिटरेचर₹ पर चर्चा करते हुए कहा कि आदिवासी साहित्य गीत, नृत्य और सामुदायिकता से अभिन्न रूप से जुड़ा हुआ है।

स्पॉटलाइट गुमला यूथ्स : युवा प्रतिभाओं की आवाज इस सत्र का संचालन चंद्रहास चौधरी ने किया, जिसमें 13 से 26 वर्ष के युवाओं ने अपने विचार साझा किए। दीपशिखा कुमारी ने सरकारी और निजी स्कूलों के बीच शिक्षा स्तर की असमानता पर प्रकाश डाला। बीरेंद्र कुमार ने अपने मोहल्ला क्लास अभियान के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को साझा किया। ताशा झा ने अपनी लेखन यात्रा और प्रकाशित पुस्तकों पर चर्चा की। सृष्टि कुमारी ने इसरो यात्रा के अपने अनुभव साझा किए और कहा कि विज्ञान एवं तकनीक में ग्रामीण छात्राओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए।

**पांचवे सत्र : ट्राइबल हिस्ट्रीग्राफी इन कंटेम्परारी टाइम्स**

**इस** सत्र में श्री रणेंद्र कुमार ने आदिवासी इतिहास एवं उसकी समकालीन प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। उन्होंने आदिवासी समुदाय की ऐतिहासिकता, सामाजिक संरचना और उनकी परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया।

**छठे सत्र : बिटवीन टू वर्ल्ड्स-द्विभाषी लेखन की यात्रा**

**इस** सत्र में अनुकृति उपाध्याय एवं चंद्रहास चौधरी ने द्विभाषी लेखन की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर चर्चा की। अनुकृति उपाध्याय ने कहा कि कहानियां पढ़ने और सुनने की परंपरा कमजोर हो रही है, जो समाज के लिए चिंता का विषय है।

## पलामू टाइगर रिजर्व में युवा हाथी की रहस्यमय मौत, जांच में जुटा वन विभाग

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गारू/लातेहार** : पलामू टाइगर रिजर्व के दक्षिणी वन प्रमंडल अंतर्गत गारू पश्चिमी वन क्षेत्र में एक युवा हाथी का शव मिलने से हड़कंप मच गया । घटना शनिवार रात की बताई जा रही है, और वन विभाग की टीम इस मामले की गहराई से जांच में जुटी हुई है।



**हाथी की रहस्य से घिरी है मौत**

**मृत** हाथी के दांत पूरी तरह सुरक्षित मिले हैं, जिससे शिकार की आशंका खारिज हो रही है। घटनास्थल पर खून के छींटे पाए जाने के कारण अनुमान लगाया जा रहा है कि हाथी की मौत आपसी संघर्ष में हुई होगी। हालांकि, इस बात की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हो पाएगी।वहीं वन विभाग को सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। वरिष्ठ अधिकारियों को भी घटना की जानकारी दे दी गई है। डिप्टी डायरेक्टर कुमार आशीष के अनुसार, मौत के कारणों की जांच की जा रही है। यह आपसी संघर्ष भी हो सकता है या कोई अन्य कारण भी सामने आ सकता है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट होगी।ज्ञात हो कि पलामू टाइगर रिजर्व में इससे पहले भी हाथियों के संघर्ष में मौत के मामले सामने आते रहे हैं। जंगल में सीमित संसाधनों और इलाके पर वर्चस्व की लड़ाई के कारण हाथियों के बीच टकराव आम बात है।

## राजहरा नॉर्थ कोयला खदान का उद्घाटन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : झारखंड के वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर ने रविवार को पलामू जिले के पड़वा गांव में स्थित राजहरा नॉर्थ (सेंट्रल और ईस्टर्न) कोयला खदान का उद्घाटन किया। मौके पर उपस्थित वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि राजहरा नॉर्थ कोयला खदान की नीलामी 2021 में किया गया था। यह परियोजना फेयरमाइन कार्बन्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित की गई है और समय से पहले अपने संचालन की शुरूआत कर रही है इस कोयला खदान से राज्य सरकार को 2128.56 करोड़ रुपये की कुल राजस्व प्राप्ति होगी, जिसमें 102.276 करोड़ राजस्व की प्राप्ति प्रतिवर्ष होगी जो राज्य की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करेंगी। इस खदान से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से 550 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। कंपनी द्वारा सड़क निर्माण, स्वच्छ पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, और शिक्षा सुविधाओं को विकसित करने के प्रयास किए जाएंगे। इस खदान से क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे पलामू और आसपास के इलाकों में आर्थिक उन्नति होगी। उन्होंने कहा की राजहरा नॉर्थ कोयला खदान झारखंड के विकास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। यह परियोजना न केवल राजस्व में वृद्धि करेगी, बल्कि इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। झारखंड सरकार उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हम ऐसी परियोजनाओं का स्वागत करते हैं जो राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करेंगी। कार्यक्रम में पलामू के सांसद विष्णुदयाल राम,फेयरमाइन कार्बन्स प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर समीर लोहिया जी समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच-39 किया जाम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : एनएच-39 पर हुए एक सड़क हादसे में घायल युवक की मौत के बाद ग्रामीणों ने रविवार को होटवाग ग्राम के पास सड़क जाम कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले नीलांबर-पीतांबर चौक स्थित प्रिंस होटल में एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर पीछे की ओर ढल गया था।



जिससे होटल के मालिक उपेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उन्हें रांची रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान शनिवार को उनकी मौत हो गई। इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर रविवार सुबह से ही एनएच-39 पर जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। जाम की वजह से हाईवे पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।जाम की सूचना मिलने पर अंचल अधिकारी अरविंद देवाशीष टोप्पो और थाना प्रभारी दुलर चौड़े मौके पर पहुंचे।

## आरपीएफ की टीम ने 02 देशी पिस्तौल व 04 खाली मैगजीन के साथ युवक को पकड़ा



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज** : रेल आरपीएफ की टीम ने मालदा किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से पश्चिम बंगाल के एक युवक समीउल आलम को 2 देशी पिस्टल व 4 खाली मैगजीन के साथ गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। जहां इसको लेकर रविवार दोपहर 1 बजे आरपीएफ इंस्पेक्टर क्रिटोफर किस्कू ने बताया कि गिरफ्तार युवक फरक्का से बरियापुर अवैध हथियार की डिलीवरी देने जा रहा था जिसे एस्कॉर्ट पार्टी ने रंगेहाथ पकड़ लिया और साहिबगंज आरपीरफ पोस्ट के हवाले कर दिया। आगे उन्होंने बताया कि आरपीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि एक युवा के अवैध हथियार की डिलीवरी देने के लिए मालदा किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में सफर कर रहा है इसके बाद ट्रेन के स्कॉट पार्टी के एएसआई मोहम्मद इंतखाबुल आलम, सीआईबी मालदा के एसआई मुन्ना पर्वत, एसआई पार्थो मिश्रा व सबल किशोर एवं अन्य जवानो ने युवक को पकड़ लिया। जिसे विधिवत जीआरपी थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

## भवनाथपुर उतरी वन क्षेत्र में वनपाल कर्मियों का आतंक

**भवनाथपुर** : झारखंड के भवनाथपुर उतरी वन क्षेत्र में कार्यरत वनपाल कर्मियों का रवैया इन दिनों क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए डर और आतंक का पर्याय बनता जा रहा है। वन विभाग का मुख्य कार्य जंगलों और वन्य जीवों की सुरक्षा करना होता है, लेकिन इस क्षेत्र में कार्यरत कुछ वनपाल कर्मी अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार करने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार, यदि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की लकड़ी कटाई या जंगली जानवरों के शिकार की सूचना मिलती है, तो वनपाल कर्मी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों को धमकाने और डराने का कार्य करते हैं। कई बार निर्दोष ग्रामीणों को भी झूठे मामलों में फंसाने की घटनाएं सामने आई हैं। इस कारण वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों के बीच तनाव की स्थिति बनी रहती है। पिछले कुछ महीनों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां वनकर्मियों के डर से ग्रामीणों ने पलायन करने तक का मन बना लिया। वहीं, कुछ घटनाओं में ग्रामीणों ने भी वनकर्मियों के दुर्व्यवहार का विरोध किया, जिससे झड़प की स्थिति बन गयी। कई बार वन विभाग के कर्मियों को ग्रामीणों ने बंधक बना लिया, जिसके बाद वनकर्मियों ने उन पर प्राथमिकी दर्ज करायी।

## डायबिटीज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए गढ़वा के डॉ. अरशद अंसारी फैलोशिप अवॉर्ड से हुए सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**गढ़वा** : अहमदाबाद में आयोजित इंटरनेशनल डायबिटीज कॉन्फ्रेंस के दीक्षांत समारोह में झारखंड के गढ़वा जिले के प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ. अरशद अंसारी को विशेष सम्मान से नवाजा गया। यह तीन दिवसीय समारोह 13 फरवरी से 16 फरवरी तक डायबिटीज इंडिया (DASG) द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. पीटर सवाज उपस्थित रहे। उन्होंने गढ़वा जिले में डायबिटीज के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डॉ. अरशद अंसारी को फैलोशिप इन डायबिटोलॉजी की उपाधि प्रदान की। यह सम्मान उनके द्वारा डायबिटीज के प्रति जागरूकता फैलाने, मरीजों को उचित चिकित्सा देने और इस क्षेत्र में किए गए सराहनीय अनुसंधान कार्यों के लिए दिया गया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को डायबिटीज से जूझ रहे गरीब और जरूरतमंद लोगों की सेवा करने की शपथ भी दिलायी। इस अवसर पर देश-विदेश के कई नामी चिकित्सक एवं शोधकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने डायबिटीज के उपचार और नवीन तकनीकों पर अपने विचार साझा किये।

## लातेहार में अफीम की अवैध खेती नष्ट, पुलिस ने दर्ज की प्राथमिकी



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**लातेहार** : जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के ग्राम तोडार में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया। थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने पांच ट्रैक्टरों की मदद से लगभग 7 से 8 एकड़ भूमि में लगी पोस्ता/अफीम की फसल को पूरी तरह से विनष्ट कर दिया। पुलिस के अनुसार, कुछ खेतों में अफीम के फल पूरी तरह से तैयार हो चुके थे और उनमें चीरा लगाकर अफीम निकालने की प्रक्रिया शुरू होने की स्थिति में थी। समय रहते इस कार्रवाई से न सिर्फ बड़ी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी रोकी गई बल्कि क्षेत्र में अवैध खेती पर भी बड़ा प्रहार किया गया है। इस अभियान के दौरान पुलिस ने एनडीपीएस (नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस) एक्ट के तहत 10 नामजद व्यक्तियों और अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि इस मामले में अग्रतर कार्रवाई जारी है और दोषियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## परीक्षा शिक्षा की महत्त्वपूर्ण कड़ी : एसडीओ

- परीक्षा पर अपना ध्यान केन्द्रित करें, परीक्षा बेहद महत्वपूर्ण हैं : अनुमंडल पदाधिकारी, देवघर
- समय प्रबंधन और आत्म विश्वास मेधावी विधार्थियों के गुण : अभिषेक
- सर्वोदय विद्यालय के छात्र अनुशासित एवं सृजनशील : रवि कुमार




**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले के सतबरवा प्रखंड के राजकीय कृत सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय के विज्ञान संकाय के शिक्षक अभिषेक कुमार तिवारी द्वारा जूम एप के माध्यम से प्रायोजित ऑनलाइन मोटिवेशन ऑनलाइन परीक्षा पर चर्चा, पलामू में देवघर जिले के अनुमंडल पदाधिकारी श्री रवि कुमार (भा. प्र. से.) जुड़े। विद्यार्थियों को परीक्षा के संदर्भ से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी दी, कहा कि परीक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित करे और लक्ष्य निर्धारित करें क्योंकि लक्ष्य प्रगति को ट्रैक करती है और उज्जवल भविष्य का निर्माण करती है ये वार्षिक परीक्षा बहुत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि चाहे कोई भी विषय हो एनसीईआरटी पुस्तक को मजबूत करें और भौतिकी और रासायनिक विज्ञान के द्वारा अपने-आप मजबूत करे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि आपने जो तय किया है अगर आप उसपर कार्य करते है और यदि आप सफल हो जाते है तो लोगों का विश्वास आपके ऊपर बढ़ जाता है। उन्होंने वर्ग दस और बारह की पढ़ाई को एक बुनियादी पढ़ाई बताया। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि पढ़ाई का सिलेबस सत प्रतिशत का

## पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन ने अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का किया उद्घाटन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : शहीदों की याद में पुलिस स्टेडियम में अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया।मालूम हो की पहला मैच नेपाल और दिल्ली के बीच खेला जाना है। मौके पर उपस्थित पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि शहीदों के पावन स्मृति में पलामू पुलिस प्रशासन के द्वारा अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। 16 फरवरी से 27 फरवरी तक फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जाना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के टूर्नामेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपने प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलता है। इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए एसपी ने उनका हौसला अफजाई किया। साथ ही



उन्होंने खेल को कैरियर के रूप में अपनाने की अपील की।उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी वृद्धि होता है। खेल जीवन में महत्वपूर्ण अंग है।

## चैनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे डीसी

# आगामी परीक्षाओं को लेकर छात्राओं को दिये टिप्स, डिनर का भी लिया आनन्द

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन शनिवार शाम अचानक चैनपुर स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की बच्चियों संग चौपाल के जरिये हाल जाना और आगामी परीक्षाओं को लेकर कई जरूरी टिप्स दिये।उन्होंने कई बच्चियों से संवाद स्थापित कर पढ़ाई में आ रही कठिनाइयों से अवगत होते हुए उन कठिनाइयों से कैसे पार पाना है इसके गुर बताये।इस दौरान उन्होंने छात्राओं से स्पष्ट रूप से कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिये मेहनत तो अत्यंत आवश्यक है और मेहनत का दूसरा कोई शार्टकट नहीं होता।उन्होंने



आगामी भविष्य में विषय चयन करने,अपना गोल सेट करने,इंटरेस्ट के अनुसार स्ट्रीम चुनने आदि विषयों पर बच्चियों के मार्गदर्शन किया। इसके अलावे उपायुक्त ने वार्डन से विद्यालय के संपूर्ण व्यवस्था की भी जानकारी ली। उपायुक्त श्री रंजन ने मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्राओं से विशेष संवाद किया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ अनिल ने उक्त छात्राओं को मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम पास करने से संबंधित कई टिप्स दिये। इसके अलावे मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन व सदर एसडीएम सुलोचना मीणा द्वारा भी बच्चियों का करियर काउंसलिंग किया गया।बच्चियों संग संवाद के पश्चात सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय में रात्रि भोज का भी आनंद लिया। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी, वार्डन समेत अन्य उपस्थित रहे।

**कस्तूरबा की बच्चियों की शिक्षा के प्रति उपायुक्त गम्भीर, सपनों की उड़ान के तहत 150 छात्राओं को करायी जा रही है इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की तैयारी**

जिले के उपायुक्त श्री रंजन कस्तूरबा की बच्चियों के शिक्षा के प्रति पूर्व से ही गंभीर हैं। उपायुक्त के पहल से ही जिले में सितंबर माह 2024 से ही सपनों की उड़ान प्रोजेक्ट प्रारंभ किया गया है जिसके तहत 150 छात्राओं को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की तैयारी करवायी जा रही है। छात्राओं को 75-75 की संख्या में दो समूहों में बांटा गया है। 75 छात्राएं इंजीनियर जबकि 75 छात्राएं मेडिकल की तैयारी कर रही हैं। इंजीनियरिंग की कोचिंग करने वाले छात्राओं को सदर कस्तूरबा जबकि मेडिकल की कोचिंग करने वाली छात्राओं को चैनपुर कस्तूरबा में रखा गया है। इन बच्चियों में पढ़ाई के प्रति मोटिवेशन का प्रसार करने के उद्देश्य से 20 सितंबर को मेदिनीनगर के टाउन हॉल में सुपर 30 फिल्म भी दिखाया गया है।

## 11 बटालियन सीआरपीएफ में अंतर-कम्पनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारम्भ



**लातेहार** : केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल 11 बटालियन के कीनामाड़ कैंप स्थित खेल मैदान में रविवार को अंतर-कंपनी वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन बटालियन कमांडेंट याद राम बुनकर ने किया। गौरतलब है कि 11 बटालियन का 65वां स्थापना दिवस आगामी 28 फरवरी 2025 को मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर से पूर्व वाहिनी की विभिन्न कंपनियों के बीच मैत्री मैच आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टीम और उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया जा सके। स्थापना दिवस पर इन विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर कमांडेंट याद राम बुनकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

## एक झलक

### पर्यटन मंत्री ने किया स्काई ड्राइविंग का उद्घाटन

**जमशेदपुर** : झारखण्ड पर्यटन विभाग की पहल पर पहली बार स्काई ड्राइविंग फेस्टिवल का आयोजन जमशेदपुर में किया जा रहा है। इसका उद्घाटन झारखंड सरकार के पर्यटन मंत्री सुदित्य कुमार ने किया। 16 फरवरी से 23 फरवरी तक चलने वाला यह फेस्टिवल सोनारी एयरपोर्ट पर चलेगा। स्काई ड्राइविंग (हवाई जहाज) की तैयारियां पिछले कई माह से चल रही थी। इसकी खासियत यह है कि 10 हजार फीट की उंचाई से कूदने का मौका मिलेगा। स्काई ड्राइविंग एडवेंचर में कूदकर हवा में अटखलियां भी कर सकते है। इसका आनंद लेने के लिए एक व्यक्ति को एक बार में 28 हजार रुपये देने होंगे। इसके अलावा जीएसटी अलग से लगेगा। हवाई जहाज से पैराशूट के साथ कूदने के लिए साहस मजबूत चाहिए। पैराशूट खोलने के लिए भी समय मिलता है। इस तरह के आयोजनों में पहले कई लोगों की मौत भी हो चुकी है।

### शिविर में 137 लोगों की नेत्र जांच

**जमशेदपुर** : बागबेड़ा महानगर विकास समिति, जागृति गैर सरकारी संस्थान और पूर्णिमा नेत्रालय के संयुक्त सहयोग से बागबेड़ा के परशुराम भवन में नेत्र जाचं शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान कुल 137 लोगों के आंखों की जांच की गई। इस बीच 17 लोगों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। डॉ शिखा सृजन ने बताया कि 11 मार्च को पूर्णिमा नेत्रालय आम बागान मैदान के पास हॉस्पिटल में आयुष्मान भारत का कार्ड लेकर आएंगे। उनका निः शुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। बागबेड़ा महानगर विकास समिति के संयोजक विनोद राम, समिति के अध्यक्ष सुबोध झा, डॉ नीलिमा, अवधेश प्रसाद, महिला मोर्चा की अध्यक्ष रितु सिंह, महिला मोर्चा की संयोजक पवित्रा पांडे, आभा वर्मा, समाजसेवी सुनील कुमार मिश्रा, राजेश शर्मा, महिला मोर्चा की अमपु पांडे, विश्वजीत काले, विनोद पाडेय, भोला झा, उप मुखिया संतोष ठाकुर, हरविंदर सिंह, सीमा सिंह, मिंटू पांडे आदि ने सक्रिय योगदान दिया।

### 18 लोगों ने ग्रहण की पार्टी की सदस्यता

**दुमका** : काठीकुंड डाकबंगला परिसर में रविवार को झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष इमामूल हक एवं प्रखंड सचिव नजरुल अंसारी की संयुक्त अध्यक्षता में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जेएलकेएम पार्टी के जिला अध्यक्ष निरंजन मुर्मू व पार्टी के वरीय नेता राजेश मुर्मू, आंदोलनकारी रामजी भगत उपस्थित हुए। बैठक में जिला अध्यक्ष ने बताया कि 2029 के चुनाव की तैयारियों के लिए दुमका जिला के 10 प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर प्रखंड के विभिन्न पंचायत से आए 18 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।इस अवसर पर हाराधन देहरी, संतोष दास, गिनाश राय,एलाची देहरी,सुनीलाल सोरेन, लुखीराम टुडू,लाल किस्कू, मुनिलाल सोरेन, मदन टुडू, राकेश कुमार मंडल, मंटू मंडल, जागेश्वर मिर्धा, विष्णु प्रसाद देहरी, सोनालाल टुडू, जूनास सोरेन,संदीप कुमार केवट,वरिपद हेंब्रम, लखन किस्कू ने अपनी स्वेच्छा से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

### नव नामांकित प्रशिक्षु महिला गृह रक्षकों के पारण परेड समारोह का आयोजन

# बेहतर करनेवाले गृह रक्षक हुए सम्मानित



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : झारखंड गृह रक्षा वाहिनी क्षेत्रीय प्रशिक्षण कैंप, नकटी में विभिन्न जिलों से आए 246 नव नामांकित प्रशिक्षु महिला गृह रक्षकों का 63 दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत पारण परेड समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि महानिदेशक सह महासमादेष्टा झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा झारखंड रांची अनिल पलटा एवं विशिष्ट अतिथि संताल परगना प्रमंडल के पुलिस उप-महानिरीक्षक अंबर लकड़ा उपस्थित हुए। प्रशिक्षण के बाद परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित कर पहले स्थान पर रागनी कुमारी, दूसरे स्थान पर पार्वती कुमारी एवं तीसरे स्थान पर रही कविता कुमारी को सम्मानित किया गया। बेस्ट फायरिंग का अवार्ड पहले स्थान पाने वाली नेहा कुमारी, दूसरा स्थान अंजलि कुमारी एवं तीसरे स्थान पर पूनम कुमारी एवं कविता कुमारी सभी को मोमेंटो देखकर पुरस्कृत किया गया। वही बेस्ट परेड कमांडर का अवार्ड डोली कुमारी व पार्वती कुमारी को मिला। प्रशिक्षण के दौरान सबसे अनुशासित गृहरक्षक का अवार्ड श्रेया व सीमा कुमारी को मिला। मंच का संचालन जिला समादेष्टा सह प्रशिक्षण प्रभारी सतीश कुमार पाठक ने किया। इस अवसर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनय मेहता, जिला समादेष्टा, देवघर आशीष मिश्रा, जिला समादेष्टा, साहिबगंज सूरज कुमार, जिला समादेष्टा, गोड्डा जितेंद्र कुमार सिंह, निरीक्षक मृत्युंजय कुमार मिश्र आदि उपस्थित थे। मंच पर निरीक्षक दिनेश उरांव, कंपनी कमांडर अमरजीत टोप्पो, एसआईआरबी-1 के अधिकारी मौजूद थे।

## सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संदीप मेहता ने बासुकीनाथ में की पूजा-अर्चना

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : विश्वप्रसिद्ध तीर्थस्थल बासुकीनाथ धाम में फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि, रविवार को भारत के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता ने सपत्नीक पूजा-अर्चना किया। इस अवसर पर जस्टिस मेहता को पत्नी सुमन मेहता संग पंडित कुंदन पत्रलेख ने विद्वान पंडितों की सान्निध्य में वैदिक मंत्रोचार के बीच बाबा फौजदारी नाथ का जलाभिषेक कराया। पूरे विधि विधान के साथ बासुकीनाथ की पूजा के बाद माता पार्वती सहित समस्त देवी देवताओं की आराधना किया। इसके उपरांत मंदिर प्रांगण में पूरे भक्ति भाव से शिव-पार्वती एवं अन्य देवी देवताओं की आरती उतारी गई। उधर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के आगमन को देखते हुए तीर्थ नगरी की चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था नजर आई। जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ न्यायिक सेवा के अधिकारी मंदिर में मौजूद थे। इस दौरान एडीजे-1 रमेश चंद्र, देवघर जिला सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार, एसडीजेएम मोहित चौधरी, रजिस्टार प्रतीक कुमार, एसपी पीतांबर सिंह खेरवार, एसडीएम कौशल कुमार एसडीपीओ जरमुंडी अमित कच्छप, डीएसपी देवघर अशोक कुमार, नाजीर पेशकार बालेंदु झा, शैलेंद्र सिंह, राजेश रावत सहित पंडा पुरोहित समाज के प्रतिनिधि व पुलिस बल मौजूद थे।



### एमजीएम में डॉक्टर कम, मरीज ज्यादा, संसाधन बढ़ाना जरूरी

**जमशेदपुर** : अस्पताल को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार की योजना मेंटरशिप फॉर हॉस्पिटल अपलिफ्टमेंट के तहत रिम्स की टीम एमजीएम अस्पताल और मेडिकल कॉलेज पहुंची। टीम ने अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया और पाया कि डॉक्टरों के अनुपात में मरीजों की संख्या काफी अधिक है। इसलिए संसाधन को और बढ़ाने की आवश्यकता है, लेकिन उपलब्ध संसाधनों का और अधिक उपयोग कर बेहतर काम किया जा सकता है। टीम सबसे पहले साकची स्थित अस्पताल पहुंची और प्रशासनिक भवन के स्टोर, रेडियोलॉजी, इमरजेंसी, आईसीयू, ओपीडी, सर्जरी विभाग, हड्डी रोग विभाग, गायनी विभाग, सभी के ऑपरेशन थिएटर और वार्ड का निरीक्षण किया। शिशु रोग विभाग के नीकू और पीकू वार्ड सहित, बर्न वार्ड में भी टीम पहुंची और वहां की स्थिति एवं सुविधाओं की जानकारी ली। अस्पताल के बाद टीम डिमना स्थित मेडिकल कॉलेज पहुंची। वहां भी विभिन्न विभागों की लेबोरेटरी और कक्षाओं का निरीक्षण किया।

## जंगल में मिला शक्तिशाली आईइडी बम, किया गया डिफ्यूज



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**चाईबासा** : चाईबासा में सुरक्षाबलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने के नक्सलियों के नापाक मंसूबे पर पानी फेर दिया गया। सर्च ऑपरेशन पर निकले जवानों ने एक 5 किलो का शक्तिशाली आईइडी बम बरामद किया है। बम चाईबासा के गोईलकेरा थानाक्षेत्र के लेमसाडीह के आस-पास जंगली/पहाड़ी इलाके में प्लांट किया गया था। यह आईइडी बम सुरक्षबलों के जवानों को नुसकान पहंचाने के इरादे से नक्सलियों ने लगाया था। बरामद आईइडी को बम निरोधक दस्ता की मदद से डिफ्यूज कर दिया गया है। वहीं सर्च ऑपरेशन जारी है। यहां याद दिला दें कि नक्सलियों के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया और अश्विन के सारंडा और कोल्हान इलाकों में मूवमेंट की खबर पर सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बीएन, 203 बीएन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60 बीएन, 197 बीएन, 174 बीएन, 193 बीएन, 134 बीएन, 26 बीएन, की संयुक्त टीमें इस अभियान में जुटी हैं। सर्च ऑपरेशन के दरम्यान ही आज यानी रविवार को सुरक्षाबलों को यह कामयाबी हाथ लगी है।

### श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की बैठक 21 फरवरी को

**झुमरीतिलैया** : शहर के धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल की एक बैठक 21 फरवरी दिन शुक्रवार को श्री अंग्रेसन भवन में संध्या 6 बजे रखी गई है।बैठक का उद्देश्य श्री हनुमान जयंती मनाने को लेकर चर्चा और कार्यक्रम को लेकर टीम गठित किया जाएगा। मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा और सचिव विक्की केसरी ने बताया कि 11 और 12 अप्रैल को 44वां हनुमान जयंती मनाया जाएगा। जिसको लेकर मंडल की एक बैठक रखी गई है।वही अध्यक्ष एवं सचिव ने पदाधिकारीयों एवं सदस्यगण से समय पर बैठक में आने की आग्रह भी किया। साथ ही साथ जयंती को लेकर अपने अपने विचार रखने का भी आग्रह किया।

## कोटालपोखर हाटपाड़ा का शेड खंडहर में तब्दील, बड़े हादसे को दे रहा आमंत्रण

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरहरवा** : साहिबगंज जिले के बरहरवा प्रखंड अंतर्गत कोटालपोखर स्थित हाटपाड़ा में बना टीन शेड जर्जर हालत में है। यह शेड अब एक खंडहर की तरह दिखने लगा है और किसी भी समय दुर्घटना होने का खतरा मंडरा रहा है। इस गंभीर स्थिति के बावजूद, संबंधित विभाग के अधिकारी इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई करते हुए नजर नहीं आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह टीन शेड काफी पुराना हो चुका है और इसकी मरम्मत की आवश्यकता है। बारिश के मौसम में यह शेड और भी खतरनाक हो जाता है। लोगों का डर है कि अगर इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोग प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि वे जल्द से जल्द इस टीन शेड की मरम्मत करवाएं या फिर इसे पूरी तरह से हटा दें। ताकि किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके। इस समस्या के समाधान के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जा सकते हैं। संबंधित विभाग को इस मामले की जांच करनी चाहिए और टीन शेड की स्थिति का आकलन करना चाहिए। यदि शेड को मरम्मत किया जा सकता है तो उसे मरम्मत करवाया जाना चाहिए। यदि मरम्मत संभव नहीं है तो उसे हटा दिया जाना चाहिए।



## राधे कृष्णा मंदिर के समीप स्थित पोखर सौंदर्यीकरण की उठने लगी मांग



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**कोटालपोखर** : साहिबगंज जिले के कोटालपोखर स्थित प्रसिद्ध राधे कृष्ण मंदिर के समीप स्थित पोखर के सौंदर्यीकरण की मांग जोर पकड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पोखर का विकास होने से न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी, बल्कि धार्मिक और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। राधे कृष्ण मंदिर एक लोकप्रिय धार्मिक स्थल है, जहाँ दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। मंदिर के पास स्थित पोखर का भी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पोखर की सफाई और सौंदर्यीकरण से मंदिर की भव्यता में चार चाँद लग जाएंगे। उन्होंने बताया कि पोखर में सालों से गंदगी जमा है और इसकी सफाई नहीं हुई है। इसके कारण पोखर का पानी दूषित हो गया है और उसमें बदबू आती है। पोखर के आसपास की जमीन भी अतिक्रमण का शिकार हो रही है। स्थानीय लोगों ने कई बार पोखर के सौंदर्यीकरण की मांग की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब फिर से अपनी मांग को लेकर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

### झामुमो का एक दिवसीय सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन

# कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं : हफीजुल हसन

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**मधुपुर** : मधुपुर विधानसभा मारगोमुंडा प्रखण्ड क्षेत्र के कोल्हड़िया आम बगान मैदान में रविवार को झामुमो की ओर से एक दिवसीय सदस्यता अभियान कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सोहन मुर्मू की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में झारखंड सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण सह जलसंसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने भाग लिया। मौके पर मंत्री ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होता है। कार्यकर्ता के माध्यम से चुनाव में पार्टी को सफलता मिलती है। कार्यकर्ता ही नये सदस्यों को पार्टी से जोड़ती है। मंत्री ने मरगोमुण्डा प्रखंड से 15 हजार नये सदस्यों को जोड़ने का लक्ष्य रखा है। जबकि जिले भर में दो लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा। कहा कि सदस्य बनाने के हिसाब से नये प्रखंड कमिटी का गठन किया जायेगा। पूरे झारखंड में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन पर आस्था व्यक्त करते हुए साथ ही पार्टी की नीतियों व कार्यकारी अध्यक्ष सह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो का दामन थाम रहे हैं। कहा कि पुरुष के साथ महिलाओं को सदस्य बनायें ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को पार्टी से जोड़ा जा सके। कहा कि कानो मदनकट्टा सड़क का जल्द ही आधारशिला रखी जाएगी।कहा कि मारगोमुंडा में 33 करोड़ की लागत से डिग्री कालेज निर्माण की स्वीकृति दी जा चुकी है। इसकी आधारशिला रखी जायेगी। कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि मंइया सम्मान योजना से महिलाओं को लाभांवित करना। साथ ही सरकार का लक्ष्य है कि हर खेत को पानी ओर सभी को शिक्षा मिले।




### झामुमो नेता मो. मारूफ उर्फ गुड्डू ने गायकों को किया सम्मानित



**राजमहल/साहिबगंज** : राजकीय माघी पूर्णिमा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन शनिवार की रात्रि को हुआ सूफियाना गायक प्रतीक मिश्रा एवं कृति के माध्यम से गीतों की प्रस्तुति की गई। वहीं एस एन डांस ग्रुप पाकुड़ के बच्चों ने भी अपने प्रतिभा को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। विधायक प्रतिनिधि सह झामुमो नेता मो० मारूफ उर्फ गुड्डू व जिला परिषद सदस्य अब्दुल बारीक शेख ने पौधा व अंग वस्त्र देकर गायको को सम्मानित।

## डीटीओ ने किया बगैर कागजात व क्षमता से अधिक सामान लेकर परिवहन करनेवाले 06 वाहन जब्त

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**दुमका** : बिना कागजात व क्षमता से अधिक सामान लेकर अवैध रूप से परिवहन को लेकर जिला प्रशासन की ओर से रविवार को जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई।अहले सुबह जिला परिवहन पदाधिकारी जयप्रकाश करमाली ने अंचल अधिकारी कपिल देव ठाकुर व शिकारीपाड़ा पुलिस के साथ शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान बगैर कागजात के बोल्डर पत्थर परिवहन कर रहे तीन हाईवा, पश्चिम बंगाल से बगैर कागजात के चिमनी ईंट ला रहे दो ट्रक एवं क्षमता से अधिक धान लोड कर परिवहन कर रहे एक ट्रक को जप्त कर शिकारीपाड़ा पुलिस के हवाले किया है। बताते चलें कि दुमका के विभिन्न थाना क्षेत्र से लगातार अवैध परिवहन की शिकायत प्राप्त हो रही है।अवैध परिवहन में संलिप्त वाहनों के तेज रफ्तार में होने से दुर्घटना भी होती रहती है। जिसपर अंकुश लगाना अत्यंत ही आवश्यक है।




### शिक्षक संघ के सदस्यों ने किया संगम स्नान

**दुमका** : अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के राष्ट्रीय काउंसलर डॉ श्याम किशोर सिंह गांधी के साथ शिक्षक संघ के सदस्यों एवं नेपाल के कप्तानगंज से आए चौधराम मेहता, विजय कुमार मेहता ने प्रयागराज में अमृत समान जल में स्नान किया। दुमका के पिंटू कुमार तिवारी, रूपेश कुमार आदि ने सभी मिलकर जरूरतमंदों के बीच दान किया तथा दुमका जिले का दतवन भी विस्तृत किया। यहां की व्यवस्था काफी अच्छी और सराहनीय है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति हम लोग आभार व्यक्त करते हैं। चाहे जो भी संगम स्नान करने के लिए आ रहे हैं वह काफी थक जा रहे हैं। लेकिन जैसे ही संगम में डुबकी लगाते हैं।

## एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में संत बाबा परमजीत जी महाराज के सत्संग में उमड़े सत्संगी

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**जमशेदपुर** : एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में राधा स्वामी सत्संग पंजाब के संत बाबा परमजीत सिंह जी महाराज का सत्संग एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में रविवार को आयोजित हुआ। बाबाजी महाराज ने संत तुलसी साहिब महाराज की वाणी दिल का हुजरा साफ कर जाना के आने के लिए की व्याख्या करते हुए संगत को प्रेम-प्यार और सिमरन करने के बावत विस्तार पूर्वक समझाया। श्रद्धालुओं की शंकाओं का समाधान करते हुए महाराज ने जीवन में आने वाले दुखों के कारण और उनसे निपटने के बारे में बताया। जन्म में आने वाले दुख हमारे पूर्व के जन्मों के कर्मों का परिणाम है। भजन-सिमरन ही एकमात्र ऐसी युक्ति है जो बड़े से बड़े कष्ट को सहज ही सहन करने की शक्ति प्रदान करता है। जीव को आत्मिक सुख-शांति देता है। आत्मा को पाक-साफ करके परमात्मा से मिलने का मार्ग भी प्रशस्त करता है। तबतक हम परमात्मा से मिलने के काबिल नहीं बन सकते है जबतक हमारे अंदर बहुत से विकार भरे पड़े हैं। इनमें काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार मुख्य है। ये विकार तभी दूर होंगे जब हम संत सद्गुरु से दीक्षा लेकर उनके बताए हुए तरीके के अनुसार भजन और सुमिरण करेंगे। झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विजय खां, आजसू के वरिष्ठ नेता चंद्रगुप्त सिंह, टेल्को कंपनी के यूनियन अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महामंत्री आरके सिंह, राकेश्वर पांडेय आदि।



## आरपीएफ ने शराब के साथ तस्कर को किया गिरफ्तार, नगदी भी बरामद

### ■ गुप्त सूचना के आधार पर शराब तस्करों के मंसूबे को किया नाकाम

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**बरहरवा** : आरपीएफ ने शराब तस्करो के मंसूबे को नाकाम करने में सफलता हासिल किया है। मिली जानकारी के अनुसार, बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर संजीव कुमार को गुप्त सूचना मिली कि ट्रेन नंबर15733 अप (फरक्का एक्सप्रेस) में बड़ी मात्रा में स्लीपर कोच S/2 और S/3 में अवैध शराब तस्करी कर ले जाया जा रहा है। बरहरवा आरपीएफ इंस्पेक्टर बरहड़वा संजीव कुमार और सीआईबी इंस्पेक्टर मृत्युंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में, सीपीडीएस टीम मालदा एएसआई आदित्य कुमार ठाकुर, कांस्टेबल/तरुण भूषण, कांस्टेबल अनिल कुमार दास, कांस्टेबल कुमार प्रियंकर, सीआईबी टीम मालदा हेड कांस्टेबल नूपुर वरन मीडिया, हेड कांस्टेबल जनार्दन राम एवं आरपीएफ टीम बरहड़वा हेड कांस्टेबल संजय कुमार, हेड कांस्टेबल नील कमल बरूई, कांस्टेबल प्रवीण कुमार और ट्रेन एस्कॉर्ट पार्टी एएसआई लालटू मन्ना के साथ संयुक्त रूप से जब ट्रेन बरहड़वा रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 01 पर फरक्का एक्सप्रेस आई तो पूरी टीम ने स्लीपर कोच S/2 और S/3 को सावधानीपूर्वक सर्च किया जिसमे से 10 प्लास्टिक के बोरे अलग अलग जगह से सीट के नीचे से बरामद किए गए। जिनके बारे में कोच में मौजूद यात्रियों से पूछताछ की गई तो सभी ने इन बोरो के बारे अपनी अनभिज्ञता जाहिर की। उसके बाद इन बोरो को खोल कर चेक किया गया तो सभी में अलग अलग ब्रांड की अवैध शराब मिली। सभी 10 बोरो को प्लेटफार्म नंबर 1 में उतारा गया और एक एक प्लास्टिक के बोरे को चेक किया गया तो उनमें कुल 288 पाउच ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की के 180 पीस हेवर्ड केन बीयर के 07 पीस ब्लेंडर्स प्राइड व्हिस्की के 06 पीस रॉयल चैलेंज व्हिस्की के33 पीस इंपीरियल ब्ल्यू व्हिस्की के मिले।



### जेल अदालत का आयोजन

**दुमका** : झालसा, रांची के निदेर्शानुसार तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के अध्यक्ष संजय कुमार चन्द्धरियावी के आदेशानुसार द्वारा केन्द्रीय कारा, दुमका में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका अनूप तिर्की की अध्यक्षता में जेल अदालत -सह- विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। माननीय न्यायालय, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका के न्यायालय में लंबित पांच वाद, माननीय न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, दुमका के न्यायालय में लंबित एक वाद, वॉटर भेंगरा, न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में लंबित एक वाद तथा माननीय न्यायालय मोहम्मद जावेद खान, न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी, दुमका के न्यायालय में लंबित एक वाद कुल (08) वादों का आवेदन जेल अदालत हेतु समर्पित किया गया।

## जेल अदालत- सह- कानूनी जागरूकता शिविर और मेडिकल चेकअप कैंपि का आयोजन



**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**साहिबगंज** : झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज के तत्वाधान में और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश -सह- अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के मार्गदर्शन में मंडल कारा, साहेबगंज में जेल अदालत सह कानूनी जागरूकता शिविर एवं मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और अपराध से दूर रहने की प्रेरणा दी गई । सभी कैदियों से कहा गया कि भविष्य में ऐसा कोई कृत्य न करें, जिससे उन्हें दोबारा जेल आना पड़े।

# नीतीश ने की विकास योजनाओं की घोषणा

एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में भोजपुर पहुंचे। उन्होंने यहां लोगों की मांग पर कहा कि आप जानते हैं कि हम लोगों ने भोजपुर जिले में विकास का काफी काम कराया है। फिर भी जो कुछ छूट गया है या कमी रह गयी है उसे पूरा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप लोगों की मांग पर आरा में रिंग रोड का निर्माण कराया जायेगा। इस योजना में 02 नयी सड़कों का निर्माण एवं 04 सड़कों का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि असनी से बामपाली पथ का निर्माण कराया जायेगा। इसके अलावा पातर से असनी पथ का भी निर्माण होगा। साथ ही जीरो माईल से असनी पथ का चौड़ीकरण, वहीं जीरो माईल से पातर पथ का चौड़ीकरण होगा। मुख्यमंत्री की अन्य घोषणायें बामपाली से चन्दवा मोड़ हेतु हुए पकडी तक सड़क का चौड़ीकरण, आरण्य देवी मंदिर (आरा) से आरा-बक्सर फोरलेन पथ (वाया आरा-सिन्हा एवं आरा-बड़हरा) का निर्माण। आरा-बबुरा-छपरा पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे यातायात सुगम होगा तथा जाम की गंभीर. समस्या से निजात मिलेगी। संदेश से अखगांव होते हुए कोईलवर तक नहर के बांध पर पथ निर्माण किया जायेगा। इससे संदेश, सहार, अगिगांव प्रखंड के साथ-साथ पीरो प्रखंड के पूर्वी भाग का जेपी गंगा पथ से सीधे सम्पर्क हो जायेगा। साथ ही लोगों को पीएमसीएच, पटना आने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा में कहा कि ग्रामीण कार्य विभाग के अन्तर्गत आरा नगर निगम क्षेत्र अन्तर्गत स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के तहत आउटफॉल नाला तथा सम्प हाउस का निर्माण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त न्यू पुलिस लाईन से एमपी बाग मोड़ तक नाले का निर्माण किया जायेगा। इससे आरा शहरी क्षेत्र में जल जमाव से मुक्ति मिलेगी तथा स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहिया-जगदीशपुर-पीरो-सिकरहटा पथ में ओझवलिया पुल से बचरी पुल तक बाईपास का निर्माण कराया जायेगा। इससे पीरो के लोगों को जाम से निजात मिलेगी। बिहियाँ चौरस्ता से एनएच-922 तक पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। तरारी प्रखंड में ग्राम देव में अवस्थित सूर्य मंदिर परिसर का विकास तथा संग्रहालय का निर्माण किया जायेगा। इससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। चंदवा से गांगी होते हुये धरहरा तक नहर बांध पर सड़क निर्माण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। आरा रेलवे स्टेशन से जज कोठी मोड़ तक पथ का चौड़ीकरण किया जायेगा। इससे लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। भोजपुर जिले में आरा सदर, उदवन्तपुर, कोइलवर, चरपोखरी, तरारी, पीरो, बिहिया, शाहपुर, संदेश एवं सहार कुल 10 प्रखंडों में नये प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय भवन का निर्माण कराया जायेगा।




## अश्विनी वैष्णव व उत्तर प्रदेश के सीएम योगी को अविलम्ब इस्तीफा देना चाहिए : डॉ. अमरेन्द्र

संवाददाता

**दुमका :** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों में भीड़ के बाद भी रेलवे प्रशासन की गलती की वजह से भगदड़ मच गई। इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई है और सैकड़ों लोग घायल हो गए हैं। यह घनघोर लापरवाही है। इसके पूर्व प्रयागराज के कुम्भ मेला क्षेत्र में उत्तरप्रदेश सरकार प्रशासन की लापरवाही के कारण सैकड़ों लोगों की जान चली गयी और न जाने कितने लोग अबतक लापता हैं। एक गलती के बाद भी इससे सरकार ने कोई सीख नहीं लिया और पुनः लोक आस्था और भावनाओं के साथ खिलवाड़ जारी है। राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष और समाजसेवी डॉ अमरेन्द्र कुमार यादव ने लगातार हो रही अनहोनी पर गहरा दुःख प्रकट किया है। कहा कि न जाने कितने हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले लोग आज भी लापता है और कितने लोग काल के गाल में समा चुके हैं। सरकार इस आँकड़े को छुपा रही है। सरकार द्वारा ऐसे लोगों को कोई मुआवजा भी नहीं दिया जा रहा है। कितने परिवार उजड़ गए, हजारों बच्चे अनाथ हो गए और यूपी और केन्द्र सरकार स्वयं अपना पीठ थपथपा रही है। उन्होंने मांग किया है कि दिल्ली रेलवे स्टेशन और प्रयागराज में भगदड़ की घटनाओं की नैतिक जिम्मेवारी लेते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और उत्तर प्रदेश के सीएम योगी को अविलंब इस्तीफा देना चाहिए।



## एक झलक

### पदाधिकारी व कर्मियों को किया गया सम्मानित

**भागलपुर :** भागलपुर रेशम भवन में रविवार को दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय भागलपुर के सभी सदस्यों का वित्तीय वर्ष 2024-25 के तृतीय तिमाही समाप्ति तक एवं लक्ष्य 3.0 के विजेता शाखा स्टाफ के सम्मान समारोह में भारत सरकार वित्त मंत्रालय ग्रामीण बैंक के अध्यक्ष डॉक्टर आशुतोष कुमार झा की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस सम्मान समारोह में बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी और कर्मियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भागलपुर, बांका, मुंगेर सहित अन्य कई जिलों के पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे। कार्यक्रम के शुरुआत सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारी और कर्मियों को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ आशुतोष कुमार झा, पुरुषोत्तम कुमार घोष, राणा रणबीर घोष, प्रकाश गुप्ता, रंजन कुमार, अतुल कुमार के अलावा पदाधिकारी और कर्मी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्यता अभियान

**भागलपुर :** जिले के सबौर प्रखंड के बसंतपुर में रविवार को प्रखंड अध्यक्ष कार्तिक कुमार की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक हुई। इस मौके पर लोजपा की महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष रूपा कुमारी ने राष्ट्रीय लोक मोर्चा का सदस्यता ग्रहण किया। अनेक महिला पुरुष ने इस पार्टी का दामन थामा और पार्टी को मजबूती प्रदान करने का संकल्प लिया। वहीं आगामी 24 फरवरी को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भागलपुर आगमन होना सुनिश्चित हुआ है। जहां प्रधानमंत्री जी किसान सम्मान निधि का 19वीं किस्त जारी करेंगे। इसी बाबत प्रदेश सचिव सुमित सिंह कुशवाहा ने तमाम लोगों को आमंत्रण पत्र वितरण किया और लोगों को मोदी जी को सुनने का आग्रह किया। इस मौके पर आर एल एम के प्रदेश सचिव के साथ साथ मनीष कुमार, सुरेश प्रसाद सिंह, रिंकू मुस्कान, सविता देवी, संजीव कुमार कुशवाहा, विरेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### घर का ताला तोड़ चोरों ने उड़ायी लाखों की सम्पत्ति

**पूर्वी चंपारण :** रक्सौल शहर के वार्ड संख्या 11 में बीती रात अजय सिंह के घर चोरों ने ताला तोड़कर लाखों के कीमती सामान उड़ा ले गये। घटना तब हुई जब पीड़ित मकान मालिक अजय सिंह और उनके भाई विनय सिंह अपनी माता के निधन के बाद पैतृक गांव हाजीपुर दाह संस्कार के लिए गए थे। घर में कोई नहीं होने की जानकारी मिलते ही चोरों ने इस मौके का फायदा उठाया और पूरे घर को खंगाल डाला।चोरों ने बड़ी सफाई से मुख्य दरवाजे का ताला तोड़ा और अंदर प्रवेश किया। एक-एक कमरे की तलाशी लेते हुए घर में रखे कीमती जेवरात, नकदी समेत अन्य बहुमूल्य सामान लेकर फरार हो गए। सुबह पड़ोसियों ने जब घर का गेट खुला देखा, तो उन्हें संदेह हुआ। पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। रक्सौल थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है।

# सुगौली एचपीसीएल बॉयोफ्यूल्स लिमिटेड का आयुक्त ने किया निरीक्षण

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** जिले के सुगौली स्थित एचपीसीएल बॉयोफ्यूल्स लिमिटेड, इकाई का ईखायुक्त अनिल कुमार झा ने रविवार को निरीक्षण किया। इस मौके पर उनके साथ सहायक ईखायुक्त मुख्यालय बेदब्रत कुमार एवं ईख पदाधिकारी मोतिहारी राहुल कुमार भी उपस्थित रहे। इस क्रम उन्होंने इकाई के केन यार्ड, मिल सयंत्र आदि का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होने सुगौली चीनी मिल के सभागार में मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम से संबंधित प्रगति पर इकाई प्रबंधन एवं कर्मचारियों से गहन विचार विमर्श किया। मौके पर सुगौली इकाई के महाप्रबंधक विजय कुमार दीक्षित, उप महाप्रबंधक (गन्ना), शैलेन्द्र कुमार मिश्र, उप महाप्रबंधक (उत्पादन),रमेश शुक्ला, गन्ना प्रबंधक संजीव कुमार (विकास) एवं हरीशचन्द श्रीवास्तव (विपणन) सहित सुगौली इकाई के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। महाप्रबंधक विजय कुमार दीक्षित ने बताया कि पेराई सत्र 2024-25 के दौरान 42 लाख क्वींटल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है जिसे लगभग 130-135 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। कारखाने का परिचालन अपनी पूर्ण क्षमता के अनुरूप की जा रही है। किसानों द्वारा आपूर्ति किए गए गन्ने का त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान किया जा रहा है, जिससे किसानों में हर्ष का माहौल है। उप महाप्रबंधक (गन्ना) द्वारा बताया गया कि गन्ना उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा इकाई को मुख्यमंत्री गन्ना विकास कार्यक्रम अन्तर्गत आवंटित लक्ष्य को ससमय शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया जाएगा। साथ ही बताया गया कि समय से इकाई का पेराई कार्य प्रारम्भ होने से किसानों द्वारा अपना खूँटी गन्ना काटकर मिल में आपूर्ति किया जा चुका है जिसके कारण किसानों का खेत समय से खाली हुआ है जिसमें आलु, दलहन, तिलहन आदि फसलों की खेती करने का मौका किसानों को समय से मिला है।



## सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन से गिर कर झारखंड के युवक की मौत



एजेंसी

**अररिया :** कटिहार जोगबनी रेलखंड के सिमराहा रेलवे स्टेशन के समीप शनिवार की देर रात्रि सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची सिमराहा थाना पुलिस ने छानबीन कर शव को कब्जे में किया। रविवार को आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद बरामद शव को पोस्टमार्टम के लिए अररिया भेजा।जिसके बाद शव को शिनाख्त हो पाई।मृतक झारखंड के गिरीडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो का रहने वाला 28 वर्षीय सन्नी ठाकुर पिता धनेश्वर ठाकुर था।जो नेपाल से आंख का इलाज कराकर सीमांचल एक्सप्रेस ट्रेन से वापस घर लौट रहा था।इसी क्रम में सिमराहा स्टेशन के पास हादसे का शिकार हो गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी थानाध्यक्ष इम्तियाज खान ने बताया कि मृत युवक का नाम सन्नी ठाकुर (28) है। जो झारखंड के गिरिडीह जिले के डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो गांव का निवासी है।

### हर्ष फायरिंग के दो आरोपी देशी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण :** जिले पहाड़पुर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नीरपुर गांव से ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।जिनके पास से एक देसी कट्टा, 315 बोर का एक जिंदा कारतूस और मोबाइल बरामद किए गए है। अरेराज एसडीपीओ रंजन कुमार के अनुसार, ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम में हर्ष फायरिंग की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि फायरिंग करने वाले आरोपी का नाम मुस्तफा खान है, जबकि हथियार मिथुन का था।

## 05 मंजिला इमारत में लगी आग, लाखों के सामान खाक

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण :** रक्सौल शहर के अनुमंडलीय अस्पताल के ठीक सामने स्थित एक पांच मंजिला इमारत में रविवार को भीषण आग लग गई। अगलगी की इस घटना में घर में रखा अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। आग लगते ही पांचवीं मंजिल पर रह रहे लोग किसी तरह घर से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने में सफल रहे स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।बताया गया कि समय पर आग पर काबू नही पाया जाता तो मुख्य बाजार होने के चलते आग फैल सकती थी।पीड़ित गृहस्वामी मनोज प्रसाद ने बताया कि उनकी बेटी की शादी 7 मार्च को होनी थी, जिसके लिए उन्होंने चार से पांच लाख रुपये का सामान खरीदा था। यह सारा सामान इस आग में जलकर राख हो गया। उन्होंने बताया कि आग सबसे पहले पूजा घर में लगी थी, जो तेजी से फैल गई।स्थानीय लोगों के अनुसार, आग इतनी भयावह थी कि आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। हालांकि, समय रहते सभी लोग सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो सकी है।ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है,कि शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगी है। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार सदमे में है। प्रशासन से मुआवजे की मांग की जा रही है ताकि परिवार को आर्थिक मदद मिल सके।



### रक्सौल में भारी मात्रा में चाइनीज प्रिंटर बरामद

**पूर्वी चंपारण।** रक्सौल पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी)की संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में अवैध रूप से लाए गए चाइनीज प्रिंटर बरामद किए गए। इस कार्रवाई में 26 अत्याधुनिक प्रिंटर जब्त किए गए। जबकि इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।जिनसे पूछताछ की जा रही है। रक्सौल इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि एसएसबी को गुप्त सूचना मिली थी कि रक्सौल बस स्टैंड के एक गोदाम में बड़ी मात्रा में चाइनीज इलेक्ट्रॉनिक सामान छुपाकर रखा गया है। सूचना के आधार पर पुलिस और एसएसबी की टीम ने संयुक्त रूप से छापेमारी करते हुए 26 चायनीज उन्नत प्रिंटर जब्त किए गए।

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**दरभंगा :** (मो.जीलानी अंसारी)प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार विनोद कुमार तिवारी के निर्देश पर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव के मार्गदर्शन में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन उपकारा में किया गया। काराधीन बंदियों को संबोधित करते हुए पैनल अधिवक्ता मो. हैदर अली ने कहा कि मामूली अपराधों के मामलों को आसानी से सुलझाने के लिए प्ली बार्गेनिंग यानि सौदा अभिवाक एवं अपराधों का शमन करने की व्यवस्था कानून में किया गया है। इन व्यवस्थाओं में आरोपी एवं पीड़ित आपस में समझौता करते हैं। आरोपी द्वारा पीड़ित को नुकसान की भरपाई की जाती है और बदले में आरोपी को न्यायालय द्वारा कम से कम दंड दिया जाता है। उन्होंने कहा कि शमनीय अपराध वैसे अपराध होते हैं जिसमें पक्षकार आपस में सुलह समझौता कर मुकदमे को समाप्त करा सकते हैं। ऐसे मुकदमों का निपटारा लोक अदालत में आसानी से होता है। इस प्रक्रिया को अपनाने से पक्षकारों को समय एवं धन की बचत होती है और आपसी संबंध भी सुधरते हैं। सुलभ न्याय पाने के इन आसान तरीकों की जानकारी सभी लोगों को होनी चाहिए। मौके पर कारा उपाधीक्षक रत्नेश कुमार राय, पीएलवी नितीश कुमार राम सहित सभी काराधीन बंदी मौजूद थे।

## फूलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ की बैठक सम्पन्न



संवाददाता

**दुमका :** इंडोर स्टेडियम परिसर में फूलो झानो मुर्मू एनएचएम अनुबंध कर्मचारी संघ का एक बैठक संघ के अध्यक्ष एनी स्वेता टुडू के अध्यक्षता में किया गया।जिसमें 3 फरवरी को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को सौंपे गए मांग पत्र पर करवाई के संबंध में 18 फरवरी को शाम 3 बजे एक शिष्टमंडल सिविल सर्जन दुमका से मुलाकात करने का निर्णय लिया। साथ ही अन्य सभी प्रखंड के कर्मियों का माह जनवरी का बकाया मानदेय का अविलंब भुगतान करने का मांग करेगी। जिला अध्यक्ष एनी स्वेता टुडू ने कहा की हम सभी एनएचएम अनुबंध कर्मी एकजुट होकर अपनी मांगों को सरकार के समक्ष रखकर पूरा करने का आग्रह करेंगे। जिला सचिव एली बागे ने कहा के हम सभी एनएचएम अनुबंध कर्मी वर्षो से अल्प मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। समय पर मानदेय नहीं मिलने पर आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता हैं। बैठक में मुख्य रूप से जिला सचिव एली बागे, कोषाध्यक्ष पुष्पा सोरेन सुशारना सोरेन, प्रेमलता मरांडी शामिल हुए।

## महाशिवरात्रि पर 32 स्थानों से निकलेगी शोभा यात्रा



एजेंसी

**पटना :** पटना स्थित खाजपुरा शिव मंदिर परिसर में आयोजित पत्रकार वार्ता में रविवार को सम्मेलन में समिति के संयोजक सह विधायक डॉ. संजीव चौरसिया ने कहा कि पिछले सात वर्षों की तरह इस वर्ष भी 26 फरवरी को श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभा यात्रा अभिनंदन समिति की ओर से महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया जाएगा। राजधानी के अलग-अलग इलाकों से 32 शोभा यात्राएं और शिव-बारात झांकियां निकाली जाएंगी। भाजपा विधायक चौरसिया ने कहा कि मुख्य समारोह खाजपुरा शिव मंदिर परिसर में होगा जहां शोभा यात्राओं के स्वागत के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन संध्या, तांडव नृत्य, गंगा आरती और महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, केंद्र व राज्य सरकार के कई मंत्री, धमार्चार्य और समाज के प्रबुद्ध जन भाग लेंगे और शोभा यात्राओं के अभिनंदन के साथ झांकियों की आरती उतारेंगे। मुख्य मंच पर शोभा यात्रा समितियों को मोमेंटो, मेडल व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जाएगा। मौके पर राज्य सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष सिंह ने हर हर महादेव के जयघोष के बीच दो शिव विवाह रथों को झंडी दिखाकर रवाना किया। ऐसे कई रथ पूरे पटना में महोत्सव का प्रचार करेंगे। मंत्री ने समिति के कैलेंडर-पोस्टर का भी लोकार्पण किया।

## बासुकीनाथ में हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद



**दुमका :** रविवार फाल्गुन कृष्णपक्ष चतुर्थी तिथि को बाबा बासुकीनाथ के फौजदारी दरबार में पूजा अर्चना के लिए देश विदेश से हजारों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार को प्रातः चार बजे से संध्या पांच बजे तक हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकीनाथ मंदिर में स्पर्श पूजा की। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ से बासुकीनाथ मंदिर परिसर दिन भर पट सा गया। आगंतुक श्रद्धालुओं के भारी भीड़ के कारण व्यवस्था पर दिन भर आस्था हावी रही।

श्रद्धालुओं की लंबी कतार दिन भर बनी रही । रविवार को बासुकीनाथ मंदिर में कई वी आई पी भी पूजा अर्चना करने पहुंचे । वी आई पी सुरक्षा को लेकर प्रशासनिक स्तर पर बासुकीनाथ मंदिर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे। जिससे आगंतुक आम श्रद्धालुओं को थोड़ी परेशानी हुई।श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं को कतार में लगाकर सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कराया गया।

# सेपक टकरा वर्ल्ड चैंपियनशिप प्रतियोगिता 20 से 25 मार्च तक

**पटना :** सेपक टकरा वर्ल्ड चैंपियनशिप का आयोजन बिहार में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता दिनांक 20 से 25 मार्च तक पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित होंगी। 18 देशों की टीम लेगी भाग पटना में आयोजित हो रही यह प्रतियोगिता इंटरनेशनल सेपक टकरा फेडरेशन की अधिकृत प्रतियोगिता होंगी जिसमे 18 देशों की टीम भाग लेगी। वर्ल्ड चैंपियनशिप में तकरीबन 800 खिलाडी और तकनीकी पदाधिकारी भाग लेंग। एम ओ यू हुआ संपन्न। यहां बिहार स्टेट स्पोर्ट्स अथॉरिटी एवं सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ इंडिया के बीच इस वर्ल्ड चैंपियनशिप को लेकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए।इस दौरान बिहार खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शकरण (आईपीएस) मौजूद थे जिनके द्वारा संयुक्त रूप से एम ओ यू पर हस्ताक्षर किये गए। बिहार सरकार इस आयोजन का टाइटल स्पोंसर होंगी इस अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते शंकरण ने कहां की बिहार में आयोजित किये जा रहें इस वर्ल्ड चैंपियनशिप के दूरगामी परिणाम निकलेंगे और बिहार में इस खेल के विकाश के नये मार्ग स्थापित होंगे। उन्होंने कहां की अगले एक वर्ष तक जिन वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारतीय टीम भाग लेगी उन सभी के खिलाड़ियों के किट पर बिहार का लोगो छपा रहेगा। इसके अलावे खिलाडी, कोच और तकनीकी पदाधिकारियों के हर स्तर परस्किल में सुधार के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर और सेमिनार का आयोजन भी सेपक टकरा फेडरेसन ऑफ इंडिया के द्वारा किया जाएगा। सेपक टकरा फेडरेसन ऑफ इंडिया के प्रेसिडेंट योगेंद्र सिंह दहिया जी ने खेलो के विकास के प्रति बिहार सरकार के द्वारा उठाये जा रहें कदमो की भूरी भूरी प्रशंसा की।उन्होंने कहां की सरकार के द्वारा जिला स्तर पर मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम बनाये जा रहें है। जिनमे प्रशिक्षण प्राप्त कर खिलाड़ियों के स्तर में सुधार आएगा और वे बिहार के लिए अधिकाधिक पदक जीत पाएंगे। उन्होंने कहां की थाईलैंड में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दल का प्रशिक्षण चल रहा है जिसमें बिहार का एक प्रतिभावान खिलाडी भी शामिल है जिसने कई वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। इस एम ओ यू के अवसर पर सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रेसिडेंट संतोष कुमार जमुआर , सचिव विजय कुमार शर्मा सहित सेपक टकरा एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के सचिव उदय साहू और कोषाध्यक्ष शिवेंद्र दुबे, खिलाडी और विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी मौजूद थे।



## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ की तैयारी को लेकर बैठक



**दुमका :** श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार को जामा प्रखंड अंतर्गत सिमरा पंचायत के कुण्डाडीह गांव में सामूहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 22 मार्च से 28 मार्च तक 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। जिसकी तैयारियों को लेकर गठित समिति द्वारा बैठक में तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं इसकी सफलता के लिए बजट, प्रचार प्रसार ,पंडाल, कथा वाचक आदि अन्य कार्यों की रूप रेखा तैयार की गई व योजना बनायी गयी। इस मौके पर कुंडाडीह , बाबुकदेली, लक्ष्मीपुर, हल्दीपट्टी मचाडीह आदि आस पास ग्राम के कथा प्रेमी काफी संख्या में भक्तगण मौजूद थे।

# मयूराक्षी ने अमानत को रोमांचक मुकाबले में हरा कर आरपीसी मीडिया कप 2025 का जीता खिताब

**फ्रीडम फाइटर संवाददाता**

**रांची** : द रांची प्रेस क्लब द्वारा आयोजित मीडिया क्रिकेट कप 2025 का आयोजन रविवार को शानदार समापन हुआ। जेके क्रिकेट अकेडमी मैदान में खेले गए मीडिया कप के फाइनल मुकाबले में मयूराक्षी ने अमानत को रोमांचक मुकाबले में हराकर इस वर्ष का खिताब अपने नाम किया। मयूराक्षी को आखिरी ओवर में 12 रन की जरूरत थी। संतोष सिन्हा ने 2 गेंदों में दो शानदार 2 छक्के की मदद से मुकाबले में जीत दिलाई। फाइनल मुकाबले से पहले प्रतियोगिता का रंगारंग समापन हुआ। जेके इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, टाइटल स्पोंसर टाटा स्टील से राजेश राजन, अपूर्व शुक्ला, अमित गुप्ता, को-स्पोंसर अडानी पावर से पंकज कुमार, मदर जीरामनी टीचर ट्रैनिंग कॉलेज के निदेशक स्वामी देवेंद्र प्रकाश, एलेक्सा रिजॉट एन्ड रेस्टोरेंट से धीरज भोगता व रामसिंह, टाइटन प्लस हरमू से सुजीत कुमार, सरला बिरला कॉलेज से प्रदीप वर्मा मुख्य रूप से मौजूद थे। फाइनल मुकाबले से पहले रांची प्रेस क्लब और जमशेदपुर प्रेस क्लब में बीच मैत्री मुकाबला खेला गया। जिसमें जमशेदपुर ने जीत दर्ज की।

**आखिरी ओवर में मयूराक्षी की जीत के हीरो बने संतोष सिन्हा**

**फाइनल** मुकाबला अमानत और मयूराक्षी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए





अमानत ने निर्धारित 16 ओवर में 4 विकेट खोकर 133 रनों बनाए। अमानत की ओर से समीर सृजन ने 26 गेंदों में 43 रन और कुमार सौरभ ने 28 रनों की जुझारू पारी खेली। मयूराक्षी कि ओर से शमीम राजा, बिपिन पाण्डेय और कमलेश मिश्रा ने 1- 1 विकेट लिए। लो स्कोरिंग मुकाबले में फाइनल का रोमांच कम नहीं हुआ। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मयूराक्षी के कप्तान ने 25 गेंदों में 55 रन की शानदार शुरूआत दी। दिलीप सिंह और असगर खान ने 2- 2 विकेट लेकर अमानत को वापस खेल में ले आया। बिपिन कुमार पांडे के 23 रन पर रनआउट होने के बाद मुकाबला अमानत की ओर झुकने लगा। लेकिन अंतिम ओवर में समीर सृजन के लगातार दो गेंदों पर दो छक्के लगाकर संतोष सिन्हा ने अमानत के मुंह से जीत छीन मयूराक्षी कि ओर कर दिया। फाइनल मुकाबले में शमीम राजा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**प्रतियोगिता के अन्य अवार्ड**

**प्लेयर ऑफ द सीरीज : शमीम राजा**

**बेस्ट बैटर : शमीम राजा**

**बेस्ट बॉलर : कमलेश मिश्रा**

**बेस्ट विकेटकीपर : सुशील सिंह मंटू**

**फाइनल** के मौके पर वरिष्ठ पत्रकारों मे अनुज सिन्हा, विजय पाठक, ओमप्रकाश मालवीय,रेखा पाठक, पूर्व अध्यक्ष राजेश कुमार सिंह, अखिलेश सिंह पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला, जेएससीए से जय कुमार सिन्हा, पंकज कुमार पाठक, मैनेजिंग कमिटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, सचिव अमरकांत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी कोषाध्यक्ष कुबेर सिंह, संयुक्त सचिव रतन लाल कार्यकारणी सदस्य विजय मिश्रा, मोनू कुमार, अलोक सिन्हा, आरजे अरविन्द, सौरभ शुक्ला, चंदन भट्टचार्य, अंजनी कुमार, राजू प्रसाद, संजय सुमन उपस्थित थे।

## एक झलक

### श्रेयंका डब्ल्यूपीएल से हुई बाहर

**मुम्बई** : रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की श्रेयंका पाटिल फिट नहीं होने के कारण महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के तीसरे सत्र से बाहर हो गयी हैं। आरसीबी के अनुसार श्रेयंका अपनी चोट से नहीं उबर पायी हैं। इसी कारण उनकी जगह पर ऑलराउंडर स्नेह राणा को शामिल किया गया है। फ्रेंचाइजी ने उनके बाहर होने की घोषणा करते हुए कहा कि ये खिलाड़ी अपनी पिंडली की चोट से परेशान हैं जिसका वह अभी इलाज करायेंगी। श्रेयंका ने आरसीबी की ओर से पिछले सत्र में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 8 मैचों में 13 विकेट लिए थे। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए करारा झटका है। लीग में श्रेयंका के अलावा आशा शोभना और सोफी मोलिनक्स की चोटिल होकर बाहर हो गयी हैं। श्रेयंका की जगह पर शामिल राणा ने गुजरात जायंट्स के लिए डब्ल्यूपीएल के दो सत्रों के 12 मैचों में भाग लिया है। उसने दो मैचों में टीम की कप्तानी भी की थी।

### रणजी टीम से भी बाहर हुए यशस्वी

**मुम्बई** : युवा सलामी बल्लेबाज जायसवाल को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में यशस्वी रणजी ट्रॉफी में खेलने जा रहे थे पर अब वह भी संभवन नहीं है। यशस्वी चोटिल होने के कारण रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल से भी बाहर हो गए हैं। रणजी सेमीफाइनल नागपुर के जामठा में सोमवार से मुंबई और विदर्भ के बीच शुरू होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यशस्वी के बाएं टखने में दर्द है और उनको जांच के लिए बेंगलुरु के बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ले जाया जाएगा। आज रविवार को नागपुर में मुंबई के अभ्यास सत्र में फील्डिंग पर नेट्स में बल्लेबाजी करते समय उन्हें दर्द उभरने लगा। कहा जा रहा है कि उनकी पुरानी चोट फिर से उभर आई है। अब उनकी रिकवरी प्रक्रिया बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में होगी। यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है और दोनो को ही नॉन ट्रैवलिंग सब्स्टीट्यूट के तौर पर रखा गया है।

### अशरफ के चयन से नाराज हैं कप्तान

**लाहौर** : पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने कहा है कि टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान के मना करने के बाद भी जिस प्रकार चयनसमिति ने ऑलराउंडर फहीम अशरफ को चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए शामिल किया है। उससे रिजवान नाराज हैं, बासित ने कहा कि इस प्रकार चयनसमिति और कप्तान के बीच मतभेद होने का नुकसान टीम को हो सकता है। इस बात के सामने आने के बाद से ही पाक क्रिकेट में व्याप्त मतभेद सामने आ गये हैं। बासित ने कहा कि एक कप्तान तब गेंदबाज को नहीं बदलता जब वह अपने स्पेल में कम रन दे रहा हो। उन्होंने कहा कि फहीम के चयन से रिजवान नाराज हैं। इसी कारण दो ओवर में केवल नौ रन देने के बाद रिजवान ने उन्हें न्यूजीलैंड के खिलाफ ट्राई सीरीज के फाइनल में बदल दिया था। इस मैच में पाक टीम ने अपने तेज गेंदबाजों शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के साथ गेंदबाजी शुरू की। वहीं अशरफ को पहले बदलाव के रूप में लाया गया जहां उन्होंने दो ओवर में ही नौ रन दिए। इसके बाद भी उन्हें गेंदबाजी नहीं दी गयी।

# आखिरी गेंद पर दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियस को 02 विकेट से हराया

**एजेंसी**

**वड़ोदरा** : वीमेंस प्रीमियर लीग 2025 के दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियस को आखिरी गेंद तक चले रोमांचक मुकाबले में 2 विकेट से हरा दिया है। इस मैच में मुंबई ने पहले खेलते हुए 164 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली ने आखिरी गेंद पर दो रन भागते हुए जीत सुनिश्चित की। वड़ोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 164 रन का स्कोर खड़ा किया। मुंबई के लिए नैट साइवर



ब्रंट ने नाबाद 80 रन की पारी खेली और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 42 रनों का योगदान दिया। जबकि मुंबई के आठ बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। दिल्ली के लिए एना सदरलैंड ने सबसे ज्यादा 3 विकेट चटकाए और शिखा पांडे ने भी दो विकेट लिए। जबकि मिन्नु मनी और एलिस कैप्सी को एक-एक सफलता मिली। 165 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की शुरूआत काफी अच्छी रही। कप्तान मेग लैनिंग और शफाली वर्मा ने पावरप्ले में ही टीम का स्कोर 60 के पार पहुंचा दिया। लैनिंग 15 रन बनाकर आउट हो गईं। जबकि शफाली ने 18 गेंद में 43 रन की पारी खेली। मिडिल ओवरों में दिल्ली जब जीत से दूर होती दिख रही थी तब निकी प्रसाद ने 35 रन की धीमी लेकिन महत्वपूर्ण पारी खेल टीम को जीत के करीब ले जाने का काम किया। आखिरी ओवर में दिल्ली को जीत के लिए 10 रन की जरूरत थी और तीन विकेट हाथ में था। हालांकि 20वें ओवर की पहली गेंद पर चौखा मारकर निकी प्रसाद ने टीम पर से दबाव कम किया।

## दीपक को एलएलसी लीग के लिए कानपुर चीफ टीम ने 42.50 लाख में खरीदा

**एजेंसी**

**जोधपुर** : राजस्थान के दीपक गौड़ को लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में शामिल किया गया है। दीपक को उत्तर प्रदेश में आयोजित होने वाली इस लीग के लिए कानपुर चीफ टीम ने 42.50 लाख रुपये में खरीदा है। दीपक के चयन से उनके क्षेत्र में खुशी का माहौल है और लोगों से उन्हें बधाइयां मिल रही हैं। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुरेश रैना कानपुर चीफ टीम के मेंटर होंगे जिनके अनुभवों का लाभी टीम को मिलेगा।

दीपक जोधपुर की कॉल्विन शील्ड टीम से खेलते हैं और अंडर-19 जोधपुर टीम के कप्तान भी रहे हैं। वह विजय हजारे ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली और रणजी ट्रॉफी के कैंप में भी शामिल रहे हैं। आईपीएल में वह राजस्थान रॉयल्स के नेट गेंदबाज रहे हैं। अब देखना है कि दीपक इस लीग



में कैसा प्रदर्शन करते हैं। दीपक गौड़ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता देवीलाल गौड़ को दिया, जिन्होंने हर कदम पर उनका साथ दिया. उनके चयन पर शास्त्री सोहनलाल गौड़, गौड़ ब्राह्मण समाज महाराष्ट्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशन गौड़, डॉ. अशोक गौड़, एडवोकेट गोविंद गौड़, डॉ. नमन गौड़, सरपंच महिपाल भडियार, अनिल गौड़, सुनील गौड़ और वाईकिंग एकेडमी के कोच विक्रम सिंह राजावत ने शुभकामनाएं दीं।

## दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का मुकाबला आज

**एजेंसी**

**वड़ोदरा** : महिला प्रीमियर लीग (डब्यूपीएल) क्रिकेट में सोमवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के इरादे से उतरेंगी। आरसीबी और कैपिटल्स ने अपने-अपने शुरूआती मैचों में जीत दर्ज की है जिससे इनका मनोबल बढ़ा हुआ है। आरसीबी ने टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच में गुजरात जायंट्स को छह विकेट से वहीं दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को हराया था।

पहले मैच में अच्छी शुरूआत से दोनों ही टीमों का मनोबल बढ़ा है



और वह वे अपनी जीत की लय बनाये रखना चाहेंगी। आरसीबी की टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी अधिक कैपिटल्स के मुकाबले अधिक मजबूत नजर आ रही है। ऐसे में वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। स्मृति मंधाना की कप्तानी वाली आरसीबी की बल्लेबाजी का अंदाज इसी से होता है कि उसने पहले मुकाबले में 200 से अधिक रन के लक्ष्य को हासिल कर लिया था। आरसीबी को राघवी बिष्ट और कनिका आहूजा जैसी युवा खिलाड़ियों से भी लाभ हुआ है। टीम के पास मंधाना के अलावा ऋचा घोष और डैनी व्याट जैसी खिलाड़ी हैं। राघवी और कनिका ने पहले मैच में जीत में अहम भूमिका निभाई थी। आरसीबी के गेंदबाजों को हालांकि कैपिटल्स के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने सटीक गेंदबाजी करनी होगी। गेंदबाजी ने उसे एलिसे पेरी की कमी खलेगी। पेरी चोटिल होने के कारण टूनार्मेंट के शुरूआती चरण से बाहर हो गयी हैं। दिल्ली की बल्लेबाजी कप्तान मेग लैनिंग, एनाबेल सदरलैंड, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, एलिस कैप्सी और सारा ब्राइस जैसी खिलाड़ियों पर निर्भर है। ये किसी भी तरह के आक्रमण को बिखेर सकती हैं।

## आईपीएल में इस बार दिखेंगे बदलाव

**एजेंसी**

**मुम्बई** :अगले माह होने वाले आईपीएल 2025 में अनुशासन तोड़ना अब खिलाड़ियों को भारी पड़ेगा। इस बार टीमों में काफी बदलाव भी देखने को मिलेगा। कई टीमों ने कप्तान तक बदले हैं। पिछली बार की विजेता कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब किंग्स की कप्तानी जबकि पिछली बार दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करने वाले ऋषभ पंत इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स की ओर से खेलेंगे आईपीएल प्रबंधन ने मैदान पर खिलाड़ियों के अनुशासन से जुड़े कई नियम अब पहले से अधिक सख्त कर दिए





गए हैं। अब आईपीएल में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की आचार संहिता का पालन किया जाएगा। गर्वनिंग काउंसिल की बैठक में ये अहम फैसला लिया गया। इसके तहत लेवल 1,2 और 3 के उल्लंघन पर खिलाड़ियों को आईसीसी के नियमों के मुताबिक सजा दी जाएगी। पहले लीग के अपने नियम होते थे, लेकिन अब आईसीसी द्वारा निर्धारित कोड ऑफ कंडक्ट लागू किया जाएगा। आईपीएल 2025 सीजन का आगाज 21 मार्च से होगा। यानी इस दिन टूनार्मेंट का ओपनिंग मुकाबला खेला जाएगा जबकि फाइनल मुकाबला 25 मई को खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर का रूल जारी रहेगा। हालांकि इम्पैक्ट प्लेयर रूल को लेकर पिछले साल काफी बवाल भी हुआ था। रोहित शर्मा, विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों ने इस रूल की आलोचना की थी।

## मुंबई इंडियंस ने चोटिल गजनफर की जगह मुजीब को टीम में किया शामिल

**एजेंसी**

**मुम्बई** : पांच बार की चैंपियन मुम्बई इंडियंस ने अफगानिस्तान के स्पिनर मुजीब उर रहमान को टीम में शामिल करने की घोषणा है। मुजीब को हमवतन अल्लाह गजनफर के रिप्लेसमेंट के रूप में टीम में जगह दी गई है। गजनफर चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से बाहर हो गए हैं। आईपीएल मेगा नीलामी में मुंबई इंडियंस ने गजनफर को 4.80 करोड़ रुपये में खरीदा था।

मुम्बई इंडियंस ने रविवार को एक बयान में कहा कि दाएं हाथ के मिस्ट्री स्पिनर मुजीब, ब्लू एंड गोल्ड आर्मी में हमारे परिवार में नए सदस्य होंगे, जो दुनिया भर में अपनी शानदार स्पिन गेंदबाजी के लिए मशहूर हैं। इसी के साथ मुम्बई ने गजनफर के जल्दी



स्वस्थ होने की कामना की। फ्रेंचाइजी ने कहा कि पलटन आपके जल्दी स्वस्थ होने की कामना करती है। हमें उम्मीद है कि हम आपको जल्द ही मैदान पर खेलते देखेंगे।

आंकड़ों की बात करें तो 23 वर्षीय खिलाड़ी मुजीब ने 256 टी20 में 6.75 की इकॉनमी से 275 विकेट लिए हैं।

## रहाणे को कप्तान बना सकती है केकेआर

**मुम्बई** : कोलकाता नाईट राइडर्स (केकेआर) आईपीएल के 2025 सत्र के लिए बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे को कप्तान बना सकती है। केकेआर ने इस सत्र के लिए अभी तक कप्तान के नाम की घोषणा नहीं की है। केकेआर ने रहाणे को आईपीएल नीलामी में खरीदा था। पिछले सत्र में टीम को खिताबी जीत दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को इस बार केकेआर ने रिटेन नहीं किया था। इस कारण अब उसे इस सत्र के लिए नये कप्तान को नियुक्त करना है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार रहाणे को केकेआर अपना नया कप्तान बना सकती है. हालांकि अभी तक उनके नाम की घोषणा नहीं हुई है। आईपीएल 2025 मेगा नीलामी के पहले दौर में रहाणे को कोई खरीददार नहीं मिला था पर उन्हें केकेआर ने दूसरे दौर में खरीद लिया था।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत पर हावी रही है पाकिस्तान टीम

**एजेंसी**

**मुम्बई** : आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में सभी को भारत और पाकिस्तान के बीच 23 फरवरी को होने वाले अहम मुकाबले का इंतजार है। दोनो ही टीमों को इसमें जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। अभी दोनो ही टीमें अच्छे फॉर्म में हैं। ऐसे में इनके बीच कड़े मुकाबले की उम्मीद हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय टीम हमेशा ही आईसीसी टूनार्मेंटों में हावी रही है और वह केवल एक बार ही हारी है पर चैम्पियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान की टीम को अधिक सफलता मिली है। उसने भारतीय टीम को 3 बार हराया है. ऐसे में टीम इंडिया को उसके खिलाफ मुकाबले में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी में अब तक 5 मुकाबले हुए हैं।





इनमें से भारतीय टीम दो ही जीत पायी है। वहीं पाकिस्तान ने ने तीन मैच जीते हैं। इसके अलावा उसने पिछली बार फखर जमां के शतक से 2017 में खेले गये इस टूनार्मेंट में खिताब भी जीता था। दोनों ही टीमों में उस समय के आधे खिलाड़ी अब भी हैं। ऐसे में भारतीय टीम इस बार उस हार का हिसाब बराबर करना चाहेगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी पहली बार 1998 में आयोजित हुई पर भारत-पाकिस्तान का मुकाबला 2004 में हुआ। इंग्लैंड में खेली गई चौथी चैंपियंस ट्रॉफी में दोनों टीमें पहली बार टकरायीं। तब पाकिस्तान ने यह मुकाबला 3 विकेट से जीता। इसके बाद 2009 में भी पाक ने भारतीय टीम को 54 रन से हराया। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को पाकिस्तान पर पहली जीत साल 2013 में मिली। तब भारतीय टीम ने बर्मिंघम में खेले गए इस मुकाबले को 8 विकेट से जीता। उस मै खेले रोहित शर्मा, विराट कोहली और रवींद्र जडेजा अब भी भारतीय टीम में शामिल हैं। साल 2017 में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाक के बीच दो बार मुकाबला हुआ। तब भारतीय टीम ने ग्रुप मैच में पाकिस्तान को 124 रन से हराया पर फाइनल में पाक टीम को जीत मिली। पाकिस्तान ने फाइनल में भारतीय टीम को 180 रनों से हराया था।

## चैंपियंस ट्रॉफी में स्मिथ पारी शुरू करें : गिलक्रिस्ट



**एजेंसी**

**मेलबर्न** : ऑस्ट्रेलियाई टीम के करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज रहे क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने कहा कि 19 फरवरी से होने वाली आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में कप्तानी कर स्टीव स्मिथ पारी की शुरूआत करें। गिलक्रिस्ट के अनुसार इससे स्मिथ को अधिक से अधिक गेंदें खेलने के लिए मिलेंगी। इससे पहले हुए श्रीलंका दौरे में स्मिथ ने मध्यक्रम के बल्लेबाज के तौर पर काफी कम रन बनाये थे। गिलक्रिस्ट के अनुसार युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क अभी रन नहीं बना पा रहे हैं। ऐसे में स्मिथ को पारी शुरू करनी चाहिए। गिलक्रिस्ट के अनुसार मैट शॉर्ट को भी शीर्ष क्रम में ट्रैविस हेड के साथ उतारा जा सकता है पर अभी स्मिथ को पारी शुरू करनी चाहिए क्योंकि शॉर्ट के पास अधिक अनभव नहीं है। उन्होंने कहा,मुझे मैट को बल्लेबाजी में हेड के साथ उतारना भी अच्छा प्रयोग लग रहा है। इससे बाएं हाथ और दाएं हाथ का अच्छा संयोजन बनेगा। वहीं स्मिथ भी पारी शुरू कर कर सकते हैं, टी20 में हमने उन्हें 20 ओवर के क्रिकेट में ऐसा करते हुए देखा है। वह मध्यक्रम में काफी अच्छे बल्लेबाजी है पर पारी की शुरूआत में भी वह सफल रहेंगे। इससे उन्हें ज्यादा गेंदों का सामना करने का अवसर मिलेगा। टीम चैंपियंस ट्रॉफी में मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जैसे शीर्ष तेज गेंदबाजों के बिना उतरेगी। इसके अलावा ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन और मिशेल मार्श भी उसके साथ नहीं हैं , ऐसे में युवा खिलाड़ियों पर अधिक जम्मेदारी है। ऑस्ट्रेलिया को चैंपियंस ट्रॉफी के लीग चरण के मैचों में इंग्लैंड, अफगानिस्तान और दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करना है। गिलक्रिस्ट को लगता है कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उनकी सीमित तैयारी के कारण टीम को मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

## चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन सकते हैं विराट

**एजेंसी**

**मुम्बई** : आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली के पास एक अहम रिकार्ड बनाने का अवसर है। विराट इस टूनार्मेंट में सबसे अधिक रन बनाने वाले शीर्ष खिलाड़ी बन सकते हैं। भारतीय टीम 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी में अपने अभियान की शुरूआत करेगी और दौरान सभी की नजरें विराट कोहली पर रहेंगी। विराट ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में अर्धशतक लगाकर फार्म हासिल कर लिया है। ऐसे में सभी को उनसे



अधिक से अधिक रन बनाने की उम्मीदें रहेंगी। विराट अपनी चौथी चैंपियंस ट्रॉफी खेल रहे हैं। विराट ने अब तक 13 मैचों में 529 रन बनाए हैं और इस प्रकार वह भारतीय टीम के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत के सफल बल्लेबाज बनने के लिए केव 173 रन चाहिये। अभी शिखर धवन के नाम चैम्पियंस ट्रॉफी में सबसे अधिक रन हैं, जिन्होंने 2013 और 2017 की चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 701 रन बनाए थे। धवन दोनों चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे थे। भारत ने 2013 में ट्रॉफी जीती थी जबकि 2017 में टीम फाइनल तक पहुंची थी। वहीं पूर्व कप्तान सौरव गांगुली 665 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2000 और 2002 में चैंपियंस ट्रॉफी खेले थे। विराट ने चैंपियंस ट्रॉफी में 12 पारियों में 529 रन बनाए हैं, जिसमें पांच अर्धशतक भी शामिल हैं।

## एक झलक

### हीरो मोटोकॉर्प का अगले वित्त वर्ष में राजस्व में 10 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य

**नयी दिल्ली** : देश की लीडिंग दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी हीरो मोटोकॉर्प ने अपने नये उत्पादों और खंडों में सतत निवेश के माध्यम से अगले वित्त वर्ष में अपने राजस्व में दो अंकीय वृद्धि का लक्ष्य घोषित किया है। कंपनी के मुख्य वित्त अधिकारी ने इसकी जानकारी दी, जिसके अनुसार दिसंबर तिमाही में कंपनी का राजस्व 10,260 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी की नजर नए उत्पादों और खंडों पर निवेश करने की ओर है, जिससे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय में वृद्धि होगी। वित्त वर्ष में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी ने अपने हीरो 2.0 मिशन के तहत अपने बिक्री शोरूमों का अद्यतन किया है और प्रीमियम शोरूम की स्थापना भी की है। इसके साथ ही कंपनी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मांग में वृद्धि के साथ नए उत्पादों की पेशकश और पावर ब्रांड में निवेश के लिए प्रतिबद्ध है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की वृद्धि के लिए उम्मीदें हैं, जो उद्योग में और अधिक विकास के संकेत हो सकते हैं।

### अरबिंदो फार्मा कम्पनी यूरोपीय बाजार में उत्पादों की आपूर्ति शुरू करेगी

**नयी दिल्ली** : दवा निर्माता अरबिंदो फार्मा कंपनी के एक प्रमुख अधिकारी ने घोषणा की है कि कंपनी अपने चीन के संयंत्र से यूरोप के बाजारों में अप्रैल महीने से उत्पादों की आपूर्ति शुरू करेगी। कंपनी ने नवंबर, 2024 के अंतिम सप्ताह में इस संयंत्र का परिचालन शुरू किया था और अब उत्पादन बढ़ाने की प्रक्रिया में है। सुब्रमण्यन ने बताया कि यूरोप से नियामकीय मंजूरियां मिल चुकी हैं और वहां उत्पादों की आपूर्ति शुरू करने की योजना है। उन्होंने कहा कि कंपनी को अगले 2-3 वर्षों में चीन संयंत्र से अच्छी कमाई की उम्मीद है। वे ने राजस्व अनुमान के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि दो से तीन साल में महत्वपूर्ण राजस्व मिलने की उम्मीद है। इस साल कंपनी ने अपने उत्पादों को महत्वपूर्ण बाजारों में लाने के लिए कई कदम उठाए हैं और अप्रैल से यूरोप में आपूर्ति शुरू करने का नया प्रस्ताव भी इसी दिशा में कदम है। यह अगले कुछ महीनों में कंपनी के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है और इसके साथ ही यूरोप के रोजगार की वृद्धि के लिए भी महत्वपूर्ण समाचार है। अरबिंदो फार्मा ने अपने उत्पादों की गुणवत्ता के मामले में भी अच्छी प्रतिष्ठा हासिल कर ली है और इसका यूरोप में उत्तराधिकारी हो या न करने का संकेत हो सकता है।

### वित्तीय अधिकारियों का मुआवजा बढ़ाने की योजना

**नयी दिल्ली** : वैश्विक स्तर पर अच्छी खबर आई है कि वर्ष 2024 और 2025 में सीएफओ ने कर्मचारियों का मुआवजा औसत से बढ़ाने की योजना बनाई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, टेक्नोलॉजी इन्वेस्टमेंट और डिजिटल विकास को महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जिससे उद्योगों में विकास और दक्षता में सुधार आ सकता है। यह सीएफओ का दृष्टिकोण है कि टेक्नोलॉजी बजट में वृद्धि करने से कंपनियों को विविधता और प्रतिस्पर्धा के माध्यम से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, सेक्टर-अनुसार टेक्नोलॉजी खर्च में वृद्धि देखने के साथ, बैंकिंग और रिटेल सेक्टर में भी मुआवजे और बाहरी सेवाओं पर ध्यान दिया जा रहा है।

# 08 प्रमुख कम्पनियों का मार्केट कैप 2.03 लाख करोड़ घटा

**मुंबई** : पिछले सप्ताह सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की गिरावट देखी गई। शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी के मूल्यांकन में सामूहिक रूप से 2,03,952.65 करोड़ रुपये की



गिरावट आई। वहीं भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया। सप्ताह के दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 67,526.54 करोड़ रुपये घटकर 16,46,822.12 करोड़ रुपये, टीसीएस का मूल्यांकन 34,950.72 करोड़ रुपये घटकर 14,22,903.37 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 28,382.23 करोड़ रुपये घटकर 12,96,708.35 करोड़ रुपये, आईटीसी की 25,429.75 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 5,13,699.85 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 19,287.32 करोड़ रुपये घटकर 7,70,786.76 करोड़ रुपये, एसबीआई की बाजार हैसियत 13,431.55 करोड़ रुपये घटकर 6,44,357.57 करोड़ रुपये, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 10,714.14 करोड़ रुपये घटकर 5,44,647 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 4,230.4 करोड़ रुपये घटकर 5,20,082.42 करोड़ रुपये रह गया। इस रुख के विपरीत भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 22,426.2 करोड़ रुपये बढ़कर 9,78,631.54 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 1,182.57 करोड़ रुपये बढ़कर 8,88,815.13 करोड़ रुपये हो गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का स्थान रहा।

## विदेशों में दाम चढ़ने से बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन कीमतों में सुधार

**नयी दिल्ली** : बीते सप्ताह विदेशी बाजारों में खाने के तेल महंगे होने तथा देश में आयात शुल्क पुनर्निर्धारित करने के कारण देश के तेल-तिलहन बाजार में अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम मजबूती के साथ बंद हुए। निर्यात में सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) का दाम कम मिलने के बीच सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट देखने को मिली। बाजार सूत्रों ने कहा कि इन सबके अलावा समीक्षाधीन सप्ताह के अंत में खाद्य तेलों के आयात शुल्क मूल्य में फेरबदल करते हुए सोयाबीन डीगम तेल का आयात शुल्क मूल्य 88 रुपये क्विंटल घटाया गया है, जबकि कच्चे पामतेल (सीपीओ) का आयात शुल्क मूल्य पांच रुपये क्विंटल बढ़ाया गया है। पामोलीन के आयात शुल्क मूल्य को 19 रुपये क्विंटल घटाया गया है। विदेशों में पिछले महीने जिस सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,110-1,115 डॉलर प्रति टन था वह समीक्षाधीन सप्ताह में बढ़कर 1,175-1,180 डॉलर प्रति टन हो गया। इस दौरान, 1,170-1,175 डॉलर वाले सीपीओ का दाम बढ़कर 1,180-1,185 डॉलर प्रति टन हो गया। यानी सीपीओ और सोयाबीन डीगम के दाम का जो अंतर पहले अधिक था, वह अंतर अब लगभग बराबर हो चला है। सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन अवधि में एक मात्र सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट रही। यह गिरावट मुख्यतः निर्यात में अच्छा दाम नहीं मिलने की वजह से है। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 25 रुपये के सुधार के साथ 6,125-6,225 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

## गौतम अडानी की सम्पत्ति में बड़ी गिरावट

**मुंबई** : देश के प्रमुख रईसों में से एक अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की संपत्ति में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर इंडेक्स के अनुसार, उनकी नेटवर्थ 2.73 अरब डॉलर घटकर 66.1 अरब डॉलर रह गई है। इसके चलते वे दुनिया के अमीरों की सूची में 23वें स्थान पर खिसक गए हैं। अडानी के साथ ही भारतीय रईसों की नेटवर्थ में गिरावट देखने को मिल रही है। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में भी 4.55 अरब डॉलर की गिरावट आई है। इससे एशिया के सबसे बड़े रईस के स्थान पर सवाल खड़े हैं। भारतीय रईसों के बीच संपत्ति में गिरावट के कारण घरेलू शेयर बाजार में लगातार गिरावट आ रही है। इससे नामी उद्योगपतियों जैसे शिव नाडर, शापूरजी मिस्त्री, अजीम प्रेमजी, सावित्री जिंदल और दिलीप सांघवी की नेटवर्थ में भी गिरावट देखने को मिल रही है। विश्व के सबसे अमीर व्यक्ति एलेन मस्क की नेटवर्थ में भी गिरावट दर्ज की गई है, जबकि मार्क जुकरबर्ग सबसे अच्छे कमाई वाले रईस बने हुए हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी की नेटवर्थ में इस साल 4.55 अरब डॉलर की गिरावट आई है। वह 86.1 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 17वें नंबर पर बने हुए हैं। एचसीएल के शिव नाडर ने इस साल 4.14 अरब डॉलर, शापूरजी मिस्त्री ने 2.18 अरब डॉलर, अजीम प्रेमजी ने 18.8 करोड़ डॉलर, सावित्री जिंदल ने 5.20 अरब डॉलर और सन फार्मा के दिलीप सांघवी ने 3.40 अरब डॉलर गंवाए हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा नेटवर्थ गंवाने के मामले में एलन मस्क पहले नंबर पर हैं जबकि सबसे ज्यादा कमाई करने में मार्क जुकरबर्ग सबसे आगे हैं। दुनिया के सबसे बड़े रईस मस्क की नेटवर्थ में इस साल 34.1 अरब डॉलर गंवाए हैं। अब उनकी नेटवर्थ 398 अरब डॉलर रह गई है। दूसरी तरफ फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स के सीईओ जुकरबर्ग की नेटवर्थ में इस साल 52 अरब डॉलर की तेजी आई है। वह 259 अरब डॉलर की नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में मस्क के बाद दूसरे नंबर पर हैं।

## चालू वित्त वर्ष में मदर डेयरी को अपना कारोबार 17,000 करोड़ के पार होने की उम्मीद

**नयी दिल्ली** : अपने खाद्य उत्पादों की बेहतर मांग तथा उत्पादन क्षमता के साथ वितरण नेटवर्क के विस्तार से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में दिल्ली-एनसीआर में प्रमुख दुग्ध आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी का कारोबार 15 प्रतिशत बढ़कर 17,000 करोड़ रुपये से अधिक रहने की उम्मीद है। दूध और अन्य डेयरी उत्पादों के अलावा मदर डेयरी धारा ब्रांड के तहत खाद्य तेल और सफल ब्रांड के तहत बागवानी उत्पाद बेचती है। मदर डेयरी की स्थापना 1974 में हुई थी। अब यह राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी है। मदर डेयरी के एक प्रमुख अधिकारी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि इसने अपनी स्थापना के 50 साल पूरे किये हैं। हम चालू वित्त वर्ष में 15 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि के साथ साल का समापन 17,000 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार के साथ करेंगे।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में भी मामूली गिरावट

**नयी दिल्ली** : घरेलू सर्राफा बाजार में रविवार को गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोने की कीमत में आज जोरदार कमजोरी दर्ज की गई है, जबकि चांदी के भाव में मामूली गिरावट आई है। कमजोरी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 86,070 रुपये से लेकर 86,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 78,900 रुपये से लेकर 79,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस कमजोरी के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,00,500 रुपये प्रति



किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,050 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,120 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,220 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,120 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,220 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है।

## समर्थ द ऑर्थो क्लिनिक ने जागरूकता पहल का किया सफल आयोजन

**रांची** : समर्थ द ऑर्थो क्लिनिक ने बहुप्रतीक्षित स्वास्थ्य जागरूकता पहल 'जॉय ऑफ मूवमेंट' का सफल आयोजन किया, जिसका उद्देश्य घुटनों के दर्द से राहत, गतिशीलता बढ़ाने और एक सक्रिय, दर्द-मुक्त जीवन जीने के बारे में लोगों को जागरूक करना था। संयुक्त प्रतिस्थापन एवं ऑर्थोपेडिक सर्जन डॉ. विवेक कुमार डेविड के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों ने आधुनिक उपचार विकल्पों और निवारक देखभाल पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा




की। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया प्रतिनिधियों और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भाग लिया, जिसमें घुटने और जोड़ संबंधी समस्याओं के लिए समय पर इलाज और उन्नत चिकित्सा तकनीकों के महत्व पर जोर दिया गया।विशेषज्ञों ने इस मौके पर मिनिमली इनवेसिव प्रक्रियाओं और जीवनशैली में बदलाव जैसी नवीनतम उपचार विधियों पर प्रकाश डाला, जिससे लोग अपनी गतिशीलता और जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर सकें।

## होम लिफ्ट्स ब्रांड एलीट एलीवेटर्स की नयी एक्स300 और एक्स300 प्लस होम लिफ्ट्स लॉन्च



**जमशेदपुर** : प्रीमियम होम लिफ्ट सेगमेंट में प्रमुख ग्लोबल लीडर, एलीट एलीवेटर्स ने अत्याधुनिक एलीट एक्स300 और एक्स300 प्लस होम लिफ्ट्स लॉन्च की हैं। ये उन्नत लिफ्ट्स लग्जरी, नई टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी का बेहतरीन मेल हैं, जो आधुनिक घरों के लिए एक नया अनुभव लेकर आयेंगी। कंपनी की योजना वर्ष 2025 में अमेरिका और कनाडा जैसे नये बाजारों में अपनी पहुंच का विस्तार करना है। यह कदम न सिर्फ होम लिफ्ट अनुभव को नया आयाम देगा, बल्कि कंपनी को अपनी विकास यात्रा में नयी ऊंचाइयों पर भी ले जायेगा। कंपनी की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए, एलीट एलीवेटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, विमल बाबू ने कहा, वर्ष 2030 तक भारतीय होम लिफ्ट बाजार के 8-9% सीएजीआर की दर से बढ़ने की उम्मीद है। ऐसे में, हम इस विस्तार का पूरा लाभ उठाने के लिए तैयार हैं।

## पेज एक के शेष

**जनजातीय विरासत को प्रस्तुत और प्रोत्साहित करने में प्रमुख है आदि महोत्सव का आयोजन : राष्ट्रपति...**
पिछले साल गांधी जयंती पर धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किये गये थे।

**भारत को विकसित बनाने में कपड़ा क्षेत्र का भी होगा बड़ा योगदान : मोदी...**
करोड़ डॉलर तक पहुंचने की सम्भावना है। वैश्विक रिसाइक्लिंग बाजार करीब 7.5 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। अगर हम सही दिशा में आगे बढ़ें, तो भारत इसमें और बड़ा शेयर हासिल कर सकता है। इस सफलता के पीछे पूरे एक दशक की मेहनत और निरन्तर नीति को श्रेय देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में हमारे कपड़ा क्षेत्र में विदेशी निवेश दोगुना हुआ है। कपड़ा देश में सबसे ज्यादा रोजगार के अवसर देने वाले उद्योगों में से एक है। भारत की उत्पादकता में क्षेत्र 11 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। इस बार बजट में भी हमने मिशन मैन्युफैक्चरिंग पर बल दिया है। क्षेत्र में निवेश और विकास का लाभ करोड़ों कपड़ा क्षेत्र के कामगारों को मिल रहा है।
मोदी ने कहा कि 'भारत टेक्स' अब एक 'मेगा ग्लोबल टेक्सटाइल इवेंट' बन रहा है। इस आयोजन से कपड़ा क्षेत्र सेक्टर में निवेश, निर्यात और क्षेत्र के सम्पूर्ण विकास को जबरदस्त बढ़ावा मिल रहा है। भारत टेक्स विश्व स्तर पर नीति निर्माताओं, सीईओ और उद्योग के नेताओं के बीच सगाई, सहयोग और साझेदारी के लिए एक मजबूत मंच बन रहा है। मोदी ने कहा कि पिछले साल उन्होंने कपड़ा उद्योग में फार्म, फाइबर, फैबरिक, फैशन और फॉरेन जैसे 5एफ फैक्टर्स की बात की थी। यह विजन अब भारत के लिए एक मिशन बनता जा रहा है। इससे किसान, बुनकर, डिजाइनर और व्यापारी के लिए ग्रोथ के नये रास्ते खोल रहा है।

**चुराचांदपुर में 07 संदिग्ध केएनए विद्रोही गिरफ्तार...**
बरामद सामान में 02 एके-47 राइफल, एक 7.62 असॉल्ट राइफल, तीन सिंगल बोर राइफल, 10 एके-47 मैगजीन, 654 जिंदा कारतूस (7.62 मिमी), 19 सिंगल बोर कारतूस, छह मोबाइल फोन, तीन बाओफेंग रेडियो सेट, चार पावर बैंक, एक डायनेमो और बैटरी, तीन खुकरी, तीन मैगजीन पाउच, चार कंधे पर टांगने वाले बैग, एक टॉर्च और एक चार पहिया वाहन (मारुति जिप्सी) शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने सभी आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आशंका है कि वे किसी बड़ी साजिश में शामिल थे।

**न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक घोटाला...**
पूछताछ करने की कोशिश की, लेकिन जांच में सहयोग न करने पर शाम को पुलिस ने मेहता को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने मेहता के साथी धर्मेस पौन को भी गिरफ्तार किया था। इन दोनों को पुलिस ने रविवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने हितेश मेहता और धर्मेश पौन को 21 फरवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

**चेंज ऑफ गार्ड समारोह, अगले सप्ताह से बड़ी संख्या में लोग बनेंगे गवाह...**
साथ इस प्रभावशाली समारोह का गवाह बन सकते हैं। इसमें राष्ट्रपति के अंगरक्षक और औपचारिक गार्ड बटालियन के सैनिकों और घोड़ों द्वारा सैन्य अभ्यास नये प्रारूप का हिस्सा होगा।

**फटाका कम्पनी में भीषण विस्फोट, दो की मौत...**
यह कम्पनी आतिशबाजी बनाती है। आग इतनी भीषण थी कि कम्पनी का एक हिस्सा जल कर खाक हो गया। दुर्घटना रविवार दोपहर करीब दो बजे घटी। विस्फोटों के झटके 20 किलोमीटर दूर तक महसूस किये गये। उधर, विस्फोट से कम्पनी की छत गिरने के चलते दो मजदूरों की मौत हो गयी। मृतक मजदूरों के नाम मुनीश मडावी (34, निवासी मंडला, मध्य प्रदेश) और भूरा लक्ष्मण रजाक (25, निवासी सिवनी, मध्य प्रदेश) हैं। जबकि घायलों के नाम घनश्याम लोखंडे और सोहेल शेख हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस, अग्निशमन और स्वास्थ्य सेवा की टीमें मौके पर पहुंचीं। इस बीच, कम्पनी के सामान आग में नष्ट हो गये। इससे कम्पनी को भारी नुकसान हुआ है। इस दुर्घटना में मरनेवालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। फिलहाल, विस्फोट का कारण अभी तक ज्ञात नहीं है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से इलाके में हड़कम्प मचा है।

**राफेल-एम से ज्यादा क्षमता वाला होगा डेक बेस्ड फाइटर, ले जा सकेगा ज्यादा हथियार...**
यह फाइटर 26 टन का होगा और आसानी से उड़ान और लैंड कर सकेगा। इसका डिजाइन रिव्यू फेज में है, जिसमें सारे सिस्टम को बनाकर इंटीग्रेट करते हैं। अभी एयरफ्रेम डिजाइन पर काम कर रहे हैं। जून तक इसका डिजाइन पूरा हो सकता है। फिर क्रिटिकल डिजाइन पर काम करेगा। 2028 तक इसे तैयार करने की योजना है और यह इस पर भी निर्भर होगा कि इसे कब अप्रूवल मिलेगा। डायरेक्टर ने बताया कि इसकी टिप पर मिसाइल, शॉर्ट रेंज मिसाइल, बियॉन्ड विजुवल रेंज मिसाइल लग सकती है। साथ ही, लेजर गाइडेड बॉम्ब के साथ ही यह ब्रह्मोस भी कैरी कर सकेगा। इसमें एडवांस सेंसर लगेंगे और रेडार टिल्ट हो सकेंगे जिससे इसकी रेंज बढ़ेगी। यह कई तरह के बॉम्ब कैरी कर सकेगा। उन्होंने कहा कि एयरक्राफ्ट कैरियर में स्टोरेज की जगह बहुत कम होती है इसलिए इसके विंग फोल्ड हो जायेंगे। एक टीईडीबीएफ से दूसरे टीईडीबीएफ को मिड एयर ही रीफ्यूल भी किया जा सकेगा। राफेल-एम से यह कितना अलग होगा, इस पर उन्होंने कहा कि इसकी वजन ढोने की क्षमता भी ज्यादा होगी। यह ज्यादा हथियार ले जा सकेगा और इसमें ज्यादा फ्यूल भर सकेगा। ज्यादा फ्यूल आने से यह लॉन्ग रेंज मिशन को भी अंजाम दे सकता है।

**महाकुम्भ में बने रिकॉर्ड, लगातार 33 दिन तक रुद्री पाठ संहिता का हुआ 11,151 बार पाठन...**
समाप्त हुई। महाकुम्भ मेले के दौरान इसे आधिकारिक तौर पर एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में पंजीकृत किया गया।
उल्लेखनीय है कि 180 से अधिक शहरों के ब्रह्मज्ञानी वेदपाठियों ने विश्व शांति और मानवता के कल्याण को बढ़ावा देने के महान इरादे से इन मंत्रों का निःस्वार्थ भाव से उच्चारण करने का संकल्प लिया। सभी वेदपाठियों ने इस कीर्तिमान में योगदान दिया। ये वेदपाठी दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य हैं, जिन्होंने महाकुम्भ में इस भव्य आध्यात्मिक प्रसाद में भाग लिया है।

**इंडोनेशिया पहुंचे नौसेना के जहाज और विमान...**
इसके अतिरिक्त चालक दल बहुराष्ट्रीय गतिविधियों ; जैसे शहर परेड, मूंगा और मैंग्रोव पौधरोपण, समुद्र तट की सफाई में भी शामिल होगा, जो पर्यावरण संरक्षण और समुद्री सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। आईएफआर के बाद आईएनएस शार्दुल और पी-8आई अभ्यास कोमोडो में भाग लेंगे। यह बहुपक्षीय नौसैनिक अभ्यास है, जिसका उद्देश्य समुद्री अंतर-संचालन और क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाना है।
भारत और इंडोनेशियाई नौसेना के मजबूत सम्बन्ध हैं, क्योंकि पिछले माह जनवरी में इंडोनेशिया में हुए अभ्यास 'ला पेरोस' में आईएनएस मुंबई और पी-8आई विमान ने भागीदारी की थी। इस बार गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो के साथ उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आया था। इसी हिस्से के रूप में इंडोनेशियाई नौसेना के चीफ ऑफ स्टाफ एडमिरल मुहम्मद अली भी भारत यात्रा पर आये थे। इस अभ्यास में भारतीय नौसेना की नियमित भागीदारी क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) को बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय नौसेनाओं के साथ जुड़ने की भारतीय प्रतिबद्धता की पुष्टि है।

**नयी दिल्ली स्टेशन हादसा रेलवे की बड़ी नाकामी, रेल मंत्री दें इस्तीफा : सुप्रिया...**
उन्होंने कहा कि हादसे की दुखद घटना को स्वीकार करने के बजाय आंकड़ों को छुपाया जा रहा था। नयी दिल्ली रेल हादसा सीधे तौर पर प्रशासनिक व्यवस्था की नाकामी है। श्रीनेत ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि हादसे से कुछ देर पहले ही रेलवे की सुरक्षा समीक्षा बैठक हुई थी। क्या यह केवल औपचारिकता भर थी। दूसरी ओर, हादसे के पहले हर घंटे 1500 से अधिक प्लेटफार्म टिकट बिक रहे थे। क्या प्रशासन को अंदाजा नहीं था कि इतनी भीड़ आनेवाली है। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि रेलवे प्रशासन की नाकामी के कारण आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दम घुटने से 18 लोगों की मौत हो गयी, जिसमें 09 महिलाएं, 04 पुरुष और 05 बच्चे शामिल हैं। हादसे के चश्मदीदों की बातें सुन कर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुलियों ने शवों को लाद-लाद कर बाहर निकाला। वहां पुलिस प्रशासन और एम्बुलेंस की व्यवस्था तक नहीं थी।

**हत्या मामले में दो युवक गिरफ्तार...**
इनकी लुआउट नोटिस भी जारी हो चुकी है। पकड़े गये आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ की जायेगी। गिरफ्तार दोनों भाइयों की पहचान संदीप और प्रदीप के रूप में हुई है। यह पटियाला में राजपुरा के रहनेवाले हैं। पुलिस के अनुसार पटियाला के राजपुरा सिटी थाने में 25 जून 2023 को दर्ज एफआईआर के मुताबिक शिकायतकर्ता हरमनजोत ने बताया था कि दाना मंडी के करीब उनकी रेहड़ी लगती है। वहां 25 जून की रात हसमुख सिंह उनकी रेहड़ी पर आया। उसके साथ उसका झगड़ा हो गया। उसने अपने दोस्तों संदीप सिंह उर्फ सनी और प्रदीप सिंह को बुला लिया। इन आरोपितों ने शिकायतकर्ता हरमनजोत के भाई सचंदर सिंह और फूफा सरवन सिंह पर हमला कर दिया था। इस हमले में सरवन सिंह की मौत हो गयी थी। इसके बाद दोनों आरोपी डंकी रुट से अमेरिका फरार हो गये। अब उन्हें डिपोर्ट किये जाने पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# होम लिफ्ट्स ब्रांड एलीट एलीवेटर्स की नयी एक्स300 और एक्स300 प्लस होम लिफ्ट्स लॉन्च

**इंदौर** : प्रीमियम होम लिफ्ट सेगमेंट में प्रमुख ग्लोबल लीडर, एलीट एलीवेटर्स ने अत्याधुनिक एलीट एक्स300 और एक्स300 प्लस होम लिफ्ट्स लॉन्च की हैं। ये उन्नत लिफ्ट्स लग्जरी, नई टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबिलिटी का बेहतरीन मेल हैं, जो आधुनिक घरों के लिए एक नया अनुभव लेकर आएँगी। कंपनी की योजना वर्ष 2025 में अमेरिका और कनाडा जैसे नए बाजारों में अपनी पहुंच का विस्तार करना है। यह कदम न सिर्फ होम लिफ्ट अनुभव को नया आयाम देगा, बल्कि कंपनी को अपनी विकास यात्रा में नई ऊँचाइयों पर भी ले जायेगा। कंपनी की प्रगति पर खुशी व्यक्त करते हुए, एलीट एलीवेटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, श्री विमल बाबू ने कहा, ₹वर्ष 2030 तक भारतीय होम लिफ्ट बाजार के 8-9% सीएजीआर की दर से बढ़ने की उम्मीद है।



ऐसे में, हम इस विस्तार का पूरा लाभ उठाने के लिए तैयार हैं। वर्ष 2025 में हमारा लक्ष्य नई प्रोडक्ट रेंज की वार्षिक उत्पादन क्षमता को 3,000 यूनिट्स तक ले जाना है। एलीट एक्स300 और एक्स300 प्लस दुनिया के सबसे स्मार्ट होम एलीवेटर्स प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। ये एलीवेटर्स नवाचार, स्थिरता और लग्जरी का बेहतरीन मेल हैं, जो दुनिया भर के तमाम होम ऑनर्स के लिए सुलभ हैं। एलीट एक्स300 ने इंडस्ट्री में नए मानक स्थापित किए हैं। इसकी डायनेमिक मोटर 1 मीटर प्रति सेकंड तक की तेज रफ्तार प्रदान करती है, जो पारंपरिक होम लिफ्ट्स की तुलना में दोगुनी है। इसका गियरलेस बेल्ट ड्राइव सिस्टम बेहद शांत और स्मूद राइड का अनुभव करता है। साथ ही, इसके मल्टी-मोड परफॉर्मेंस सिस्टम के माध्यम से उपयोगकर्ता स्पोर्ट्स, कम्फर्ट, इको या पर्सनलाइज्ड मोड चुन सकते हैं, जिससे उन्हें उनकी सुविधा के अनुसार अनुभव मिलता है। यह लिफ्ट स्पेशियस केबिन्स, मैग्नेटिक-ड्रिवन रेल्स और ग्रीसलेस कंपोनेंट्स से लैस है, जिसमें बेहतरीन परफॉर्मेंस और कम मेंटेनेंस की सुविधा मिलती है। ऐसे में, समझदार होम ऑनर्स के लिए यह हर दृष्टि से बेहतरीन विकल्प है। एलीट एक्स300 प्लस ने नवाचार को एक कदम आगे बढ़ाते हुए अनोखे और कस्टमाइज फीचर्स पेश किए हैं। इसमें कस्टमाइजेबल फ्लोर नेम्स, पर्सनलाइज्ड स्क्रीनसेवर्स और ऐप-बेस्ड कंट्रोल जैसी सुविधाएं शामिल हैं। इसे और खास बनाते हुए, यह लिफ्ट कस्टम बैकग्राउंड म्यूजिक, वॉइस अनाउंसमेंट्स और फ्लोर-रिस्ट्रिक्टेड एक्सेस जैसे विकल्प प्रदान करती है। ये विशेषताएं इसे एक स्टाइलिश और कार्यात्मक लिफ्ट अनुभव के साथ पूरी तरह से व्यक्तिगत बनाती हैं। एक्स300 और एक्स300 प्लस में एरर नोटिफिकेशन सिस्टम और रिमोट डायग्नोस्टिक्स जैसे अत्याधुनिक फीचर्स के लिए कैनबस कनेक्टिविटी दी गयी है, जो बेहतरीन सुरक्षा और सुविधा प्रदान करती है। इन लिफ्ट्स को पाउडर-कोटेड फ्रेम के साथ तैयार किया गया है, जो इन्हें मजबूत और टिकाऊ बनाता है। इन इनोवेशन्स के साथ ही एक्सशाफ्ट भी शामिल है, जो एक शानदार ग्लास स्ट्रक्चरल सपोर्ट सिस्टम है।

## एक झलक

### स्टारलिंक बांग्लादेश में देगी इंटरनेट सेवा!

**ढाका :** एलन मस्क की स्टारलिंक कंपनी करीब 100 देशों में अपनी सेवा दे रही है और जल्दी ही इस सूची में भूटान के बाद बांग्लादेश का नाम भी जुड़ सकता है। बांग्लादेश सरकार प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने एक ट्वीट में इसकी जानकारी दी। मस्‍ की कंपनी ने अब तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। यूनुस का दावा है कि उन्होंने स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट सेवा के लिए संभावित सहयोग पर मस्क के साथ बातचीत की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बांग्लादेश में जल्द ही यह सेवा शुरू हो जाएगी। मोहम्मद यूनुस ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि बांग्लादेश में स्टारलिंक की सर्विस शुरू करने के लिए मस्क ने आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि हाई-स्पीड और कम लागत वाली इंटरनेट कनेक्टिविटी बांग्लादेश में डिजिटल विभाजन को पाट सकती है।

### माली में सोने की खदान ढहने से 48 की मौत

**माली :** पश्चिम अफ्रीकी के माली में सोने की खदान ढहने से 48 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर महिलाएं हैं। बताया जा रहा है कि यह खदान अवैध रूप से संचालित की जा रही थी। यह हादसा कायेस क्षेत्र के केनीबा जिले में स्थित डाबिया कम्यून के एक गांव बिलालकोटो में हुआ। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारी ने कहा कि कैटरपिलर मशीन एक कारीगर खदान पर गिर गई, जहां महिलाएं सोने की तलाश का काम कर रही थीं। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि 48 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि करीब 10 गंभीर रूप से घायल हुए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूत्रों ने बताया कि करीब 50 मौतों की रिपोर्ट है। अभी अस्थायी तौर पर भी सटीक संख्या की पुष्टि करना मुश्किल है, क्योंकि कुछ चोटों की गंभीरता के कारण किसी भी समय यह संख्या बढ़ सकती है। राहत और बचाव कार्य जारी है।

### बिना दवा दारू के 01 साल में 82 किलो वजन घटाया

**एडिनबरा :** स्कॉटलैंड के एक 24 वर्षीय युवक चिडविक का वजन 175 किलोग्राम था। उसने अपने वजन को घटाने के लिए कोई दवा दारू का सहारा नहीं लिया। वजन घटाने के लिए उसने अपने खान-पान में बदलाव किया। जंक फूड खाना पूरी तरह से बंद कर दिया। हल्का वर्कआउट शुरू किया, धीरे-धीरे एक्सरसाइज का समय बढ़ाया। रोजाना कम से कम 1 किलोमीटर तेज स्पीड से पैदल चलना शुरू किया। 1 साल के अंदर 82.55 किलोग्राम कम करने में उसने सफलता हासिल की। पहले वह जंक फूड खाता था। वजन को घटाने के लिए जंक फूड बंद कर दिया। खान-पान में परिवर्तन करने मात्र से अब पूरी तरह स्वस्थ है। अब उसका वजन 92.45 किलोग्राम है। वजन घटाने के लिए उसे इंजेक्शन लगवाने की सलाह दी गई थी। लेकिन उसने इंजेक्शन लगवाने से मना कर दिया था।

### पाकिस्तान से कैलिफोर्निया तक कांपी धरती

**इस्लामाबाद :** बीते रोज पाकिस्तान में देर रात धरती कांपने लगी। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। कई लोग नींद थे उन्हे जगाया गया और बाहर निकलने को कहा गया। हालांकि कोई क्षति नहीं हुई है। वहीं अमेरिका के कैलिफोर्निया में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। पाकिस्तान के रावलपिंडी और इस्लामाबाद में शनिवार देर रात जब लोग सो रहे थे, तभी भूकंप के कारण धरती हिल गई। पाकिस्तान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। पाकिस्तान मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, भूकंप का केंद्र रावलपिंडी से आठ किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में था। इसकी गहराई 17 किलोमीटर थी। भूकंप का झटका रात 10:48 बजे दर्ज किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक झटके मुरी और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भी महसूस किए गए। झटके के कारण अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है।

# विदेश से हथकड़ी में वापस आने के बाद भी विदेश जाने की होड़

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासी हथकड़ी और बेड़ी में जकड़कर अमेरिका की सरकार ने सेना के विमान से भारतीय प्रवासियों को वापस भेज रही है। कनाडा और ब्रिटेन से भी अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजने की इसी तरह की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उसके बाद भी बड़े पैमाने पर, अभी भी, अवैध तरीके से युवाओं का विदेश जाना निर्वाध रूप से चालू है। ऐसी स्थिति को देखकर क्या कहा जा सकता है।
भारत के युवाओं को अवैध रास्ते से अवैध तरीके से विदेश में भेजने का काम निर्वाध रूप से जारी है। एजेंट 35 लाख रुपए में अमेरिका और 25 लाख रुपए में कनाडा भेजने के लिए बुकिंग कर रहे हैं। जो युवा 35 लाख रुपए दे रहे हैं। एजेंट

- 35 लाख में अमेरिका 25 लाख में कनाडा ?
- भारत से अवैध तरीके से विदेश क्यों जाना चाहता है युवा ?



उन्हें अमेरिका के एयरपोर्ट में उतारने का कांटेक्ट ले रहे हैं। 25 लाख रुपए में कनाडा भेजने का कांटेक्ट ले रहे हैं।
पंजाब के लुधियाना में इस तरह के एजेंट बड़े पैमाने पर अभी भी काम कर रहे हैं। अमेरिका में अभी वर्क वीजा बंद है। केवल विजिट वीजा के रूप में अमेरिका जाया जा सकता है। एजेंट युवाओं के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। इस धोखाधड़ी के शिकार बड़े पैमाने पर युवा और युवती हो रहे हैं।

**धोखेबाज एजेंटों पर कार्यवाही क्यों नहीं**

एक मीडिया हाउस ने हाल ही में अवैध रूप से विदेश में जाने के लिए खोजी रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट के अनुसार चंडीगढ़ मे कई इमीग्रेशन एजेंट काम कर रहे हैं। एजेंट युवाओं को पहले यूके जाने की सलाह दे रहे हैं। वहां के दस्तावेज तैयार कर दिए जाएंगे। डिग्री के लिए 200000 अतिरिक्त लगेंगे। वहां पढ़ने की जरूरत नहीं है। डिग्री को वेरीफाई भी करा देंगे। नौकरी भी दिलाने का आश्वासन देते हैं।

**दुबई के माध्यम से हवाई यात्रा**

अमेरिका के लिए 35 लाख रुपए, कनाडा के लिए 25 लाख रुपए की डिमांड की जा रही है। एजेंट का कहना था, विदेश इसी मार्ग से और इसी तरीके से जाया जा सकता है। अभी जो कार्रवाई हो रही है। कुछ दिनों के बाद बंद हो जाएगी। पंजाब और हरियाणा के गांवों में इन एजेंटों द्वारा अपने एजेंट खड़े कर दिए हैं। जो विदेश जाने के इच्छुक युवा यूवतियों की तलाश करते हैं। यह एजेंट 40 से 50 लाख रुपए तक वसूल कर लेते हैं। अभी भी करनाल, कैथल और कुरुक्षेत्र मैं अवैध रूप से युवाओं को विदेश ले जाने का धंधा जोरों पर चल रहा है। भारत में रोजगार और नौकरी के अवसर नहीं होने के कारण भारत के युवा हर हालत में वेध और अवैध रूप से विदेश जाना चाहते हैं। वह इसके लिए कोई भी जोखिम उठाने के लिए तैयार हैं। डंकी रूट से जो एजेंट अवैध रूप से इन्हें यूरोपीय देशों में प्रवेश कराते हैं।

# गुजरात बना वित्तीय अनुशासन का मॉडल

एजेंसी

**गांधीनगर :** गुजरात ने वित्तीय अनुशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) की नवीनतम रिपोर्ट में देश के 21 बड़े राज्यों में सबसे कम ऋण-से-जीएसडीपी अनुपात होने का गौरव हासिल किया है। एनसीएईआर की रिपोर्ट के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2012-13 से लेकर 2022-23 तक यानी 10 सालों में गुजरात ने लगातार वित्तीय अनुशासन दिखाते हुए अपने ऋण-से-जीएसडीपी अनुपात को 4.5 प्रतिशत तक कम कर लिया है। उल्लेखनीय है कि ऐसा करने वाला गुजरात देश का एकलौता राज्य है।
अपने इसी प्रदर्शन को जारी रखते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी गुजरात ने अपना ऋण-से-जीएसडीपी अनुपात 2022-23 में 18.9 प्रतिशत की तुलना में घटाकर 18.2 प्रतिशत किया है। इस रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि गुजरात ने इसी समयावधि में 12 प्रतिशत की जीएसडीपी दर हासिल की और वित्तीय घाटे को मात्र 0.3 प्रतिशत तक सीमित रखने में सफलता प्राप्त की है।

**वित्तीय अनुशासन में गुजरात 96.7 प्रतिशत औसत अनुपालन के साथ देश में शीर्ष**

**वित्तीय** प्रबंधन में गुजरात के इन उपलब्धियों के पीछे कुछ प्रमुख कारण रहे हैं। इनमें राजस्व घाटा नियम का 90 प्रतिशत अनुपालन प्रमुख कारकों में से एक है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य ने अपने राजस्व खाते को संतुलित बनाए रखा है। वहीं, गुजरात ने राजकोषीय घाटा नियम का 100 प्रतिशत अनुपालन यह दशार्ता है कि गुजरात ने निर्धारित राजकोषीय घाटे की सीमा का पूरी तरह पालन किया। इतना ही नहीं, आउटस्टैंडिंग लायबिलिटीज नियम में भी 100 प्रतिशत अनुपालन से यह स्पष्ट होता है कि राज्य ने अपने ऋण बोझ को पूरी तरह नियंत्रित रखा और अनावश्यक उधारी से बचा। इन आंकड़े को समग्र रूप से देखें तो गुजरात ने इन तीनों महत्वपूर्ण वित्तीय अनुपालन नियमों में औसत अनुपालन 96.7 प्रतिशत दर्ज किया है जो देश में सबसे अधिक है और इस तरह से ये आंकड़े गुजरात को वित्तीय अनुशासन में शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बनाते हैं।
उल्लेखनीय है कि नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च भारत का प्रमुख आर्थिक थिंक टैंक है, जो आर्थिक नीति और विकास से जुड़े गहन शोध करता है। यह संस्थान सरकार और निजी क्षेत्र के बीच एक प्रभावी भागीदार के रूप में कार्य करता है। 1956 में स्थापित यह संस्था आर्थिक अनुसंधान के क्षेत्र में विश्वसनीयता और विशेषज्ञता के लिए जानी जाती है।

## ■ 21 बड़े राज्यों में सबसे कम ऋण-से-जीएसडीपी अनुपात

### वित्तीय नियमों में 96.7 प्रतिशत औसत अनुपालन के साथ गुजरात में देश में शीर्ष स्थान पर



### गुजरात की उपलब्धि पर मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने की सराहना

**मुख्यमंत्री** भूपेन्द्र पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ‘गुजरात ने ऋण-से-जीएसडीपी अनुपात में 4.5 प्रतिशत की कमी दर्ज की है, जो देश के 21 प्रमुख राज्यों में सर्वाधिक सुधार है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और हमारी सरकार की मजबूत वित्तीय नीतियों का परिणाम है।'

### गुजरात की वित्तीय रणनीति बनी अन्य राज्यों के लिए मिसाल

**भारतीय** रिजर्व बैंक की स्टेट फाइनेंसेस रिपोर्ट ने भी गुजरात की वित्तीय मजबूती की पुष्टि की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों की तुलना में गुजरात की प्रतिभूतियों पर ब्याज दर का अंतर सबसे कम है, जो राज्य की मजबूत आर्थिक स्थिति को दशार्ता है। नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (एनसीएईआर) के विशेषज्ञ बैरी आइशेंग्रीन और पूनम गुप्ता के अनुसार, गुजरात उन चुनिंदा राज्यों में शामिल है, जहां ऋण-से-जीएसडीपी अनुपात 20 प्रतिशत से कम है। यह आंकड़ा पंजाब जैसे राज्यों की तुलना में बेहद कम है, जहां यह अनुपात 50 प्रतिशत के करीब है।

# जीआईएस में ओडीओपी एक्स-पो से लोकल उत्पादों को मिलेगा ग्लोबल मंच : डॉ. यादव

एजेंसी

**भोपाल :** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में एक्स-पो माध्यम से हम अपने स्थानीय उत्पादों को वैश्विक मंच देने जा रहे हैं, जिससे प्रदेश के उद्योगों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को नई पहचान मिलेगी। यह एक्स-पो न केवल हमारे कारीगरों के कौशल को प्रदर्शित करेगा, बल्कि उन्हें नए व्यावसायिक अवसर भी प्रदान करेगा।' मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रविवार को एक बयान में कहा कि भोपाल में आयोजित होने वाली दो दिवसीय ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में 'एक जिला-एक उत्पाद' एक्स-पो प्रदेश के पारंपरिक उद्योगों और हस्तशिल्प को वैश्विक मंच प्रदान करेगा। इसमें मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों के विशिष्ट उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे स्थानीय शिल्प, कृषि और खाद्य उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान मिलेगी।




### ओडीओपी जोन: परम्परा और नवाचार का संगम

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि एक्स-पो में प्रदेश के 38 ओडीओपी उत्पादों के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया है। लाइव काउंटर में बाघ प्रिंट, जरी जरदोजी, बाटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों के निर्माण की प्रक्रिया को कारीगरों द्वारा लाइव प्रस्तुत किया जाएगा।

## रुपये से भरा बैग लूटनेवाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर :** मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 10 लाख 9 हजार रुपये से भरा बैग लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूट गया बैग और बाइक बरामद की गई है। बताया जा रहा है कि पुलिस कार्रवाई के दौरान एक आरोपित नाले में गिर गया। इससे पैर फ्रैक्चर हो गया। फिलहाल पुलिस आरोपितों से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि मालपुरा गेट थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पैसे से भरा बैग लूटने वाले विष्णु शर्मा (32) निवासी सांगानेर जयपुर और बालकिशन उर्फ रवि बालकिशन (35) मुहाना मंडी जयपुर को गिरफ्तार किया गया।

## देश के विकास में बैंकिंग प्रणाली की महत्त्वपूर्ण भूमिका : फडणवीस

एजेंसी



**मुंबई :** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि देश के विकास में बैंकिंग प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत किया है और हर नागरिक को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ा है। आज भारत के हर नागरिक का बैंक खाता है, जिससे डिजिटल पहचान बनी है और आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल रहा है।
मुख्यमंत्री फडणवीस रविवार को चंद्रपुर के प्रियदर्शिनी इंदिरा सभागृह में आयोजित सन्मित्र महिला नागरी सहकारी बैंक के रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सन्मित्र महिला नागरी सहकारी बैंक ने सफलतापूर्वक 25 वर्ष पूरे किए हैं और यह विदर्भ की अग्रणी सहकारी बैंकों में से एक है। महिलाएं अर्थशास्त्र को समझती हैं और बचत करना उनका स्वाभाविक गुण है। सहकारी बैंकों पर आम नागरिकों का भरोसा होता है, और यह बैंक भी जिम्मेदारी से कार्य कर रही है।

## नीता अम्बानी को मैसाचुसेट्स की गवर्नर ने किया सम्मानित

एजेंसी

**मैसाचुसेट्स :** रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन नीता अम्बानी को अमेरिका के राज्य मैसाचुसेट्स की गवर्नर मौरा हीली ने सम्मानित किया है। नीता अम्बानी को दिए प्रशस्ति पत्र में उन्हें एक दूरदर्शी और परोपकारी व्यक्तित्व के रूप में मान्यता दी गयी है। बोस्टन में एक विशेष समारोह में नीता अम्बानी को यह सम्मान मिला।
गवर्नर ऑफिस ने कहा है कि 'यह सम्मान नीता अम्बानी के शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, खेल, कला, संस्कृति और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये गये प्रभावी काम और उनके समर्पण भाव का सम्मान है- जिसने भारत और वैश्विक स्तर पर लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित किया है।'



नीता अम्बानी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय कला, परम्परा व संस्कृति के प्रदर्शन का कोई अवसर नहीं गंवाती। बोस्टन में हुए समारोह में भी नीता अम्बानी ने भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत की प्रतीक और हाथ से बुनी हुई शिकारगाह बनारसी साड़ी पहनी। जटिल बुनाई तकनीक और पारम्परिक कोन्या डिजाइन वाली यह साड़ी, भारतीय शिल्प कौशल की मिसाल है।

## कर्नाटक में 21 मार्च से होगी संघ की सभा

**नागपुर :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक 21 से 23 मार्च को बेंगलुरू के चेलनड्डी में होगी। इस बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सबसे बडी नीति निर्धारक समिति है। संघ प्रतिवर्ष देश के विभिन्न प्रांतों में प्रतिनिधि सभा की बैठक आयोजित करता है। इस बार यह बैठक बेंगलुरू के चेलनड्डी में 21 मार्च से 23 मार्च तक होगी। जानकारी के अनुसार बेंगलुरु के चेलनड्डी में आयोजित बैठक में संघ शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी।

## हीरो नम्बर वन बिग बी, हीरोइन नम्बर वन बनी दीपिका

**मुंबई :** एक सर्वे में अमिताभ बच्चन देश के नम्बर 1 हीरो और दीपिका पादुकोण नम्बर 1 हीरोइन बनी हैं। अगस्त 2024 में भी सर्वे का यहीं नतीजा था, और इस बार भी इनका जलवा बरकरार है। वहीं, पुष्पा भाऊ अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना भी उन्हें दमदार टक्कर दे रहे हैं। वे नंबर 3 पर हैं, लेकिन फिर भी बिग बी और दीपिका की बादशाहत को तोड़ नहीं सके हैं। यह पहला सर्वे है, जिसमें अगस्त 2024 से फरवरी 2025 तक के ट्रेंड्स को ध्यान में रखा गया है, लेकिन नतीजे बताते हैं कि बिग बी और दीपिका की बादशाहत अब भी कायम है! दीपिका अपनी धमाकेदार फिल्मों की बदौलत अब भी दर्शकों की फेवरेट बनी हुई हैं। कल्कि 2898 एडी की ग्लोबल सक्सेस और सिंघम अगेन में 'लेडी सिंघम' के दमदार अंदाज ने उन्हें टॉप पर बनाए रखा है। वहीं, ऐश्वर्या राय बच्चन, जो आखिरी बार मणिरत्नम की पोन्नियिन सेलवन फिल्मों में दिखी थीं, दूसरे नंबर पर आ गई हैं। रश्मिका मंदाना अपनी सुपरहिट फिल्म पुष्पा के कारण तीसरे स्थान पर हैं, जबकि कंगना रनौत अपनी फिल्म इमरजेंसी के साथ चौथे पायदान पर हैं। दीपिका सिर्फ भारत की सबसे बड़ी सुपरस्टार ही नहीं, बल्कि एक ग्लोबल आइकन भी हैं, जो इंटरनेशनल लेवल पर देश को शानदार तरीके से रिप्रेजेंट कर रही हैं।





# मां गंगा से समस्त देशवासियों के आरोग्य एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की : गडकरी

एजेंसी

**महाकुम्भ नगर :** आस्था, आध्यात्म और सनातन परम्परा के अद्भुत समागम एवं भारतीय संस्कृति और परंपराओं के अनवरत प्रवाह महाकुम्भ में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान रविवार को प्रयागराज पहुंचे । उन्होंने मां गंगा, मां यमुना एवं अन्त:सलिला सरस्वती की पावन त्रिवेणी संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाई।
केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोशल मीडिया एक्स पर 'प्रयागराज, हर-हर गंगे! लिखकर दिव्य एवं भव्य महाकुम्भ को याद किया है। उन्होंने लिखा है कि 'मैं आज पवित्र संगम में स्नान और पूजा-अर्चना का सौभाग्य प्राप्त हुआ! पवित्र, निर्मल माँ गंगा का आशीर्वाद मिला। मैं माँ गंगा से समस्त देशवासियों के आरोग्य एवं सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। इसके पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी के प्रयागराज हवाई अड्डे पर पहुंचने पर उनका स्वागत किया।

- महाकुम्भ, सनातन सभ्यता, संस्कृति, दर्शन और हमारी शाश्वत परंपराओं की जीवंतता का प्रमाण : धर्मेंद्र प्रधान
- केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और धर्मेन्द्र प्रधान ने पवित्र संगम में लगायी आस्था की डुबकी





केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि महाकुम्भ 2025 में भाग लेने का अवसर मिला। हम यहां आकर बेहद खुश हैं। उन्होंने संगम में डुबकी लगाने के बाद अपने संदेश में कहा है कि 'महाकुम्भ, सनातन सभ्यता, संस्कृति, दर्शन और हमारी शाश्वत परंपराओं की जीवन्तता का प्रमाण है। माँ गंगा, माँ यमुना और माँ सरस्वती की दिव्य धाराओं के संगम में सपरिवार आस्था की डुबकी लगाना मेरा असीम सौभाग्य है। एकता के महाकुंभ में अमृत स्नान मेरे लिए एक अविस्मरणीय अनुभूति है। माँ गंगा सभी का कल्याण करें, यही कामना है। हर हर गंगे।इससे पूर्व उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने धर्म एवं अध्यात्म की पावन नगरी तीर्थराज प्रयाग में केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी को कुंभ कलश प्रदान कर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि विश्व को भारत की सनातन संस्कृति से परिचित कराता यह महाकुम्भ देश की सांस्कृतिक पुनरोत्थान और जागरण का प्रतीक बना है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की जीवंत अभिव्यक्ति है, जहां संपूर्ण देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालु एक ही आस्था, एक ही संस्कृति और एक ही भावना में बंधे होते हैं। केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने इस पावन अवसर पर सनातन परंपराओं की भव्यता को नमन किया और कहा कि महाकुंभ भारतीय संस्कृति की एकता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है, जो हमें एक सूत्र में बांधता है।